आश्विन कृष्ण पक्ष षष्ठी उपरांत 01:50 सप्तमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 23 सितंबर 2024

वर्ष 4, अंक 217, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

हल्द्वानी

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अनुरा दिसानायके श्रीलंका के नए राष्ट्रपति चुने गए 14

27 को फिर से रिलीज होगी ऐश्वर्या की ताल 13

## ऋषिकेश में डूबे दिल्ली के दो युवक

- तलाश में जुटी एसडीआरएफ नहीं लगा पता

ब्यूरो, देहरादून



गंगा नदी के किनारे मौजूद रेस्क्यू टीम के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : ऋषिकेश में रविवार सुबह गंगा में नहा रहे दो युवक तेज बहाव में बह गए। दिल्ली से पांच युवक ऋषिकेश घूमने आए थे, नहाने के दौरान हादसा हो गया। एसडीआरएफ की टीम ने सर्च अभियान चलाया, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा है।

पुलिस के अनुसार, कल्याण कैंप दिल्ली निवासी आकाश पुत्र इन्दरपाल, संदीप पुत्र गणेश, सचिन पुत्र राम तीरथ, साकेत दिल्ली निवासी राजीव चौधरी पुत्र सुभाष चंद व शक्ति विहार मीठापुर दिल्ली निवासी महेश पुत्र डाल चंद ऋषिकेश घूमने आए थे। रविवार सुबह पांचों युवक शिवपुरी में गंगा में नहाने के लिए चले गए। युवक गंगा में नहा ही रहे थे कि आकाश (23) और संदीप(23) अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए और बह गए। साथी युवक कुछ समझ पाते कि इससे पहले ही वे आंखों से ओझल हो गए। तीनों युवक तत्काल नदी से बाहर आए और उन्होंने पुलिस को घटना के बारे में बताया। जानकारी मिलते ही एसडीआरएफ व पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और युवकों की तलाश में जुट गए। देरशाम तक टीम युवकों को तलाशती रही लेकिन उनका पता नहीं चल सका।

## दिवाली पर बढ़ सकता है राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता

**लखनऊ, अमृत विचार** : राज्य सरकार दीपावली से पहले 18 लाख राज्य कर्मचारियों का महंगाई भत्ता (डीए) और 8 लाख पेंशनर का महंगाई राहत (डीआर) भत्ता बढ़ाने की घोषणा कर सकती है।

दोनों के वेतन में महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी संभव है। महंगाई भत्ते का जुलाई 2024 से भुगतान किया जाना है। वहीं, अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए बोनस भी विचाराधीन है। सूत्रों ने बताया कि वित्त विभाग और कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आवश्यक प्रस्ताव तैयार कर रखा है। अगले सप्ताह शासनादेश जारी होना संभव है।

## मुख्यमंत्री ने नानकमत्ता साहिब में मत्था टेका

नानकमत्ता/खटीमा

- खटीमा में अपने आवास पर मुख्यमंत्री धामी ने सुनीं जनसमस्याएं

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब पहुंच कर मत्था टेका व प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि के लिए कामना की। मुख्यमंत्री ने नगला तराई में अपने आवास पर जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए।

इसके बाद मुख्यमंत्री डेरा कार सेवा पहुंचे। वहां उन्होंने दिवंगत बाबा तरसेम सिंह के चित्र पर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी अध्यक्ष जोगिंदर सिंह, निदेशक गुरवंत सिंह, प्रकाश सिंह, गुरदयाल सिंह, उपाध्यक्ष किसान आयोग राजपाल सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने खटीमा में नगरा तराई स्थित अपने आवास पर पहुंचे लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान के निर्देश दिए। रविवार को सुबह से ही लोग अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के घर एकत्रित होने लगे थे।

मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी की समस्याएं सुनीं। इसके बाद सीएम धामी मेलाघाट निवासी भाजपा कार्यकर्ता और पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति दिवंगत कन्हैया लाल के घर पहुंचे। वहां उन्होंने कन्हैया लाल को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और परिवार के लोगों से बात कर उन्हें ढांढस बंधाया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह नानकमत्ता स्थित गुरुद्वारा पहुंचे। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जाली नोट की फैक्ट्री का भंडाफोड़, चार गिरफ्तार

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में जाली नोट बनाने वाली एक फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर इस सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि यह फैक्ट्री कपड़ों की ऑनलाइन बिक्री करने वाले एक स्टोर के कार्यालय में चल रही थी। पुलिस उपायुक्त राजदीप नकुम ने कहा कि सूरत पुलिस के एसओजी टीम के अधिकारियों ने शनिवार को सरथाणा इलाके में कार्यालय पर छापा मारा और 1.20 लाख मूल्य के नकली नोटसहित 4 लोगों को गिरफ्तार किया।

### आर्मस्ट्रांग हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग हत्याकांड के एक मुख्य संदिग्ध को शनिवार शाम यहां गिरफ्तार किया गया। घटना के तीन महीने से अधिक समय बाद संदिग्ध अप्पू (40) को गिरफ्तार किया गया है। उसे हत्या करने वाले गिरोह को देसी बम की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई की रात को उत्तरी चेन्नई के सेम्बियम में उनके पेरम्बूर स्थित घर के सामने छह लोगों के एक गिरोह ने हत्या कर दी थी।

### अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार

**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले की पुलिस ने दुबई से संचालित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय ठग गिरोह के पांच सक्रिय सदस्यों को विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किया है। आरोपी टेलीग्राम के माध्यम से लोगो को कम इनवेस्टमेन्ट में ज्यादा मुनाफा देने का लालच देकर ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। इन शातिर ठगों द्वारा ट्रेडिंग एप के माध्यम से लगभग एक करोड़ कीमत के यूएसडीटी (क्रिप्टो करेंसी) का लेन-देन किया गया है। आरोपियों के कब्जे से नगद 01 लाख 39 हजार रुपये एवं घटना में प्रयुक्त 06 मोबाइल कीमत करीब एक लाख 20 हजार जब्त किया गया है।

### दो गुटों के बीच गोलीबारी में एक युवक की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के अजमेर जिले में रविवार को एक दुकान के निर्माण को लेकर दो गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प और गोलीबारी में एक युवक की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने बताया कि दुकान निर्माण को लेकर दो गुटों में विवाद हो गया। दोनों गुटों के बीच लाठी-डंडे और गोलियां चलीं।

# मानवता के लिए क्वाड महत्वपूर्ण

## प्रधानमंत्री मोदी ने कहा-भारत का संदेश स्पष्ट, कायम रहेगा क्वाड

## शिखर सम्मेलन में कहा-संगठन में हर देश की संप्रभुता का सम्मान

विलमिंगटन (अमेरिका), एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) किसी के खिलाफ नहीं है बल्कि यह नियमों पर आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के पक्ष में है। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने मौजूदा कालखंड के तनावों और संघर्षों से घिरे विश्व के लिए साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आस्ट्रेलिया, भारत, जापान एवं अमेरिका के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वाड का मिलकर साथ चलना मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने गृहनगर विलमिंगटन में वार्षिक क्वाड शिखर सम्मेलन की मेजबानी की, जिसमें ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी देश का नाम लिए बगैर कहा कि हम किसी के खिलाफ नहीं हैं। हम सभी नियम-आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता और सभी मुद्दों का शांतिपूर्ण तरीके से समाधान करने के समर्थन में हैं। प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा संदेश स्पष्ट है कि क्वाड कायम रहेगा, सहायता करेगा, साझेदारी करेगा और पूरक बनेगा। उन्होंने कहा कि हमने मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा, महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों, जलवायु परिवर्तन, क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में कई सकारात्मक एवं समावेशी पहल की हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्वाड के नेता ऐसे समय में एकत्र हुए हैं जब पूरी दुनिया तनाव और संघर्षों से घिरी हुई है। ऐसे समय में क्वाड का अपने लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ मिलकर काम करना पूरी मानव जाति के लिए अहम है।

### राष्ट्रपति बाइडेन बोले- चीन हमारी परीक्षा ले रहा

**वाशिंगटन।** चीन को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने क्वाड बैठक में कुछ अनौपचारिक टिप्पणी की लेकिन उन्हें पता नहीं था कि माइक चालू है। हालांकि उनकी इस टिप्पणी ने सबित कर दिया कि अमेरिका चीन की उभरती चुनौती के प्रति कितना गंभीर है। बाइडेन ने अनौपचारिक तौर पर कहा कि चीन क्वाड देशों की परीक्षा ले रहा है। उन्होंने कहा कि चीन लगातार आक्रामक व्यवहार कर रहा है और आर्थिक व प्रौद्योगिकी मुद्दों सहित कई मोर्चों पर पूरे क्षेत्र में हमारी परीक्षा ले रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि तीव्र प्रतिस्पर्धा के लिए गहन कूटनीति की आवश्यकता होती है। बाइडेन की यह टिप्पणी चीन के उभरते खतरे को लेकर अमेरिका की गंभीरता को दर्शाती है।

### हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों में कैंसर के इलाज में भारत देगा महत्वपूर्ण योगदान

**विलमिंगटन।** भारत ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र के देशों में कैंसर की रोकथाम, जांच एवं उपचार तथा क्षमता निर्माण के लिए 75 लाख डॉलर तथा सर्वाइकल कैंसर के वैक्सीन की चार करोड़ खुराक के योगदान की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने क्वाड देशों के नेताओं की शिखर बैठक के इतर शुक्रवार को यहां अमेरिका के राष्ट्रपति जोसेफ आर बाइडेन द्वारा आयोजित क्वाड कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में यह घोषणा की। मोदी ने कहा कि भारत ने सर्वाइकल कैंसर का टीका विकसित कर लिया है और एआई आधारित उपचार प्रोटोकॉल पर काम कर रहा है।



अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग से मलबा हटाती जेसीबी। ● अमृत विचार

## मलबा और बोल्डर आने से अल्मोड़ा हल्द्वानी हाईवे बंद, यातायात हुआ ठप

संवाददाता, अल्मोड़ा

- क्वारब में मलबे से चार घंटे लगा जाम, सड़क के दोनों ओर लगीं वाहनों की लंबी कतारें

**अमृत विचार:** क्वारब के पास मलबा व बोल्डर आने से अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग बंद हो गया। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों का लंबा जाम लग गया। यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि प्रशासन ने जेसीबी से मलबा हटाकर करीब चार घंटे में राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात सुचारू कर दिया।

जिले में बारिश जरूर थम गई है, लेकिन पहाड़ों के दरकने का सिलसिला जारी है। रविवार दोपहर अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के क्वारब पुल से ठीक पहले पहाड़ी का एक हिस्सा भरभराकर सड़क पर गिर गया। बीच सड़क में गिरे मलबे से पूरा हाईवे बंद हो गया। अल्मोड़ा से हल्द्वानी या नैनीताल जाने वाले यात्री रास्ते में फंस गए। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई। मलबे के साथ बोल्डर गिरने से भी काफी असुविधा हुई।

हाईवे बंद होने की सूचना पर पुलिस व आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस जाम में फंसे वाहनों व लोगों को नियंत्रित करने में जुटी रही। वहीं, आपदा प्रबंधन की टीम दोनों तरफ जेसीबी लगाकर सड़क पर गिरे मलबे हटाने में लग गई। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद सड़क पर गिरे मलबे को हटाया जा सका। इसके बाद दोनों ओर से यातायात सुचारू हुआ। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि अल्मोड़ा-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग के पास रविवार दोपहर मलबा आ गया था। जेसीबी से मलबा हटाकर हाईवे खुलवा दिया गया है।

## वक्फ विधेयक पर मिलीं 1.2 करोड़ से अधिक प्रतिक्रियाएं

- संयुक्त संसदीय समिति ने मांगे अतिरिक्त कर्मी

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच कर रही संसदीय समिति को 1.2 करोड़ ईमेल प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई हैं। विभिन्न प्रतिद्वंद्वी समूहों की ओर से इस विधेयक के संबंध में अपने-अपने दृष्टिकोण के प्रति समर्थन जुटाया जा रहा है। संसदीय सूत्रों ने कहा कि भाजपा नेता जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली वक्फ संशोधन विधेयक पर गठित संयुक्त संसदीय समिति को भी दस्तावेजों के साथ 75,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं जिसमें अपने-अपने दृष्टिकोण का समर्थन किया गया है।

इसके कारण समिति को लोकसभा सचिवालय से अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग करनी पड़ी है। सूत्रों ने कहा कि हमने ईमेल प्रतिक्रियाओं की जांच करने और उन्हें वर्गीकृत करने और दर्ज करने के लिए 15 अतिरिक्त कर्मियों को तैनात किया है। कट्टरपंथी इस्लामी उपदेशक जाकिर नाइक ने अपने समर्थकों से मसौदा कानून की जांच कर रही संसदीय समिति को प्रतिक्रिया भेजकर वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध करने की अपील की है। नाइक की अपील पर जवाबी प्रतिक्रिया शुरू हो गई है और कई हिंदू समूहों ने भी अपने समर्थकों से विधेयक के समर्थन में ईमेल लिखने का आग्रह किया है।

## मुरादाबाद डीआईजी की बनाई फर्जी एफबी आईडी



**मुरादाबाद।** साइबर अपराधी ने फेसबुक पर मुरादाबाद के डीआईजी मुनिराज जी के नाम से फर्जी आईडी बना ली। रेंज ऑफिस के सोशल मीडिया प्रभारी ने आईटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने आईडी को डिलीट करा दिया है और मामले की जांच में जुटी है। वरिष्ठ आईपीएस मुनिराज जी वर्तमान में मुरादाबाद रेंज के डीआईजी हैं। उनके कार्यालय में प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग का काम देखते हैं।

## झूठ फैलाकर आस्था को ठेस पहुंचा रहे चंद्रबाबू नायडू

अमरावती, एजेंसी

**तिरुपति लड्डू विवाद**

- आंध्र के पूर्व मुख्यमंत्री जगन ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र फटकार लगाने का आग्रह

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री को आदतन झूठ बोलने वाला करार देते हुए वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के प्रमुख और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने तिरुपति लड्डू में मिलावट के मुद्दे पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से चंद्रबाबू नायडू को फटकार लगाने का आग्रह किया।

प्रधानमंत्री मोदी को लिखे एक पत्र में जगन ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू राजनीतिक उद्देश्यों के लिए करोड़ों लोगों की आस्था को ठेस पहुंचाने के वास्ते इतने निचले स्तर पर उतर गए हैं। वेंकटेश्वर स्वामी के समृद्ध मंदिर के संरक्षक तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) में घी स्वीकार करने की प्रक्रिया का विवरण देते हुए जगन ने आठ पृष्ठों के पत्र में आरोप लगाया कि नायडू के कृत्यों ने न केवल मुख्यमंत्री पद की प्रतिष्ठा को गिराया है, बल्कि सार्वजनिक जीवन में सभी लोगों को भी आहत किया है। साथ ही, टीटीडी और उसकी परंपराओं की पवित्रता को भी ठेस पहुंचाई है। जगन ने अपने पत्र में लिखा कि इस समय पूरा देश आपकी ओर देख रहा है। यह बहुत जरूरी है कि नायडू को झूठ फैलाने के उनके बेशर्म कृत्य के लिए कड़ी से कड़ी फटकार लगाई जाए और सच्चाई सामने लाई जाए।

### उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने शुरू की प्रायश्चित दीक्षा

**विजयवाड़ा।** आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं पंचायत राज मंत्री के. पवन कल्याण ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम में भगवान वेंकटेश्वर को कथित तौर पर पशुओं की चर्बी वाले घी से बने नैवेद्यम का भोग लगाए जाने को लेकर पश्चाताप करने के लिए रविवार को गुंटूर जिले के नम्बुर गांव में वेंकटेश्वर मंदिर में प्रायश्चित दीक्षा शुरू की।

### सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर जांच कराने का अनुरोध

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर कर तिरुपति के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी के कथित इस्तेमाल की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का अनुरोध किया गया है। हिंदू सेना के अध्यक्ष एवं किसान सुरजीत सिंह यादव द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को घी के बजाय पशुओं की चर्बी से तैयार लड्डू प्रसादम प्रदान कर हिंदू धर्म का उपहास किया है और हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। याचिका में कहा गया है कि श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में लड्डू प्रसादम तैयार करने में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल के आरोप ने हिंदू समुदाय की अंतरात्मा को झकझोर दिया है और इसके सदस्यों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

## क्या भाजपा की राजनीति से सहमत है संघ

नई दिल्ली, एजेंसी

- केजरीवाल ने संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत से पूछे पांच सवाल
- भागवत से सवाल के बहाने प्रधानमंत्री मोदी पर साधा निशाना



आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने एक नई राजनीतिक रणनीति के तहत रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों के लिए आरएसएस से जवाब मांगा।

केजरीवाल ने यह कहकर मोदी का कद कम दिखाने की कोशिश की कि आरएसएस ही मुखिया है और उसे अपने बच्चों को नियंत्रण में रखना चाहिए। केजरीवाल ने एक रैली में कहा कि क्या बेटा अब इतना बड़ा हो गया है कि वह अपनी मां को आंख दिखा रहा है? इस रैली में उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल किए। केजरीवाल ने पूछा कि क्या आरएसएस केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर राजनीतिक दलों को तोड़ने, विपक्षी दलों की सरकारें गिराने और भ्रष्ट नेताओं को अपने पाले में करने की भाजपा की राजनीति से सहमत है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जंतर-मंतर पर अपनी पहली सार्वजनिक सभा जनता की अदालत में केजरीवाल ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत से पांच सवाल पूछे, जिनमें एक सवाल यह भी था कि क्या सेवानिवृत्ति की आयु से संबंधित भाजपा का नियम मोदी पर भी लागू होता है, जैसा कि लालकृष्ण आडवाणी पर लागू हुआ था।

उन्होंने भागवत से पूछा कि क्या वह राजनीतिक नेताओं को भ्रष्ट कहने और फिर उन्हें अपने पाले में शामिल करने की भाजपा की राजनीति से सहमत हैं। केजरीवाल ने भागवत से पूछा कि जब भाजपा प्रमुख जेपी. नड्डा ने कहा कि उनकी पार्टी को अपने वैचारिक मार्गदर्शक आरएसएस की जरूरत नहीं है, तो उन्हें कैसा लगा।

## अनुसूचित जाति पर जुल्म के 97% मामले 13 राज्यों से सामने आए

### एक सरकारी रिपोर्ट में दी गई जानकारी, यूपी- राजस्थान और मध्य प्रदेश में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुसूचित जाति के खिलाफ 2022 में अत्याचार के सभी मामलों में से लगभग 97.7 प्रतिशत मामले 13 राज्यों में दर्ज किए गए, जिनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में ऐसे सबसे अधिक अपराध दर्ज किए गए।

एक नई सरकारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नवीनतम सरकारी रिपोर्ट के अनुसार, अनुसूचित जनजाति (एसटी) के खिलाफ अधिकांश अत्याचार भी इन 13 राज्यों में केंद्रित थे, जहां 2022 में सभी मामलों में से 98.91 प्रतिशत मामले सामने आए। अनुसूचित जाति (एससी) के खिलाफ कानून के तहत 2022 में दर्ज किए गए 51,656 मामलों में से, उत्तर प्रदेश में 12,287 के साथ कुल मामलों का 23.78 प्रतिशत हिस्सा था, इसके बाद राजस्थान में 8,651 (16.75 %) और मध्य प्रदेश में 7,732 (14.97%) थे। अनुसूचित जाति के खिलाफ अत्याचार के मामलों की ज्यादा संख्या वाले अन्य राज्यों में बिहार 6,799 (13.16 %), ओडिशा 3,576 (6.93 %), और महाराष्ट्र 2,706 (5.24 %) थे। इन छह राज्यों में कुल मामलों का लगभग 81 प्रतिशत हिस्सा है। रिपोर्ट में कहा गया कि वर्ष 2022 के दौरान भारतीय दंड संहिता के साथ-साथ अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत पंजीकृत अनुसूचित जाति के सदस्यों के खिलाफ अत्याचार के अपराधों से संबंधित कुल मामलों (52,866) में से 97.7 % (51,656) मामले तेरह राज्यों में हैं।

#### एसटी पर जुल्म के अधिकांश मामले इन्हीं 13 राज्यों में

एसटी के खिलाफ अत्याचार के अधिकांश मामले 13 राज्यों में केंद्रित थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि एसटी के लिए कानून के तहत दर्ज 9,735 मामलों में से, मध्य प्रदेश में सबसे अधिक 2,979 (30 .61 प्रतिशत) मामले दर्ज किए गए। राजस्थान में 2,498 (25 .66 प्रतिशत) के साथ दूसरे सबसे अधिक मामले थे, जबकि ओडिशा में 773 (7 .94 प्रतिशत) दर्ज किए गए। ज्यादा संख्या में मामलों वाले अन्य राज्यों में 691 (7 .10 प्रतिशत) के साथ महाराष्ट्र और 499 (5 .13 प्रतिशत) के साथ आंध्र प्रदेश शामिल हैं। रिपोर्ट में अधिनियम के तहत जांच और आरोप-पत्र की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई है।

#### सिर्फ 60.38 प्रतिशत मामलों में ही चार्जशीट

अनुसूचित जाति से संबंधित मामलों में 60 .38 प्रतिशत मामलों में आरोप पत्र दायर किए गए, जबकि 14 .78 प्रतिशत झूठे दावों या सबूतों की कमी जैसे कारणों से अंतिम रिपोर्ट के साथ समाप्त हुए। 2022 के अंत तक 17,166 मामलों में जांच लंबित थी। समीक्षाधीन अवधि के अंत में, अनुसूचित जनजाति के खिलाफ अत्याचार से जुड़े 2,702 मामले अब भी जांच के अधीन थे। रिपोर्ट में कानून के तहत मामलों को संभालने के लिए गठित विशेष अदालतों की अपर्याप्त संख्या की ओर भी इशारा किया गया है। 14 राज्यों के 498 जिलों में से केवल 194 में इन मामलों की सुनवाई में तेजी लाने के लिए विशेष अदालतें स्थापित की गई थीं।

अमृत विचार www.amritvichar.com

## एक नजर

### डॉ. प्रसना मिश्रा बनीं असिस्टेंट प्रोफेसर



**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की छात्रा तथा संविदा प्राध्यापक डॉ. प्रसना मिश्रा का चयन लोक सेवा आयोग उत्तराखंड में असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान में हुआ है। डॉ. मिश्रा ने बीए, एमए तथा पीएचडी कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर से किया। वह डीएसबी परिसर में संविदा में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर कार्यरत रहीं तथा वर्तमान में गढ़वाल एचएनबी केंद्रीय विश्वविद्यालय श्रीनगर गढ़वाल में रिसोर्स पर्सन के रूप में कार्यरत हैं। काशीपुर निवासी डॉ. प्रसना ने 2018 में नेट की परीक्षा पास की तथा 2021 में पीएचडी पूर्ण की। डॉ. प्रसना की सफलता पर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, प्रो. पदमसिंह, प्रो. चित्रा पांडे, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो. ललित तिवारी, चीफ प्रॉक्टर प्रो. हरीश बिष्ट, प्रो. आरसी जोशी, प्रो. रजनीश पांडे ने बधाई दी है।

### ओखलकांडा में बुखार और खांसी के बीमार बढ़े

**भीमताल :** विकासखंड ओखलकांडा में इन दिनों ग्रामीण बुखार, खांसी और हाथ-पैर में दर्द से परेशान हैं। जानकारी देते हुए पूर्व प्रधान कूकना मदन नौलिया ने बताया कि प्रत्येक ग्राम सभा में कई ग्रामीणों में इस प्रकार के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। इस संबंध में उन्होंने जब ओखलकांडा चिकित्सालय में संपर्क कर दवाई वितरण करने का अनुरोध किया तो पता चला कि अस्पताल में दवाई नहीं है। स्थानीय जनप्रतिनिधि ने बताया कि क्षेत्र में कुकना, धैना, सुनकोट, शीला खेत, नौलियागांव आदि ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य सेवा नहीं होने के कारण लोगों को उपचार के लिए 150 किमी दूर हल्द्वानी जाना पड़ रहा है। ओखलकांडा के प्रत्येक न्याय पंचायत में कैंप लगाने की आवश्यकता है, जिससे ग्रामीणों को सही इलाज मिल सके।

# साइक्लिंग में नैनीताल और जल क्रीड़ा में टिहरी गढ़वाल का दबदबा




तीनपानी स्थित गौला बाइपास रोड पर साइक्लिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

## छह खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तराखंड ओलंपिक संघ की ओर से राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं का जनपद में आगाज हो गया। पहले दिन हल्द्वानी में साइक्लिंग प्रतियोगिता हुई, जिसमें 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। विजेता खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय खेलों में किया जाएगा।

बरेली रोड तीनपानी के पास गौला बाइपास रोड पर साइक्लिंग प्रतियोगिता कराई गई। इसमें मेन इलीट वर्ग में अमित भौर्याल ने स्वर्ण, अक्षय ह्यांकी ने रजत और अक्षय कन्याल ने कांस्य पदक जीता। तीनों खिलाड़ी नैनीताल जिले के हैं। वहीं मेन अंडर 23 आयु वर्ग में नैनीताल के कपिल रावत ने स्वर्ण, देहरादून के आदित्य सक्सेना ने रजत और हिमेश कुमार ने कांस्य पदक जीता। मेन जूनियर वर्ग में देहरादून के आयुष नेगी ने स्वर्ण, संतोष बिष्ट ने रजत और लक्ष्य ने कांस्य पदक जीता। जबकि सब जूनियर कैटेगरी में देहरादून के सूर्या सिंह ने स्वर्ण, अश्विन राठौर ने रजत और कार्तिकेय ने कांस्य पदक जीता। यूथ कैटेगरी में नैनीताल जिले के भावेश मेहरा ने स्वर्ण, हार्दिक बिष्ट ने रजत और मोहित सोनू ने कांस्य पदक जीता। प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों की संख्या काफी कम रही।

महिला जूनियर वर्ग में पिथौरागढ़ की अवनी दयाल को स्वर्ण पदक मिला। प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तराखंड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी ने किया। इस मौके पर उत्तराखंड साइक्लिंग संघ के महासचिव देवेश पांडे, संयुक्त सचिव विजय पाठक, कोच मनीष वर्मा, युवा कल्याण विभाग के उप निदेशक एसके जयराज, युवा कल्याण अधिकारी डीएन कांडपाल, खेल विभाग से उप निदेशक सुरेश पांडेय और रसिका सिद्दीकी, जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत, त्रिलोक जीना, विजय कुकसाल मौजूद रहे।

### देर से पहुंचे मुख्य अतिथि, धूप में जूझते रहे खिलाड़ी

**हल्द्वानी :** सुबह आठ बजे से साइक्लिंग प्रतियोगिता शुरू होनी थी, लेकिन मुख्य अतिथि कार्यक्रम स्थल पर समय से नहीं पहुंच पाये। जिस कारण प्रतियोगिता एक घंटे देरी से शुरू हुई। खिलाड़ियों ने बताया कि वह सुबह सात बजे आ गये थे। देरी होने की वजह से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ी। तेज धूप के बीच खिलाड़ी प्रतियोगिता के शुरू होने का इंतजार करते रहे। खिलाड़ियों ने बताया कि आयोजन के महत्व को समझते हुए प्रतियोगिता को सही समय पर कराया जाना चाहिए। देरी होने से खिलाड़ियों का मनोबल गिरता है। आयोजन स्थल पर खिलाड़ी खाने का सामान भी साथ लाए थे। राहत की बात है कि पेयजल की व्यवस्था थी। साइक्लिंग के लिए ट्रैक को छोटा करना पड़ा। आयोजकों ने बताया कि आगे सड़क सही नहीं होने की वजह से ऐसा किया गया। ऐसे में आयोजन स्थल पर भी सवाल उठे। लोगों का कहना था कि प्रतियोगिता को अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम से शुरू कराया जा सकता था। इन दिनों गौलापुल बंद होने से वहां यातायात न के बराबर है। साथ ही पूरा ट्रैक भी मिल सकता था।

## नैनी झील में दिखा कयाकिंग, कैनोइंग रोइंग और याचिंग का शानदार रोमांच

संवाददाता, नैनीताल



नैनी झील में रोइंग बोट रेस करते प्रतियोगी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सरोवर नगरी में पहली बार पांचवीं राज्य ओलंपिक प्रतियोगिता हुई। जिसका शुभारंभ ओलंपिक एसोसिएशन के पूर्व महासचिव राजीव मेहता, विधायक सरिता आर्या, प्रवीण शर्मा, भारतीय कयाकिंग-केनोइंग एसोसिएशन के निदेशक डॉ. सुमन कुलश्रेष्ठ ने कयाकिंग, कैनोइंग, रोईंग, याचिंग प्रतियोगिता का फ्लैग ऑफ कर किया। जल क्रीड़ा का रोमांच देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमी पहुंचे।

प्रतियोगिता में प्रदेश के नौ जिलों के 100 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। पुरुष वर्ग (के-1) में टिहरी के प्रभात कुमार प्रथम, नैनीताल के जितेंद्र सिंह द्वितीय और हरिद्वार के विशाल गोस्वामी तृतीय स्थान पर रहे। वहीं के -2 वर्ग में टिहरी के प्रभात और रोपित प्रथम, नैनीताल के हनुमंत सुनील व राम भरोसे डांगी द्वितीय, हरिद्वार के अनु कुमार और आर्य कुमार तृतीय स्थान पर रहे। सी-1 वर्ग में टिहरी के जॉनसन प्रथम, नैनीताल के सुदर्शन बिश्नोई द्वितीय, पौड़ी गढ़वाल से अंकुर चौधरी तृतीय रहे। सी-2 वर्ग में टिहरी के सागर नागर और आनंद प्रथम, नेपाल के गुरबख्श और परिमांडू द्वितीय रहे। महिला वर्ग (के-1) में टिहरी की सोनिया देवी प्रथम, नैनीताल की स्वामी द्वितीय, ऊधमसिंह नगर की फातिमा तृतीय स्थान पर रहीं। के -2 वर्ग में टिहरी की सोनिया और असले एमके प्रथम, रोजी और स्वाती साहू द्वितीय स्थान पर रहीं। सी-1 वर्ग में टिहरी की मीरा दास प्रथम, नैनीताल की रामकन्या द्वितीय, हरिद्वार की विचित्र गुप्ता तृतीय स्थान पर रहीं। सी -2 वर्ग में टिहरी से मीरा दास और योगिता प्रथम, नैनीताल की रामकन्या डांगी और प्रीति प्रभाकर द्वितीय स्थान पर रहीं। रोईंग पुरुष वर्ग में सिंगल स्किल में हरिद्वार के संदीप प्रथम, चमोली के अजय कुमार द्वितीय, टिहरी के मोहित कुमार तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में टिहरी की अनीता प्रथम, चमोली की संजना द्वितीय, देहरादून की सोनिया तृतीय स्थान पर रही। पुरुष पेयर वर्ग में हरिद्वार के इशू और संदीप प्रथम, टिहरी से सुनील व रोहित द्वितीय, देहरादून के सागर व मोहित तृतीय रहे। महिला पेयर वर्ग में कर्णप्रयाग की ज्योति कुमारी और ज्योति ठाकुर प्रथम, टिहरी की अस्मिता और अंजलि द्वितीय, चमोली से रोहिणी और अनुपम तृतीय स्थान पर रहीं। पुरुष डबल्स वर्ग में देहरादून के गगनदीप और राहुल प्रथम, हरिद्वार के विश्व विजय और सूरज द्वितीय, पौड़ी गढ़वाल के राहुल और सोनू तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान पूर्व भारतीय कोच जगबीर सिंह, फ्लिप मैथ्यू, आशीष श्रीवास्तव, देवेंद्र सिंह, डिप्टी कमांडेंट आइटीबीपी आशुतोष बिष्ट, राजीव कुमार, मनीष कुमार, हेमंत पपोला, प्रवीण शर्मा, मनोज जोशी, मोहित शाह, हरीश राणा, सिद्धार्थ टंडन मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान विधायक सरिता आर्या को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

## वॉलीबॉल में हल्द्वानी की टीमें बनीं सिरमौर

संवाददाता, गरमपानी

**प्रतियोगिता**

▶▶ **अंडर 14 और 17 आयु वर्ग में जीते खिताबी मुकाबले**

**अमृत विचार :** बेतालघाट स्थित मिनी स्टेडियम में जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का रंगारंग आगाज हुआ। जनपद के विभिन्न ब्लॉकों से पहुंची टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 14 व 17 में हल्द्वानी की टीम विजेता रही। जबकि अंडर 19 में रामनगर की टीम ने ओखलकांडा ब्लॉक की टीम को रोमांचक मुकाबले में शिकस्त दी।

बालक वर्ग की जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ डाइट के पूर्व प्राचार्य शिव दत्त जोशी व खंड शिक्षा अधिकारी हवलदार प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिवदत्त जोशी ने कहा कि खेलों से नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। अंडर 14 आयु वर्ग में हल्द्वानी की टीम ने बेतालघाट की टीम को मात देकर फाइनल मुकाबला जीत लिया। अंडर 17 में भी हल्द्वानी ने रामनगर को परास्त किया। अंडर 19 का फाइनल मुकाबला रामनगर व ओखलकांडा के मध्य खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रामनगर विजेता बना। विजेता टीमों को प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी, ब्लॉक खेल समन्वयक केडी सिंह, तारा भंडारी, दलीप सिंह नेगी, दीप चंद्र रेखाडी, रमेश तिवारी ने संयुक्त रुप से ट्रॉफी प्रदान की। मुकुल भट्ट, जीवन पंवार, हेमा नेगी, रेनू बोहरा, गिरीश देवराडी, संजय बोहरा, देवेंद्र सिंह निर्णायक रहे। संचालन विपिन चंद्र रेखाड़ी व सत्यदेव सिंह ने किया। इस दौरान पूर्व प्रधानाचार्य माधव सिंह बोहरा, आनंद बल्लभ पांडे, गिरीश जोशी, राजकुमार भंडारी, पंकज बधानी, प्रकाश पडियार आदि मौजूद रहे।

### गौरव सिंह व अराधना जलाल रहे विजेता

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक स्थित बीआरसी में हुई मैथ्स विजार्ड व स्पेल जीनियस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की। ब्लॉक संसाधन केंद्र बेतालघाट में हुई प्रतियोगिता का शुभारंभ समन्वयक हरीश चंद्र ने दीप प्रज्वलित कर किया।

मैथ्स विजार्ड में जीपीएस घंघरेठी में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत गौरव सिंह विजेता रहे। जबकि हल्दीयानी के भावेश दूसरे तथा अमेल की नम्रता दरमाल तीसरे स्थान पर रही। स्पेल जीनियस प्रतियोगिता में जीएमपीएस बेतालघाट में पांचवीं कक्षा में अध्ययनरत आराधना जलाल ने जीत का परचम लहराया। रिया दूसरे तथा यासिका जोशी तीसरे पायदान पर रही। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार बांटे गए। इस दौरान राजकीय प्राथमिक विद्यालय जोशीखोला की प्रधानाध्यापक गीता जोशी, उमा गोस्वामी, किरन मनराल, सिद्धार्थ बधानी, राजकुमार, मोहन चंद्र पंत, गणेश बिष्ट आदि मौजूद रहे।




नैनीताल में नशा मुक्त एवं कूड़ा मुक्त अभियान के समापन अवसर पर आयोजित मैराथन के विजेता प्रतिभागियों के साथ आयोजक। ● अमृत विचार

## मैराथन में बीना बसेड़ा और राघवेंद्र बिष्ट दौड़े सबसे तेज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनी महिला जागृति संस्था ने डीएसए नैनीताल में नशा मुक्त एवं कूड़ा मुक्त अभियान के तहत मैराथन का आयोजन किया। प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिन से शुरू हुए इस अभियान का समापन रविवार को मैराथन के साथ हुआ।

आयोजक सचिव हरीश सिंह राणा ने बताया कि प्रतियोगिता में 350 से अधिक युवाओं ने प्रतिभाग किया। संस्था की अध्यक्ष मंजू रौतेला, मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य बिशन सिंह मेहता ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में महिला श्रेणी में प्रथम स्थान डीएसबी की बीना बसेड़ा, द्वितीय स्थान बीएसएसवी की मीनाक्षी फर्त्याल एवं तृतीय स्थान डीएसबी की बबीता बिष्ट ने प्राप्त किया। इसके अलावा जूनियर बालक वर्ग में प्रथम स्थान राघवेंद्र बिष्ट, द्वितीय स्थान कृष्णा बिष्ट एवं तृतीय पुरस्कार गोकुल बगड़वाल ने प्राप्त किया।

तीनों ही प्रतिभागी बीएसएसबी सैनिक के छात्र हैं। सीनियर पुरुष वर्ग में अमन बिष्ट ने प्रथम, नितिन कुमार ने द्वितीय एवं आशीष ज्याला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संचालन नीरज बिष्ट ने किया। इस दौरान करन रौतेला, विमल, अर्जुन, दीवान सिंह रौतेला, निक्की बिष्ट, अभिषेक बिष्ट, सागर बिष्ट आदि मौजूद रहे।

### दो अक्टूबर को रामगढ़ में होगी तिरंगा मैराथन

**भीमताल :** महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रामगढ़ में तिरंगा यात्रा मैराथन का आयोजन किया जायेगा। आयोजक पूर्व ब्लॉक प्रमुख रामगढ़ लाखन सिंह नेगी ने बताया कि मैराथन में प्रतिभाग करने के लिए कक्षा दस की मार्कशीट, आधार कार्ड, स्थाई निवास आवश्यक है। मैराथन में 16 वर्ष या उससे अधिक के बालक-बालिकाएं प्रतिभा कर सकती हैं। मैराथन में हिस्सा लेने वालों का सुबह 8 बजे से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन रामगढ़ के लेटीबुंगा में होगा। मैराथन सुबह 11 बजे से लेटीबुंगा से धानाचूली की ओर 6 किलोमीटर तथा वहां से वापस धानाचूली से लेकर लेटीबुंगा तक होगी। प्रथम विजेता प्रतिभागियों को 15000, द्वितीय को 5100 तथा तीसरा विजेता को 3100 रुपये का पुरस्कार दिया जायेगा। टॉप दस प्रतिभागियों को 2100 की विजेता राशि दी जायेगी।



शिक्षकों की बैठक को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

## परीक्षा की तिथि घोषित करने की मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** गोविंद बल्लभ पंत पुस्तकालय हल्द्वानी में कुमाऊं के शिक्षकों ने एकत्रित होकर बैठक की। साथ ही परीक्षा की तिथि घोषित करने की मांग उठाई। कहा कि विद्यालय विकास व विद्यालय हित में परीक्षा के माध्यम से ही योग्य, प्रशासनिक क्षमता में अव्वल प्रधानाचार्य को नियुक्त किया जाना वर्तमान में आवश्यक है।

बैठक में वक्ताओं ने परीक्षा का समर्थन किया। साथ ही शिक्षा मंत्री से निवेदन किया कि परीक्षा को निरस्त नहीं किया जाय। कहा कि यदि एलटी शिक्षकों को शामिल किया जाता है तो इसका स्वागत है पर निरस्त नहीं किया जाय। परीक्षा को निरस्त करने का निर्णय विद्यालयों के हित में नहीं है। बैठक में कोर कमेटी गठित कर आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। इस दौरान आशुतोष साह, डीपी सिंह, इन्द्र जीत तिवारी, सतीश मौर्या, नीरज, कुंदन सिंह बिष्ट, अर्जुन सिंह, राहुल मिश्रा, प्रकाश यादव, प्रियंका शुक्ला, ज्योति गर्ब्याल मौजूद रहे।

## शतरंज में 28 स्कूलों के 200 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्वतीय सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में 11वीं इंटर स्कूल शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया। इसमें नैनीताल जिले के 28 स्कूलों के 200 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। रविवार को चार चरणों में मुकाबले संपन्न हुए।

अंडर-9 वर्ग में तेजस तिवारी ने आयुष्मान नयाल, धैर्य बोहरा ने गर्वित जोशी, भाविका दुर्गापाल ने अरनव पांगती, चिंथपल्ली नंदन ने आयुष्मान वर्धन को हराकर एक अंक से बढ़त बनाई। वहीं रिभ्या जोशी और अदविका साहू के बीच मुकाबला बराबरी पर रहा। इस ग्रुप में तेजस तिवारी ने 4 अंक के साथ बढ़त बनाई। अंडर 11 ग्रुप में सक्षम दर्शन ने सम्यकता गुप्ता, शिखर ने गुरनीत सिंह, ओजश अग्रवाल ने मानवेंद्र जोशी, पल्लव जोशी ने समर्थ एस चंद्रा, यशमीत सिंह ने पार्थ मरदान, राघव तिवारी ने शिवाश बाबू सोनी, रुचि बिष्ट ने अर्थव गुप्ता को हराकर अंक हासिल किये। अथर्व जलहोत्रा और सात्विक अग्रवाल तथा जतिन जायसवाल और रिषभ पांडे के मध्य मुकाबला बराबरी पर रहा।



शतरंज प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ी। ● अमृत विचार

ईश ग्रुप में सक्षम दर्शन और शिखर 4 अंकों के साथ संयुक्त स्थान से शीर्ष पर हैं। अंडर-13 वर्ग में गर्वित पंत ने मनन गुप्ता, कनव गुप्ता ने अभिनव बिष्ट, श्रेयांशु साहू ने सौम्या मेहरा, दिव्यम बिष्ट ने अभिराज सिंह ढैला, सिद्धांत यादव ने अहम चंदेल को हराया। अंडर-15 वर्ग में धूर्वांश भट्ट ने भार्गव चंडल, पुष्पेंद्र राज ने प्रखर सक्सेना को हराया। अर्जुन सिंह और शाश्वत आनंद के मध्य मुकाबला बराबरी पर रहा। अंडर-18 वर्ग में हर्षित पंत ने वैभव पांडे, आरुष सिंह ने शुभम पुरोहित, गुरसिमर सिंह ने अभिनव दुम्का को हराया। संस्था के अध्यक्ष ईश्वर तिवारी, शेर सिंह बिष्ट और नीरज साह ने कार्यकम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान विश्वकेतू वैद्य, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी, अमित कुमार, धीरेंद्र बिष्ट, किशन तिवारी, ललित लमकोटी, संतोष कुमार, विजय बहुगुणा, योगेंद्र, संजीव त्रिपाठी, हितेश साह, मोहम्मद वसीम, अख्तर खान, सूरज सिंह, अनिल कुमार मौजूद रहे। आर्बिटर के रूप में नीरज साह, शेर सिंह, दिव्यांशु तिवारी, तोषित तिवारी रहे।

**बदहाल व्यवस्था** ओखलकांडा ब्लॉक के सुनकोट सिरखोला गांव में सड़क सुविधा नहीं, पाटी ब्लॉक के अस्पताल में दिया पुत्र को जन्म

## गर्भवती को डोली से पांच किमी दूर सड़क तक पहुंचाया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** ओखलकांडा ब्लॉक के कई ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। एक तरफ प्रदेश में एयर एंबुलेंस की बात होती है। दूसरी तरफ ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बीमार होने पर मरीज को डोली में ले जाने की परंपरा को अपनाने को मजबूर हैं।

ऐसा ही एक मामला ओखलकांडा के न्याय पंचायत सुनकोट सिरखोला गांव में सामने आया है। सड़क नहीं होने के कारण सिरखोला के ग्रामीणों ने गर्भवती महिला रेखा देवी (25 वर्ष) को आपदा ग्रस्त पैदल मार्ग से डोली के सहारे लगभग पांच किलोमीटर दूर कचलाकोट सड़क तक पहुंचाया। इसके बा द ग्रामीण गर्भवती को 50 किलोमीटर दूर चम्पावत के पाटी ब्लॉक के अस्पताल में ले गए। जहां रात करीब 3 बजे रेखा देवी ने पुत्र को जन्म दिया। महिला को डोली से लाने वालों में राम सिंह बोरा, महेश सिंह बोरा, सुंदर सिंह बोरा, भुवन सिंह बोरा शामिल रहे।

### डोली में लाना परंपरा नहीं...मजबूरी

पर्वतीय क्षेत्रों में बीमार मरीज को डोली में ले जाना कोई परंपरा नहीं है, बल्कि यह ग्रामीणों की मजबूरी है। आजादी के कई दशक बीत जाने के बाद भी कई गांवों में न तो सड़क है और न ही स्वास्थ्य सेवाओं की कोई सुविधा है। ग्रामीणों को इलाज के लिए मैदानी क्षेत्रों में जाना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि आज भी पर्वतीय क्षेत्रों में कई अस्पताल स्वास्थ्य कर्मियों के भरोसे चल रहे हैं। सुविधाओं के अभाव में ग्रामीण गांव को छोड़ने को मजबूर हैं।



रेखा देवी को रात में डोली से अस्पताल ले जाते ग्रामीण। ● अमृत विचार

**आज का मौसम**

आसमान में धूप खिली रहेगी।

| 34.0° | 26.0° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06.01 | सूर्यास्त 06.07 |

# हैड़ाखान से 70 किमी दूर किच्छा में मिला देवेंद्र का शव

## पहचानने की हालत में नहीं था शव, छोटे बेटे ने पैंट और अंतर्वस्त्र से की पिता की शिनाख्त, ऊधमसिंह नगर में किया अंतिम संस्कार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** हैड़ाखान के भोड़िया नाले में बहे 60 वर्षीय देवेंद्र का शव 12वें दिन घटनास्थल से 70 किलोमीटर दूर किच्छा में मिला। उनका शव पहचानने की हालत में नहीं था। बुरी तरह छत-विक्षत हो चुके शव का परिजनों ने वहीं अंतिम संस्कार कर दिया। उनके छोटे बेटे ने पैंट और अंतर्वस्त्र से देवेंद्र की पहचान की।

स्यूड़ा तोक गजार चौकी हैड़ाखान निवासी देवेंद्र सिंह सम्मल (60 वर्ष) पुत्र हर सिंह सम्मल काश्तकार थे। वह यहां पत्नी राधा देवी, बेटे मनोज सिंह सम्मल व पंकज सिंह सम्मल के साथ रहते थे। बीती 11 सितंबर को वह खनस्यू के चमोली गांव में अपनी पत्नी राधा की बुआ के बेटे के पीपलपानी में गए थे। 12 सितंबर गुरुवार से बारिश शुरू हो गई। बारिश नहीं रुकी और शुक्रवार को वह भारी बारिश के बीच सुबह पैदल ही घर के लिए निकल पड़े।



किच्छा में इसी स्थान से बरामद किया गया देवेंद्र सिंह का शव।



देवेंद्र सिंह सम्मल।

**11** सितंबर को खनस्यू में रिश्तेदार के पीपलपानी से लौटते वक्त भोड़िया नाले में बह गए थे देवेंद्र सिंह सम्मल

हैड़ाखान मंदिर के पास भोड़िया नाला उफान पर था। नाला पार करते वक्त वह गौला नदी में बह गये। खनस्यू थाने की पुलिस के साथ नदी में कई किलोमीटर और कई दिन तक सर्च अभियान चलाया गया, लेकिन उनका कोई पता नहीं लगा और फिर रेस्क्यू बंद कर दिया गया। समाजसेवी टीकम सिंह बिष्ट ने बताया कि 22 सितंबर को किच्छा में गौला नदी में एक ग्रामीण ने शव पड़ा देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शिनाख्त के लिए देवेंद्र के परिजनों को बुलाया। चेहरे से पहचानना मुमकिन नहीं थी। देवेंद्र के छोटे बेटे पंकज ने पैंट और अंतर्वस्त्र के जरिये शिनाख्त की। जिसके बाद ऊधमसिंह नगर में ही उनका पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार किया गया।

## एक नजर

### रोस्टिंग के कारण एक घंटे गुल रही बिजली



**हल्द्वानी :** मानसून सीजन में बार-बार बिजली जाने से उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। पिटकुल से हो रही रोस्टिंग के चलते रविवार को रात आठ बजे से नौ बजे तक शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उमस से परेशान रहे। नौ बजे बाद आपूर्ति सुचारू हुई। इधर, ऊर्जा निगम के अधिकारियों के अनुसार लोड बढ़ने के चलते कंट्रोल से एक घंटे तक सप्लाई बंद रही।

### जंगली हाथी ने रोकी पर्यटकों की राह

**रामनगर :** कॉर्बेट एवं ढेला जाने वाले पर्यटकों की राह अचानक गजराज ने रोक दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। शनिवार की सुबह जब पर्यटक ढेला और झिरना जोन की सफारी करने जा रहे थे तभी ढेला से पहले मुख्य मार्ग पर अचानक जंगली हाथी आ पहुंचा। बीच सड़क पर हाथी को देख जिप्सियों के पहिये जाम हो गए। कुछ पर्यटकों ने हाथी की वीडियो भी बना ली। हालांकि कुछ देर बात हाथी अपने रास्ते चला गया।

### आदि कैलाश और ओम पर्वत यात्रा शुरू

**भीमताल :** कुमाऊं मंडल विकास निगम के तत्वावधान में आदि कैलाश व ओम पर्वत यात्रा शुरू हो गई है। यात्रा के दूसरे चरण का प्रथम दल रविवार को भीमताल पहुंचा। इस दल में करीब 15 यात्री शामिल हैं। भीमताल स्थित टीआरसी के प्रबंधक संजय कुमार आर्या ने सभी यात्रियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। यात्रियों में तीन कर्नाटक, पांच बेंगलुरु, एक महाराष्ट, तीन तमिलनाडु और तीन जम्मू के यात्री शामिल हैं।

## महिला पर्यटक की रेलवे स्टेशन पर मौत

**हल्द्वानी :** पश्चिम बंगाल से नैनीताल घूमने आई महिला पर्यटक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। घर लौटते वक्त रेलवे स्टेशन पर बैठे-बैठे अचानक महिला की तबीयत बिगड़ गई। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

आसनसोल वर्धमान पश्चिम बंगाल निवासी मलकीत कौर (51 वर्ष) पत्नी सतनाम सिंह अपने परिवार के साथ नैनीताल घूमने आईं थी। शनिवार को वह नानकमत्ता घूमने गईं और फिर लौटने के बाद परिवार सीधे नैनीताल गया। नैनीताल में पूरे दिन घूमने के बाद रात उन्हें काठगोदाम रेलवे स्टेशन से ट्रेन पकड़नी थी। वह परिवार के साथ रेलवे स्टेशन पर बैठी थीं कि तभी अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन आनन-फानन में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# पत्नी मायके गई, पति ने फांसी लगाकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

- काठगोदाम थाना क्षेत्र के रौशिल में रहता था मृतक
- आत्महत्या के पीछे वजह की जांच में जुटी है पुलिस

**अमृत विचार :** पत्नी मायके गई थी और पति ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक ने आत्मघाती कदम क्यों उठाया, पुलिस इसकी जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक रौशिल काठगोदाम निवासी गिरीश आर्या (30 वर्ष) पुत्र गोपाल आर्या यहां पत्नी व अपने माता-पिता के साथ रहता था और रुद्रपुर स्थित एक कंपनी में काम करता था। उसके तीन भाई हैं, जो दूसरे राज्य में काम करते हैं। बताया जाता है कि गिरीश की पत्नी कुछ दिन पूर्व मायके गई थी। शनिवार को गिरीश खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। सुबह परिवार के सभी लोग सोकर उठ गए, लेकिन गिरीश देर तक कमरे से बाहर नहीं आया। गिरीश की मां उसे बुलाने कमरे में पहुंची तो चीख पड़ीं। सामने गिरीश का शव फंदे से लटक रहा था। आनन-फानन में परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने गिरीश को फंदे से उतार कर अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## डीजीपी के आगमन की तैयारी में जुटी पुलिस

**हल्द्वानी :** डीजीपी का पदभार ग्रहण करने के बाद आईपीएस अभिनव कुमार पहली बार नैनीताल आ रहे हैं। उनके संभावित दौरे को देखते हुए पुलिस साफ-सफाई के काम में जुट गई है। वहीं पेड़ों की लॉपिंग कर उन्हें सुंदर बनाया जा रहा है।

डीजीपी अभिनव कुमार के आने का समय अभी तय नहीं है, लेकिन माना जा रहा है कि वह सोमवार को हल्द्वानी पहुंच सकते हैं। उनके आने की सुगबुहाट होते ही पुलिस तैयारियों में जुट गई है। बिना रंगाई-पुताई के काली पड़ चुकी बैरक और मैस की इमारत पर रंग-रोगन किया जा रहा है। इमारत का प्लास्टर कई जगह से उखड़ गया है, जिसे ठीक किया जा रहा है। इसके अलावा कोतवाली परिसर में सीज किए वाहनों को हटा दिया गया है। सालों से जिन पेड़ों की लॉपिंग-चॉपिंग नहीं हुई, उनकी इलेक्ट्रानिक कटर के जरिये छंटाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि यदि डीजीपी आये तो वह हल्द्वानी के साथ नैनीताल भी जाएंगे। उनके संभावित दौरे में ऊधमसिंह नगर, अल्मोड़ा और बागेश्वर जनपद भी शामिल है।

# नहाने के दौरान कोसी नदी में बहा किशोर, शव बरामद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोसी नदी में नहाने के दौरान एक 12 वर्षीय किशोर पानी के तेज बहाव में बह गया। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने किशोर की तलाश शुरू की। लगभग चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद शव बरामद कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार मूलरूप से पौड़ी गढ़वाल व हाल निवासी नई बस्ती 93 नंबर पूछड़ी गोविंद सिंह बिष्ट अपने पुत्र व पुत्री के साथ कोसी नदी में नहाने गये थे। इसी दौरान गोविद का 12 वर्षीय पुत्र दिनेश बिष्ट पानी के तेज बहाव में बह गया। बालक के बहने की सूचना पर तुरंत तहसीलदार कुलदीप पांडेय, कोतवाल अरुण कुमार सैनी एवं एसडीआरएफ टीम घटना स्थल पर पहुंची। यहां टीम ने बच्चे की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया। एसडीआरएफ के गोताखोरों ने चार घंटे लगातार प्रयास करने के बाद शव को बरामद कर लिया। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।



किशोर को तलाशती टीम।

## आठ माह बाद कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** सड़क हादसे में एक महिला की रीढ़ की हड्डी टूट गई। मामले में आठ माह बाद मुखानी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया है। न्यायालय द्वितीय न्यायिक मजिस्ट्रेट को दी शिकायत में त्रिपुरांचल कॉलोनी नवाबी रोड निवासी बसंत बल्लभ जोशी ने पीडी कॉलोनी बिठौरिया नंबर एक निवासी हिमांशु मेवाड़ी पुत्र खड़क सिंह मेवाड़ी पर आरोप लगाया है। उनका कहना है कि पिछले वर्ष 27 दिसंबर को उनकी माता श्यामा गार्डन के पास सब्जी खरीदने गईं थी। तभी सामने से आये तेज रफ्तार बाइक सवार ने उनकी माता को जोरदार टक्कर मार दी। 15 जनवरी को मुखानी पुलिस और 19 अप्रैल को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ई-मेल पर शिकायत दर्ज कराई, लेकिन मुकदमा दर्ज नहीं किया गया।

# नाराज ग्रामीणों की पुलिस से हुई नोकझोंक

**आक्रोश**

- खनस्यू के लोगों ने पुलिस बहुउद्देशीय भवन का घेराव कर दो घंटे तक किया हंगामा
- दरोगा और सिपाही को बर्खास्त करने की मांग, एसपी ने दिया जांच का भरोसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** खनस्यू थाने में तैनात दरोगा की बर्बरता से नाराज ग्रामीणों ने रविवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन का घेराव किया। उन्होंने दो घंटे तक जमकर हंगामा काटा। इस बीच प्रदर्शनकारियों को मनाने में पुलिस के पसीने छूट गये। एसपी क्राइम हरबंस सिंह ने जांच का भरोसा देकर ग्रामीणों का शांत कराया। ग्रामीण दरोगा और सिपाही की बर्खास्तगी की मांग पर अड़े रहे।

ओखलकांडा चौकी प्रभारी रहे एसआई सादिक हुसैन पर एक स्थानीय युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का आरोप है। सादिक को लाइन हाजिर कर दिया गया। मामले की जांच एसएसपी ने एसपी क्राइम हरबंस सिंह को सौंपी है, लेकिन खनस्यू के लोग एसएसपी की इस कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं। रविवार को ग्रामीण बड़ी संख्या में पूर्व छात्रसंघ कोषाध्यक्ष दीपक मेवाड़ी के नेतृत्व में पुलिस बहुउद्देशीय भवन पहुंचे। उनका कहना था कि मनमोहन सिंह ने फेरी वाले से सत्यापन और आधार कार्ड को लेकर पूछताछ की थी। आरोपी दरोगा सादिक और सिपाही ने इसी बात से नाराज होकर मनमोहन को बेरहमी से पीटा। प्रदर्शन में विवेक मिश्रा, अमन बिष्ट, योगेश कुमार, चंदन मेवाड़ी, लक्की मेवाड़ी, मदन गौनिया, पंकज चौहान शामिल थे।



पुलिस बहुउद्देशीय भवन में धरना प्रदर्शन कर रहे खनस्यू के लोगों को समझाते एसपी क्राइम हरबंश सिंह। ● अमृत विचार

### दस मिनट में खाली कर दो भवन, वरना...

**हल्द्वानी :** ग्रामीणों को मनाने के लिए एसपी क्राइम हरबंस सिंह बाहर आए, लेकिन आरोपी दरोगा की बर्खास्तगी तुरंत संभव नहीं थी। एसपी ने नाराज ग्रामीणों को मनाने की कोशिश की, लेकिन जब वह नहीं माने तो गुस्से में आकर एसपी ने दस मिनट के भीतर भवन परिसर खाली करने की चेतावनी दे दी और अपने दफ्तर में चले गए। इससे नाराज ग्रामीण जमीन पर बैठ कर नारेबाजी करने लगे। पुलिस के तमाम अधिकारियों ने तरह-तरह के प्रलोभन लेकर उन्हें उठाने की जबरन कोशिश की, लेकिन उठा नहीं सके।



धरना-प्रदर्शन के दौरान युवक को उठाकर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

### मुकेश बोरा को नहीं पकड़ पाए और जनता पर तानाशाही

प्रदर्शन के दौरान तमाम लोग पुलिस को लेकर तरह-तरह की चर्चा करते सुनाई दिए। इन्हीं में से कुछ लोग आपस में बातचीत कर रहे थे कि ये है मित्र पुलिस, जिसका अपराधियों पर जोर नहीं चल रहा और जनता पर तानाशाही कर रहे हैं। कहा, मुकेश बोरा इतने लंबे समय से फरार है। पुलिस उसे तो पकड़ नहीं पाई और एक जागरूक व्यक्ति जब बाहरी फेरी वाले से पूछताछ करने लगा तो उसे ही बेरहमी से पीट दिया।

### खनस्यू थाने में भी किया धरना-प्रदर्शन

**भीमताल :** युवक के साथ की गई मारपीट को लेकर पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने खनस्यू थाने में धरना-प्रदर्शन किया। उन्होंने मनमोहन शर्मा के साथ मारपीट करने वाले पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की। पनेरू ने कहा कि पुलिस प्रशासन अपराधियों को संरक्षण देने का काम कर रहा है। यदि दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं किया गया तो 24 सितंबर को हल्द्वानी एसएसपी कार्यालय में सुबह 10 बजे से उग्र आंदोलन किया जाएगा धरना-प्रदर्शन में त्रिलोचन सुयाल, किशोर पलड़िया, लाल सिंह चिलवाल, हरीश सुयाल, दीपक दुर्गापाल, राजू भंडारी, शेखर सुयाल, राजू मौजूद रहे।

# बोरा ने दिल्ली में डाला डेरा, मुश्किल में मददगार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** भाजपा से निष्कासित और नैनीताल दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ का फरार अध्यक्ष मुकेश बोरा दिल्ली पहुंच चुका है। उसकी तलाश में पुलिस की एक टीम दिल्ली रवाना हो चुकी है, लेकिन अभी उसकी वास्तविक लोकेशन पुलिस को नहीं मिली है। वहीं जांच में परिवहन विभाग का अधिकारी और उसकी पत्नी बुरी तरह फंसते नजर आ रहे हैं।

लालकुआं कोतवाली में बीती एक सितंबर को मुकेश बोरा के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप लगाने वाली विधवा महिला ने 164 के बयान में अपनी नाबालिग बेटी के साथ भी छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया था। जिसके बाद मुकदमे में पॉक्सो की धारा बढ़ाई गई थी।

### रडार पर आए दुग्ध संघ और यूसीडीएफ के अधिकारी



**हल्द्वानी :** जांच में यह भी सामने आया है कि दुग्ध संघ और यूसीडीएफ के कुछ अधिकारियों से भी मुकेश बोरा लगातार संपर्क में था। वह उक्त लोगों से पुलिस की जानकारी ले रहा था। पुलिस की नजर मुकेश बोरा के बैंक खातों पर भी है। लगातार बैंक ट्रांजेक्शन पर नजर रखी जा रही है। हालांकि अभी तक बैंक खाते का इस्तेमाल नहीं किया गया है। माना जा रहा है कि कोई बाहर से मुकेश बोरा की आर्थिक तौर पर मदद कर रहा है। ऐसे लोगों की संख्या कई हो सकती है। पुलिस ऐसे लोगों की शिनाख्त भी कर रही है।

**दुष्कर्म मामला**

- व्हाट्सएप कॉल के जरिये मुकेश से संपर्क में था परिवहन अधिकारी

तभी से मुकेश बोरा फरार था। वह तब सामने आया जब कोर्ट से उसे गिरफ्तारी स्टे मिल गया। हालांकि स्टे की तारीख गुजरने से पहले ही मुकेश अल्मोड़ा से फिर फरार हो गया। मुकेश पिछले 22 दिनों से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है। इस मामले में अभी तक 300 लोगों से पूछताछ की जा चुकी है, जिसमें परिवहन विभाग के कथित अधिकारी को अहम कड़ी माना जा रहा है।

अधिकारी का मोबाइल पुलिस के पास है और वह लगातार अधिकारी से पूछताछ कर रही है। पता लगा है कि अधिकारी व्हाट्सएप कॉल से लगातार मुकेश से न सिर्फ बात कर रहा था, बल्कि पुलिस की योजना की जानकारी भी दे रहा था। सिर्फ अधिकारी ही नहीं, बल्कि अधिकारी की पत्नी भी मुकेश के संपर्क में थी।

### बरेली के एक नेता के घर की निगरानी कर रही पुलिस

**हल्द्वानी :** माना जा रहा है कि अल्मोड़ा से निकलते ही मुकेश बोरा ने बरेली में अपने एक राजनीतिक करीबी से संपर्क किया था। उसकी योजना बरेली में छिपने की थी, लेकिन उससे पहले पुलिस को मुकेश की योजना का पता चला गया। पुलिस को मुकेश के दिल्ली जाने के संकेत तो मिले हैं, लेकिन वह कहां है कुछ पता नहीं। ऐसे में पुलिस मुकेश के राजनीतिक करीबी बरेली निवासी नेता और उसके आवास पर लगातार नजर रख रही है। मुकेश के बरेली में भी होने की प्रबल संभावना है।

**पितृ पक्ष पर विशेष** रानीबाग चित्रशिला घाट और राजपुरा मुक्तिधाम में कलशों को भूले लोगों को श्राद्ध पर भी याद नहीं आये पूर्वज

# मोक्ष की आस में अपनों की राह ताक रहे अस्थि कलश

रजनी मेहता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** इन दिनों पितृ पक्ष चल रहा है। लोग श्राद्ध के माध्यम से अपने पूर्वजों को याद कर रहे हैं। श्राद्ध पक्ष में अनुष्ठान कर पितरों की पुण्यात्मा को खुश करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन शहर के मुक्तिधाम में अब भी कई ऐसे अस्थि कलश हैं, जिन्हें विसर्जन का इंतजार है। गरुड़ पुराण के मुताबिक, अस्थि विसर्जन से मृतक की आत्मा को शांति मिलती है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट और राजपुरा स्थित मुक्तिधाम में हर दिन कई अंतिम संस्कार होते हैं। कई लोग निजी कारणों के चलते अस्थियों को विसर्जित करने के लिए अस्थि कलश यहां रखकर जाते हैं। कई लोग तो वापस लौटकर अस्थियों को विसर्जन करने के लिए कलश लेने पहुंचते हैं, लेकिन कई ऐसे भी हैं जिनके अपनों की अस्थियां कलशों में सालों-साल इंतजार ही करती रह जाती हैं। वर्तमान में मुक्तिधाम में ऐसे डेढ़-दो दर्जन कलश हैं, जिन पर धूल जम चुकी है।

इन कलशों को देखने से ही प्रतीत होता है कि उनमें रखी अस्थियों को सालभर से अधिक समय हो चुका है। संचालक भद्रासन प्रसाद ने बताया कि पहले कई सालों तक अस्थियां ऐसे ही विसर्जन के इंतजार में रखी जाती थीं। विसर्जन के लिए कभी-कभी लोग दूर दराज होने के कारण देर से पहुंचते हैं। जिन अस्थियों का विर्सजन नहीं हो पाता उन्हें समिति की ओर से विर्सर्जित करने की व्यवस्था बनाई गई है।




राजपुरा स्थित मुक्तिधाम। ● अमृत विचार



मुक्तिधाम में विसर्जन का इंतजार कर रहे अस्थि कलश।

### लोग खुद ही कलश में रखकर जाते हैं अस्थियां

संचालकों के अनुसार दाह संस्कार के बाद तीन दिन या विर्सजन की तिथि निश्चत होने पर ले जाने के वादे पर अपनों की अस्थियों को अंतिम संस्कार करने वाले खुद ही मुक्तिधाम में कलश रखकर जाते हैं। इसके बावजूद भी वह लोग एक साल होने पर भी लौट कर नहीं आते। उनके इंतजार में अस्थियां धाम में रखी रह जाती हैं।

### पुराने कलशों का समिति कराती है विसर्जन

सालों से मोक्ष प्राप्ति के लिए अपनों की बाट जोह रहे कलशों का विसर्जन हो सके, इसके लिए मुक्तिधाम समिति ने नया विकल्प निकाला है। समिति हर साल सर्वसम्मति से पुराने कलशों का पूरे विधि-विधान से गौला नदी में विसर्जन करा देती है। समिति के अध्यक्ष रामबाबू जायसवाल का कहना है कि संख्या बढ़ने और सालों से रखे रहने के कारण कलशों में रखी अस्थियों को मोक्ष प्रदान करने की दृष्टि से पुरोहितों की मौजूदगी में यह कार्य करवाया जाता है।

### अंत्येष्टि को भी नहीं है समय

शहर के वृद्धाश्रमों में भी कई बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनके परिजनों ने उन्हें छोड़ दिया है या किसी वजह से वह घर से निकल आये हैं। ऐसे में इन बुर्जुर्गों की अंत्येष्टि का जिम्मा आश्रम संचालक ही निभाते हैं। उनके परिवारों की ओर से उन्हें छोड़ देने के बाद दोबारा उनकी खोज-खबर नहीं ली जाती। आनंद आश्रम संचालिका कनक चंद बताती हैं कि ऐसे बुर्जुर्गों का संस्था स्वयं ही अंतिम संस्कार कराती है।

# काठगोदाम पुल से कूद कर युवक ने जान दी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**घटना**

- पुल से कूदा तो सीधे पत्थर पर गिरकर गंभीर रूप से हुआ घायल
- बनभूलपुरा का रहने वाला है युवक स्कूटी से पहुंचा था काठगोदाम

**अमृत विचार :** काठगोदाम पुल से कूद कर एक 19 साल के युवक ने जान दे दी। नदी के पत्थर पर गिरने से गंभीर रूप से घायल हुए युवक को पुलिस ने आनन-फानन में बेस अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस घटना की वजहों की पड़ताल कर रही है।

पुलिस के मुताबिक मलिक का बगीचा (कंपनी बाग) इंदिरानगर बनभूलपुरा का रहने वाला मो. बुफरान (19 वर्ष) पुत्र इंतजार रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे स्कूटी से काठगोदाम गौलापुल पर पहुंचा। यहां पहुंचते ही उसने स्कूटी खड़ी की और पुल से नीचे नदी में छंगाल लगा दी। पानी में गिरने के बजाय वह नदी में पड़े पत्थरों पर गिरा। जिसकी वजह से गंभीर रूप से घायल हो गया। यह देख आसपास के लोगों ने तुरंत सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने टीम की मदद से युवक को नदी से बाहर निकाला और अपने सरकारी वाहन से सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि घटना के संबंध में मृतक के परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है। इधर, घटना के बाद युवक के परिजनों में कोहराम मच गया। जवान बेटे की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सार-संक्षेप



रामनगर में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### रामलीला में लंका दहन देखने को उमड़ी भारी भीड़

**रामनगर :** आदर्श रामलीला समिति की ओर से भवानीगंज में आयोजित रामलीला का आकर्षण चरम पर है। रंगमंच पर सीता से हनुमान की भेंट, अक्षय वध, मेघनाद-हनुमान युद्ध, हनुमान-रावण संवाद और अंत में लंका दहन की लीला को देखते हुए लिए बड़ी संख्या में लोग देर रात तक डटे रहे। रंग मंच पर हनुमान की भूमिका निभा रहे किशोर चंद्रा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, रावण बने सुशील जोशी के अभिनय और गूंजते संवादों ने लोगों की वाहवाही बटोरी। असली रोमांच तब आया जब हनुमान के लंका प्रस्थान का दृश्य मंच पर दिखाया गया। हवा में उड़ते हनुमान को देखकर दर्शकों की तालियों से पूरा ग्राउंड गूंज उठा। इससे पूर्व रामलीला का शुभारंभ कारोबारी बलविंदर सिंह उर्फ संटू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान गगन बिष्ट, नवीन बिष्ट, विनय कुमार, सोनू, अंश भटनागर मौजूद रहे।

### वन विभाग ने 30 कटखने बंद पकड़े

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के विभिन्न गांवों में कटखने बंदरों की बढ़ती संख्या से ग्रामीण दहशत में हैं। तल्लाकोट, मल्लाकोट, बादरकोट गांव दो दर्जन से अधिक लोगों को बंदर घायल कर चुके हैं। वहीं बंदरों का झुंड खेतों में उपज को भी तहस नहस कर रहा है। बीते दिन आरटीआई कार्यकर्ता कृपाल सिंह मेहरा ने डीएम वंदना सिंह को ज्ञापन देकर कटखने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार लगाई थी। डीएम के निर्देश पर वन विभाग हरकत में आ गया है। वन क्षेत्राधिकारी सोनल पनेरु के नेतृत्व में धनियाकोट क्षेत्र से बंदर पकड़ने के लिए अभियान चलाया गया। रेस्क्यू सेंटर रानीबाग से पहुंची छह सदस्यीय टीम ने पिंजरा लगाकर करीब तीस बंदरों को पकड़ लिया।

### चोरों ने तोड़े एचपी गैस एजेंसी के ताले

**रामनगर :** ग्राम टाडा मल्लू में अज्ञात चोरों ने एचपी गैस एजेंसी के ताले तोड़ दिये। चोरों ने गैस एजेंसी के कार्यालय को पूरी तरह खंगाल डाला। कार्यालय की अलमारियों के ताले और दराज के लॉक भी तोड़ दिये। कुछ नहीं मिलने पर गल्ले में रखे दो हजार रुपये एवं एक गैस सिलेंडर लेकर चलते बने। सुबह एजेंसी के स्वामी निजामुद्दीन एजेंसी पर आये तो ताले टूटे देख उनके होश उड़ गए। उन्होंने मामले की तहरीर पीरूमदारा पुलिस चौकी को देकर कार्रवाई की मांग की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू कर दिए हैं। आशंका जताई जा रही है कि गैस एजेंसी में ताले तोड़ने की घटना को अंजाम नशेड़ियों ने दिया होगा।



नैनीताल में डॉ. शिवांगी का स्वागत करते कूटा के सदस्य।

### डॉ. शिवांगी बनीं एनएसएस तदर्थ कार्यक्रम समन्वयक

**नैनीताल :** डॉ. शिवांगी चन्याल को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) कुमाऊं विश्व विद्यालय का तदर्थ कार्यक्रम समन्वयक नियुक्त किया गया है। समन्वयक नियुक्त होने पर डॉ. शिवांगी को अंगवस्त्र पहनाकर कूटा के सदस्यों ने बधाई दी। इस दौरान कूटा के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी, महासचिव डॉ. विजय कुमार, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. भूमिका प्रसाद, डॉ. नेत्र पाल, डॉ. विक्रम बेदी शामिल रहे। वहीं कूटा ने अल्मोड़ा एसएसजे विश्वविद्यालय में प्रोफेसर पद पर प्रमोशन होने पर डॉ. प्रियंका सागर, डॉ. डीपी यादव, डॉ. अरशद हुसैन, डॉ. रिजवाना सिद्दीकी, डॉ. ज्योति जोशी, डॉ. संजीव आर्य, डॉ. नीता भारती सहित एसोसिएट प्रोफेसर बनने पर डॉ. धनी आर्य, डॉ. बलवंत कुमार, डॉ. एचआर कौशल, डॉ. पारुल सक्सेना, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. भुवन चंद्र, डॉ. प्रतिभा फिलोरिया, डॉ. दीपक सागर ने बधाई दी है।

### बोलचाल में हिंदी भाषा का अधिक इस्तेमाल करें

**गरमपानी :** बेतालघाट स्थित अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में हिंदी पखवाड़े के तहत विचार गोष्ठी हुई। जिसमें मातृभाषा हिंदी का अधिक से अधिक प्रयोग करने का आह्वान किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ प्रधानाचार्य दीप चंद्र त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी विषय पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। मुख्य अतिथि राजकीय शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र जोशी ने विद्यार्थियों से मौलिक लेखन का प्रयास करने का आह्वान किया। कवि व शिक्षक राजकुमार भंडारी ने बेटियों पर कविता सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम में चित्रकला, भाषण, वाद विवाद प्रतियोगिता में विजयी मेधावियों को सम्मानित किया गया।

### चांफा गांव के पैदल मार्ग के हालात सुधारने की मांग

**गरमपानी :** सुयालबाड़ी बाजार क्षेत्र से चांफा गांव को जोड़ने वाला पैदल मार्ग खस्ताहाल होने से आवाजाही खतरनाक हो गई है। गांव के 30 परिवार जान जोखिम में डालकर आवाजाही को मजबूर हैं। मोटर मार्ग बीते दिनों हुई बारिश में जगह-जगह हुए भूस्खलन के बाद से बंद पड़ा है। मलबा व भू-धंसाव की जद में आने से मोटर मार्ग क्षतिग्रस्त हो चुका है। गांव का एकमात्र पैदल रास्ता भी कदम-कदम पर क्षतिग्रस्त हो चुका है। रात के समय हालात और ज्यादा बिगड़ रहे हैं। कभी भी बड़ी घटना के सामने आने का अंदेशा बना हुआ है। स्थानीय पंकज नेगी, हरीश नेगी, धन सिंह, नीरज नेगी, मनीष नेगी, जगत सिंह, पूरन सिंह, दान सिंह आदि ने सुध नहीं लेने पर नाराजगी जताई है।

### रामनगर में बाल रंग नाट्य महोत्सव छह से

**रामनगर :** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल में छह अक्टूबर से विभिन्न स्कूलों के बाल कलाकारों का मेला लगने जा रहा है। दो दिन तक चलने वाले बाल रंग नाट्य महोत्सव में स्कूली बच्चे रंगमंच पर अपने अभिनय की छाप छोड़ने के साथ-साथ नाट्य कला की बारीकियों को भी सीखेंगे। समन्वय सांस्कृतिक समिति से जुडे. प्रणय श्रीवास्तव एवं स्कूल के प्रबंध निदेशक प्रसून श्रीवास्तव ने बताया कि अपने पिता एवं प्रसिद्ध रंगकर्मी केबीएल श्रीवास्तव की स्मृति में वह दो दिवसीय बाल रंग नाट्य महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के स्कूली बच्चे नाटक प्रस्तुत करेंगे। छह अक्टूबर को किसान इंटर कॉलेज पीरूमदरा में गोविंद अब न आएंगे नाटक का मंचन किया जाएगा। जबकि राइंका ढिकुली की बालिकाएं यौन उत्पीड़न और संरक्षण नाटक का मंचन करेंगी। मेहरा पब्लिक स्कूल कलयुग का कृष्ण कौन, गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी बसई कलयुग का आनंद, एमपी हिन्दू इंटर कॉलेज बूढ़ी काकी, ग्रेट मिशन स्कूल गिरगिट नाटक का मंचन करेगा।

### डॉ. धर्म प्रकाश विधि विभाग के प्रोफेसर बने



**हल्द्वानी :** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के केंद्रीय संयोजक डॉ. धर्म प्रकाश यादव को सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के विधि विभाग में कॅरियर एडवांसमेंट स्कीम के प्रावधानों के तहत प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति मिली है। डॉ. यादव के प्रोफेसर का पदभार ग्रहण करने पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बधाई देते हुए खुशी व्यक्त की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मोंगा, प्रदेश महामंत्री राजेंद्र फर्सवाण, महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश संगठन प्रभारी विरेंद्र गुप्ता, संरक्षक प्रकाश हर्बोला, भगवान सहाय, शकील अहमद सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष राजेश पुरी, राजेंद्र प्रज्ञान भारद्वाज, देवेश अग्रवाल, पूरन लाल साह ने बधाई दी है।

# अर्द्धनग्न युवक का रामपुर रोड पर हंगामा, राहगीरों पर बरसाये पत्थर

## डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर लगा जाम, पौन घंटे तक अटकी रही लोगो की सांसें

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रामपुर रोड स्थित डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर रविवार की दोपहर राहगीरों की जान सांसत में पड़ गई। एक अर्द्धनग्न युवक हाथ में पत्थर लेकर रोड पर आ गया। उसने गुजरने वालों पर पत्थर बरसाने शुरू कर दिए। कुछ ही देर में हाईवे पर दोनों ओर लंबा जाम लगा गया। करीब पौन घंटे तक हाईवे पर लोग खौफ में रहे, जिसके बाद बमुश्किल राहगीरों ने उसे काबू कर पुलिस के सुपुर्द किया।

घटना दोपहर करीब दो बजे की है। आम दिनों की तरह रामपुर रोड पर यातायात सामान्य चल रहा था तभी एक अर्द्धनग्न युवक अस्पताल के सामने हाईवे पर पहुंच गया। बीच सड़क हाथ में पत्थर लेकर खड़े युवक ने पत्थर दिखाकर लोगों को धमकाना शुरू कर दिया। पहले वह एक कार के आगे आया, डर कर चालक ने कार रोक दी। वह लगातार गालियां दे रहा था और आते-जाते लोगों से कह रहा था कि बुला लो पुलिस। इस बीच दोनों तरफ जाम लग गया। तभी स्कूटी सवार एक महिला-पुरुष वहां से गुजरे। उन्होंने युवक की बात को अनसुना करते हुए आगे निकलने की कोशिश की तो गुस्से में युवक ने उन पर बड़ा पत्थर फेंक दिया। गनीमत रही कि पत्थर पीछे बैठी महिला को नहीं लगा। बीच सड़क में चल रहे तमाशे को देख लोग वीडियो बनाने लगे तो युवक उन्हें भी पत्थर दिखाकर धमकाने लगा। बाद में लोगों ने उसे पकड़कर एसटीएच के सुरक्षा कर्मी के सुपुर्द किया। सुरक्षाकर्मी ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के अनुसार युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उसे चेतावनी देकर छोड़ दिया गया है।



एसटीएच के बाहर स्कूटी सवार पर पत्थर फैंकता युवक, अस्पताल के गार्ड ने पकड़ा युवक को। ● अमृत विचार

### खुद पर ईंट बरसा कर फैलाई दहशत

**हल्द्वानी :** लोग युवक को देखकर न सिर्फ खौफ में आये बल्कि हैरत में भी थे। लोगों को पत्थर दिखाने के साथ वह लोगों को अपनी ताकत भी दिखा रहा था। वह कभी अपनी छाती तो कभी अपने बाजुओं पर बड़े पत्थर से हमला कर यह दिखाने की कोशिश कर रहा था कि उसके शरीर पर पत्थर का भी असर नहीं होता। उसकी यह हरकत देख लोग हैरत में थे।

# बजट के अभाव में लटके नगर निगम के विकास कार्य

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बजट के अभाव में नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हैं। नगर निगम ने पिछले साल जनवरी माह में शहरी विकास निदेशालय से विभिन्न विकास कार्यों के लिए 65 करोड़ रुपये के बजट की मांग की थी, लेकिन शासन से बजट नहीं मिलने के कारण कार्य लटके पड़े हैं।

नगर निगम ने शीशमहल वार्ड 3 में सामुदायिक भवन बनाने के लिए 1.70 करोड़, टनकपुर रोड वार्ड 14 में मल्टीलेवल पार्किंग बनाने के लिए 4.66 करोड़, वर्कशॉप लाइन में वेंडिंग जोन बनाने और सौंदर्यीकरण के लिए 4.96 करोड़, ओपन जिम और चिल्ड्रन पार्क के विकास के लिए 4.98 करोड़, तिकोनिया चौराहे में घंटाघर बनाने के लिए 1.81 करोड़ रुपये की मांग की थी। बाजार क्षेत्र के अंतर्गत आंतरिक मार्गों की मरम्मत करने, वार्ड नं. 35 के मल्ला प्लॉट, देवखड़ी और बेड़ीखत्ता के क्षतिग्रस्त आंतरिक मार्गों के पुर्ननिर्माण के लिए 2.43 करोड़, वार्ड 49 के बमौरी बंदोबस्ती के क्षतिग्रस्त आंतरिक मार्गों के पुनर्निर्माण के लिए 2.35 करोड़ सहित 58 कार्यों के लिए 65 करोड़ रुपये के बजट की मांग की थी, लेकिन बजट न होने से सभी कार्य ठप पड़े हैं।

### भुगतान नहीं होने से कार्य नहीं कर रहे ठेकेदार

नगर निगम की ओर से पूर्व में कराये गए विकास कार्यों का भुगतान ठेकेदारों को नहीं किया गया है। जिस कारण वर्तमान में ठेकेदार छोटे कार्यों को भी करने से गुरेज कर रहे हैं। कई वार्डों में सड़कों में पैच वर्क, पुलिया की मरम्मत और नालियों के निर्माण सहित कई कार्य ठप पड़े हैं। इन दिनों नगर निगम में कई लोग वार्डों की समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। विधायक निधि के खर्च पर नगर निगम से कार्य कराने का अनुरोध कर रहे हैं, लेकिन ठेकेदार नहीं मिलने से कार्य नहीं हो पा रहे हैं। नगर निगम के एई नवल नौटियाल ने बताया कि अधिकांश ठेकेदारों को पूर्व के कार्यों का भुगतान नहीं हो पाया है। जिस कारण वे नए कार्य करने में दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं।

# सरना में चोरों ने कॉटेज से लाखों का सामान उड़ाया

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** धारी क्षेत्र के सरना गांव में दो कॉटेजों में चोरी की वारदात हुई है। चोर एक बंद कॉटेज का जरूरी सामान लेकर फरार हो गये। पीड़ित ने मुक्तेश्वर थाने में तहरीर सौंप दी है। करीब एक माह पूर्व भी क्षेत्र में स्थित एक कॉटेज में चोरी हुई थी।

दिल्ली निवासी रजनी गुप्ता ने बताया कि 7 सितम्बर को वह अपने पति व बेटे के साथ दिल्ली से सरना आई थीं। 8 सितंबर को वह परिवार के साथ दूसरे कॉटेज नम्बर 2 में पहुंची। जहां मुख्य गेट व पीछे का दरवाजा खुला देखा उनके होश उड़ गये। चोर रोशनदान का कांच तोड़कर अंदर घुसे और पीछे के दरवाजे से लाखों रुपये के फर्नीचर व किचन का सामान लेकर फरार हो गये। इसके अलावा दो डबल बैड, गद्दे, बैडशीट, सोफा सैट व गीजर आदि सामान भी गायब है। बताया कि फरवरी 2024 को भी एक कॉटेज में चोरी हुई थी, जिसकी तहरीर थाना चौकी धारी में दी थी। उन्होंने पुलिस पर मामले को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया। बताया कि पूर्व में उन्होंने स्थानीय ग्रामीण युवकों को पेड़ नहीं काटने को कहा था, जिस युवक भड़क गये। युवकों से उनकी कहासुनी भी हुई थी।

# रामलीला को लेकर पुनर्विचार का आग्रह

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** स्थानीय अधिवक्ताओं ने पर्वतीय समिति पैठपड़ाव के रिसीवर/तहसीलदार से पैठपड़ाव में रामलीला नहीं कराये जाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। रविवार को तहसील परिसर में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित तिवारी की अध्यक्षता एवं प्रभात ध्यानी के संचालन में बैठक हुई। जिसमें कहा कि इससे न केवल पर्वतीय समाज अपितु सर्वसमाज की जन भावनाएं आहत हुई हैं।

अधिवक्ताओं का कहना है कि 50 साल से अनवरत रूप से मंच पर रामलीला का मंचन होता रहा है। समिति के कुछ सदस्यों के आपसी विवाद के कारण एसडीएम न्यायालय ने तहसीलदार रामनगर को रिसीवर नियुक्त किया है। तहसीलदार/रिसीवर ने पूर्व में समिति के सदस्यों तथा आम समाज को अवगत कराया था कि रामलीला का मंचन उनके दिशा-निर्देशन में कराया जाएगा, लेकिन अब पता चला है कि रिसीवर/तहसीलदार ने अपने निर्णय को बदल दिया है। जिसमें रामलीला का मंचन नहीं कराने की बात कही है। अधिवक्ताओं ने एसडीएम, रिसीवर/तहसीलदार से निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। बैठक में जगदीश कुमार मासीवाल, सुरेश नैनवाल, राजेंद्र सिंह लटवाल, ललित मोहन जोशी, पीएस बोहरा, धर्मेंद्र अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, बृजमोहन, रवि तिवारी, रणजीत सिंह, अनिल शर्मा, अश्वनी लटवाल आदि मौजूद रहे।



बैठक के दौरान मौजूद अधिवक्ता। ● अमृत विचार

### जाम लगाने वाले का 10 हजार का चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** रामपुर रोड पर स्थित वींटेज बैंक्वेट हाल के संचालक को जाम लगवाना महंगा पड़ गया। टीपीनगर चौकी इंचार्ज दीपक बिष्ट ने उसका 10 हजार का चालान काटा और बताया कि बैंक्वेट हाल में सेमीनार चल जा रहा था। जिसकी वजह से दोपहर तीन बजे हाईवे जाम हो गया। इस पर बैंक्वेट हाल संचालक के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई।

# दो नलकूप खराब होने से पानी संकट

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उजालानगर और पनियाली क्षेत्र में नलकूप खराब होने से रविवार को भी लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा। करीब पांच हजार लोग दिनभर टैंकरों से पानी भरने को मजबूर हो रहे हैं। विभाग ने 15 टैंकरों के माध्यम से लोगों तक पानी पहुंचाया। अंतिम छोर में गौला आच्छादित पेयजल योजना से संकट झेल रहे लोगों तक भी विभाग ने पानी बांटा।

सहायक अभियंता रविंद्र कुमार ने बताया कि रविवार को उजालानगर, पनियाली, कठघरिया, कुसुमखेड़ा, हिम्मतपुर मल्ला, दमुवाढूंगा आदि क्षेत्रों में टैंकर से आपूर्ति कराई गई है। दोनों नलकूपों की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है।

### चार घंटे बंद रही सप्लाई

**हल्द्वानी :** सिल्ट की सफाई के चलते रविवार को चार घंटे तक गौला नदी से शीशमहल फिल्टर प्लांट को पेयजल सप्लाई नहीं हुई। इससे कुसुमखेड़ा, ऊंचापुल, मुख्य बाजार, लालडांठ क्षेत्रों में लोगों को सुबह पानी नहीं मिल पाया। करीब 11 बजे बाद पेयजल सप्लाई बहाल हुई। सहायक अभियंता नीरज तिवारी ने बताया कि सिल्ट को साफ करने के लिए सुबह 8 बजे से 11 बजे तक सप्लाई बंद रही। 11 बजे पानी मिलने के बाद आपूर्ति को सुचारू कराया गया।

### ऑफिसर्स एसोसिएशन ने दिखाया दमखम

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारियों ने एआईपीएबीओए ऑफिसर्स एसोसिएशन की 60वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में देव शटलर डेन में बैडमिंटन, कैरम, शतरंज और टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया। बैडमिंडन सिंगल पुरुष वर्ग में धनंजय सिंह, महिला वर्ग में वैष्णवी जोशी, बालक वर्ग में रुद्राक्ष वर्मा, बैडमिंटन डबल पुरुष वर्ग में धनंजय सिंह और सौरभ नेगी विजेता रहे। इसके अलावा शतरंज पुरुष वर्ग में गौरव मनराल, बालक वर्ग में सिद्धार्थ विजेता रहे। कैरम पुरुष वर्ग में कमल शर्मा और महिला वर्ग में रक्षिता जोशी ने पहला स्थान पाया। टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में नवेंद्र नेगी ने जीत हासिल की। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह रावत और आयोजन सचिव प्रवीन सिंह यदुवंशी ने किया। इस दौरान महेंद्र सिंह अधिकारी, बसंत जोशी, हिमांशु बृजवाल, मोहन कुमार, पूजन जोशी, हेम जोशी, ईश्वर चंद्र पंत, संजीव कुमार, ज्योति प्रभा, केसी नौटियाल मौजूद रहे।

# बारिश नहीं होने से मैदान से पहाड़ तक चढ़ा पारा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बारिश नहीं होने से मैदानी इलाकों से लेकर पहाड़ तक तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है। मैदानी इलाकों में उमस भरी गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है।

हल्द्वानी में इन दिनों अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस के पास चल रहा है। यह सामान्य ये 2.5 डिग्री ज्यादा है। रविवार को न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन के समय उमस भरी गर्मी पड़ रही है। पिछले एक सप्ताह पहले जहां तापमान गिरने से घरों में पंखे बंद हो गए थे। वहीं अब फिर से एसी व कूलर चलाने की नौबत आ गई है। यही नहीं मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस है, जो सामान्य से पांच डिग्री ज्यादा है। अल्मोड़ा में भी पारा 33.7 डिग्री तक पहुंच गया है। पहाड़ों में रात के समय गर्मी से काफी राहत है, लेकिन दिन के समय चटक धूप पड़ रही है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले सात दिनों से बारिश रूक गई है। विगत दिनों हुई बारिश के बाद मौसम साफ हो रहा है। इसलिए धूप काफी तेज निकल रही है। अनुमान है कि 25 सितंबर से बारिश हो सकती है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार अक्टूबर माह के दूसरे सप्ताह के बाद से दिन और रात के तापमान में गिरावट आने लगेगी।

**इस तरह बढ़ा तापमान**

| | |
|---|---|
| 17 सितंबर | 31.5 डिग्री |
| 18 सितंबर | 28.8 डिग्री |
| 19 सितंबर | 33.5 डिग्री |
| 20 सितंबर | 34.5 डिग्री |
| 21 सितंबर | 35.0 डिग्री |
| 22 सितंबर | 35.1 डिग्री |

### महिलाओं को दी जानकारी

**कालाढूंगी, अमृत विचार :** बाल विकास परियोजना कोटाबाग की ओर से आयोजित पोषण माह कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों को तमाम जानकारियां दी गईं। सेक्टर कालाढूंगी में आयोजित कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम रौतेला, सुपरवाइजर प्रेमलता गुंज्याल ने संतुलित पोष्टिक आहार सहित महिला, किशोरी से संबंधित तमाम जानकारियों से अवगत कराया। महिला पुलिस उपनिरीक्षक निशु गौतम ने कानूनी जानकारी दी। महिला चिकित्सक डॉ. प्रियंका कांडपाल, डॉ. ऐश्वर्या ने स्वास्थ्य संबंधित जानकारी और सावधानियां बताई। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। इस दौरान गंगा बिष्ट, मंजू बोरा, गीता खाती, द्रोपदी, शबनम, रशीदा, सना, सुनीता, पुष्पा राधा आदि उपस्थित रहे।

### राज्य आंदोलनकारियों की बैठक आज

**रामनगर, अमृत विचार :** राज्य निर्माण आंदोलनकारियों की एक बैठक सोमवार को प्रमुख आंदोलनकारी नेता प्रभात ध्यानी की अध्यक्षता में होगी। जिसमें चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त समिति के केंद्रीय मुख्य संरक्षक धीरेंद्र प्रताप भी शामिल रहेंगे। इस बैठक में 10 फीसदी आरक्षण समेत विभिन्न मांगों को लेकर चर्चा की जायेगी। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में राज्य आंदोलनकारियों से बैठक में प्रतिभाग करने की अपील की है।

Rohilkhand
INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

दिल्ली का जाना-माना IVF सैन्टर
RISAA IVF
Creating life.... completing families.

अब अधूरे सपने होंगे पूरे
निःसन्तानता निवारण टेस्ट ट्यूब सैन्टर

निःशुल्क IVF कैम्प
निःसंतान दम्पत्तियों हेतु

दिनांक : 13 व 27 सितम्बर 2024
दिन शुक्रवार
समय : प्रातः 10:00 से 02 बजे तक



अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ !

शिविर में उपलब्ध सुविधायें :-
★ निःसन्तानता सम्बन्धित जाँचें
★ टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर
★ परामर्श मुफ्त ★ लैब टेस्ट भारी छूट पर
★ इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड मात्र 200/- में

विशेषतायें:-
★ 25 वर्षों के अनुभव के साथ।
★ ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
★ उच्चतम सफलता दर ★ विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब

देश विदेश में हजारों दम्पत्ति हुए लाभान्वित आइये आप भी यह उम्मीद पाएं.....

शिविर स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
हेल्पलाइन नं० 6398018900

## सार-संक्षेप



स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार

### शिविर में 112 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**हल्द्वानी :** सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा ने कालाढूंगी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय झलवाजाला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। जिसमें अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. नवनीत अधिकारी, महिला एवं प्रसूति विशेषज्ञ डॉ. अलका सती, न्यूरोसर्जन डॉ. अमित देवल, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिरुद्ध वैद्य ने 112 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही मरीजों को निशुल्क दवा भी दी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री धामी के जन्मदिवस पर भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। यहां रेड क्रॉस के चेयरमैन नवनीत राणा, डॉ. मोहन सती, अशोक सिंह, विक्रम जंतवाल, बीएस बिष्ट, विनोद बुडलाकोटी, हरीश मेहरा, गौरव जोशी, नंदा बल्लभ जोशी, रवि डिगारी, तारा दत्त खोलिया मौजूद रहे।



निशुल्क शिविर के दौरान प्रधानाचार्य प्रवींद्र रौतेला, चिकित्सक व अन्य।

### शिविर में 140 लोगों का हुआ निशुल्क नेत्र परीक्षण

**हल्द्वानी :** जज फार्म स्थित सिथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रविवार को प्रभु नेत्रालय की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 140 लोगों की आंखों की जांच की गई। साथ ही शुगर और बीपी की जांच कर निशुल्क दवा दी गई। करीब 30 लोगों को ऑपरेशन की सलाह दी गई है। इन मरीजों के ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क किए जाएंगे। सामाजिक कार्यकर्ता उमेश बिनवाल ने कहा कि शिविर आगे भी आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्कूल के प्रधानाचार्य प्रवींद्र रौतेला, महिपाल रौतेला, श्याम सुंदर बेलवाल, त्रिलोक बिष्ट, उदित पलड़िया, सुमित बिष्ट, प्रतीक सुखीजा, डॉ. शनानाज, शिवम राजपूत, चंद्रशेखर पांडे, स्वीटी सरकार, लोकेश उपाध्याय, खीमानंद बिनवाल मौजूद रहे।

### दुर्गा पूजा के 60 वर्ष पूरे होने पर होगा भव्य आयोजन

**हल्द्वानी :** नंदपुर कठघरिया स्थित रामकृष्ण धाम ट्रस्ट आश्रम के दुर्गा मंदिर में रविवार को पूजा कमेटी की बैठक हुई। जिसमें आश्रम के अध्यक्ष स्वामी कृष्णानंद पुरी महाराज ने बताया कि दुर्गा पूजा कार्यक्रम के 60 वर्ष पूरे होने पर मंडप को भव्य रूप से सजाया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में चारों तरफ आकर्षक लाइटिंग की जाएगी। उन्होंने नवरात्रि के अवसर पर भक्तों से दुर्गा माता की पूजा में शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में स्वामी प्रभोदानंद महाराज, स्वामी चिदानंद महाराज, ब्रह्मचारी ईश्वर चैतन्य, कन्हैया चक्रवर्ती, शंकर चक्रवर्ती, प्रभास स्वर्णकार, सुरेंद्र सिंह निगल्टिया, नीरज पांडे, संजय राय, संजीव साहा, विश्वजीत, पंकज दास मौजूद रहे।

### साथी संगठन ने चलाया जागरूकता अभियान

**हल्द्वानी :** साथ संगठन के सदस्यों ने रविवार को चंबलपुल स्थित अटल पार्क में झाड़ू लगाकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि शाम होते ही पार्क में अराजकतत्व घुस आते हैं। नशेड़ियों के अलावा बाहर से आये युवक-युवतियां अश्लील हरकतें करते हैं। लोगों ने चंबल पुल और पार्क के आसपास पुलिस की गश्त बढ़ाने की मांग उठाई। संगठन के सदस्यों ने तय किया कि अगले सप्ताह जमरानी कॉलोनी स्थित मल्ला प्लाट के शिवमंदिर में जन जागरूकता के लिए श्रमदान किया जायेगा। इस दौरान रमा रौतेला, कमला तिवारी, बसंती, वीरेंद्र सिंह भाकुनी, डीडी शर्मा, आनन्द सिंह रावत, आनन्द सिंह भाकुनी, आनन्द सिंह ठठोला आदि मौजूद रहे।



पुरानी पेंशन बहाली को लेकर हुई बैठक में मौजूद कर्मचारी। ● अमृत विचार

### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आक्रोश रैली 26 को

**हल्द्वानी :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर रविवार को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली मंच उत्तराखंड ने पीलीकोठी स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बैठक की। जिसमें विभिन्न विभागों से आये कर्मचारियों ने 26 सितंबर को होने वाली आक्रोश रैली को सफल बनाने पर चर्चा की। साथ ही पुरानी पेंशन बहाली के लिए सभी से सहयोग करने का आह्वान किया। कहा कि तिकोनिया स्थित बुद्ध पार्क से डीएम कार्यालय तक आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इसके बाद डीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा जाएगा। बैठक का संचालन संगठन के जिलामंत्री मदन सिंह बर्तवाल ने किया। इस दौरान नंदन गोस्वामी, पूरन सिंह नयाल, मीना, उर्मिला कांडपाल, गिरीश पनेरु, मदन मोहन बिष्ट, ललित शर्मा, हरीश लोशाली मौजूद रहे।




नवाबी रोड स्थित बैंक्वेट हाल में लगे शिविर में रक्तदान करते लोग। ● अमृत विचार

### शिविर में 106 लोगों ने किया रक्तदान

**हल्द्वानी :** विश्व फार्मासिस्ट दिवस के अवसर पर नवाबी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 106 लोगों ने रक्तदान किया। वक्ताओं ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं में फार्मासिस्टों की अहम भूमिका होती है। कोरोना काल के दौरान यह देखा भी गया है। संजय त्यागी ने बताया कि यह 10वां रक्तदान शिविर है। आगे भी इस तरह के शिविर लगाये जायेंगे। शिविर में देवभूमि फार्मासिस्ट एसोसिएशन, वसुधैव कुटुंबकम जनहित फाउंडेशन, ग्वाल सेवा संगठन, हैल्पिंग हैंड चेरिटेबल ट्रस्ट, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने सहयोग किया।

### कोविड प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने से एएनएम में रोष

**हल्द्वानी :** मातृ शिशु परिवार कल्याण संगठन की एक बैठक नगर निगम सभागार में हुई। जिसमें एएनएम कर्मचारियों ने अपनी मांगों को उठाया। साथ ही शीघ्र संगठन के चुनाव कराने की बात कही। महिला कर्मचारियों ने कहा कि उन्हें अभी तक आतिथि एवं कोविड प्रोत्साहन राशि नहीं मिली है। जबकि कोविड के समय स्वास्थ्य सेवाओं में एएनएम ने अपनी अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने वर्दी भत्ता देने, 2800 ग्रेड पे बहाल करने व समय से पदोन्नति की मांग उठाई। बैठक में तय हुआ कि संघ की जिला कार्यकारिणी के चुनाव 15 अक्टूबर को कराए जाएंगे। चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इस दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तराखंड के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरजेश कांडपाल, जिला मंत्री तनवीर असगर, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शोभा टम्टा, निर्मला, लीला पंचोली मौजूद रहे।

# गौलापुल की एप्रोच रोड को लेकर कांग्रेसियों का धरना

## कहा, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी एप्रोच सड़क, निष्पक्ष जांच हो, गौलापुल शीघ्र नहीं खोला गया तो कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन

**संवाददाता, हल्द्वानी/चोरगलिया**

**अमृत विचार :** गौलापुल की एप्रोच रोड को लेकर कांग्रेसियों ने रविवार को धरना दिया। धरने में गौलापार क्षेत्र के ग्रामीणों ने भी हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि गौलापुल की एप्रोच रोड भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी है। इसकी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस आंदोलन करेगी।

गौलापुल क्षतिग्रस्त होने से गौलापार क्षेत्र के ग्रामीण खासे परेशान हैं। किसानों को अपनी उपज लाने में दिक्कत हो रही है। वहीं छात्र-छात्राएं भी समय से स्कूल, कॉलेज नहीं पहुंच पा रहे हैं। उन्हें काठगोदाम होकर आना-जाना पड़ रहा है, जिसमें समय अधिक लग रहा है। वहीं चोरगलिया, सितारगंज, खटीमा आदि जाने वाले वाहनों को भी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है।

गौलापुल शीघ्र खोले जाने की मांग को लेकर रविवार को कांग्रेसियों ने धरना दिया। विधायक सुमित हृदयेश ने कहा कि गौलापुल को बंद हुए एक सप्ताह से ज्यादा का समय बीत गया है, लेकिन अभी तक इस पर काम शुरू नहीं हो सका है। पुल बंद होने से ग्रामीण, व्यापारी, छात्र-छात्राएं सब परेशान हैं। खेतों की उपज समय से बाजार तक नहीं पहुंच पा रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री हरीश चंद्र दुर्गापाल ने कहा कि पिछली बार 9.65 करोड़ रुपये खर्च करके एनएचएआई ने एप्रोच रोड को दोबारा बनाया था तो वह फिर से कैसे क्षतिग्रस्त हो गई। यह गंभीर मामला है, इसकी जांच होनी चाहिए।



गौलापुल की एप्रोच रोड को लेकर पुल के पास धरना देते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि सरकार को काश्तकारों, गरीबों से कोई मतलब नहीं है। जिनको पुल बंद होने की वजह से रोजाना ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान सरकार, एनएचएआई और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

धरने में पूर्व सांसद महेंद्र पाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व विधायक संजीव आर्य, हरेंद्र बोरा, हेमवती नंदन दुर्गापाल, राजेंद्र खनवाल, खजान पांडे, नीरज रैक्वाल, अर्जुन बिष्ट, हेमंत बगड्वाल, इंद्रपाल आर्या, महिपाल रैक्वाल, विनय दानी, नानू मेहरा, बलवंत मेहरा, जगदीश रैक्वाल, धन्नू रैक्वाल, भगवान सम्मल, पंकज मेलकानी, रवि नेगी, शोभा बिष्ट, जानकी देवी, अंजू बिष्ट, पुष्पा समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।




धरने पर बैठे ग्रामीणों को समर्थन देने पहुंचे पूर्व सांसद महेन्द्र पाल। ● अमृत विचार

### रिंग रोड के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**हल्द्वानी :** किसान मकान बचाओ संघर्ष समिति ने रिंग रोड परियोजना के विरोध में धरना रविवार को भी जारी रखा। धरने को पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल ने समर्थन देते हुए कहा कि यह संघर्ष किसी राजनीतिक लाभ या हानि का नहीं, बल्कि आम जनता के हक की लड़ाई है। समिति के उपाध्यक्ष ललित मोहन जोशी ने कहा कि सभी को मिलकर इस अन्याय के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने घर व जमीनों को बचाने के लिए लोगों से आगे आने को कहा। इस दौरान कार्तिक उपाध्याय, शंभू दत्त कविदयाल, नवीन चंद्र, निक्की दुर्गापाल, हर्षित उपाध्याय, आनंद सिंह दरम्वाल, लक्ष्मण सिंह बोरा, हंस दानी मौजूद रहे।

# विक्रम सिंह को आरएसएस पर पीएचडी की उपाधि मिली

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय ने विक्रम सिंह माहोड़ी को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का राष्ट्र निर्माण में योगदान एक अध्ययन (1925 से 2016) विषय पर पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। विक्रम को उक्त विषय पर शोध करने में करीब 6 साल लगे। उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर पर आरएसएस की ओर से राष्ट्र निर्माण में किए गए कार्य पर समग्र और गहन रूप से अध्ययन किया।



शोध कार्य में आरएसएस के उद्देश्य, संगठनात्मक संरचना, नैतिक चरित्र, समता, समानता, योग, हिंदू राष्ट्र की अवधारणा, सनातन धर्म की मूल आत्मा सहित सर संघचालक से लेकर अंतिम पायदान पर कार्य कर रहे स्वयंसेवक के कर्तव्य और योगदान पर गहन अध्ययन किया गया। साथ ही देश के सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, राजनीतिक स्वरूप, सशक्त राष्ट्र और राष्ट्रवाद के बारे में शोध किया गया। विक्रम ने शोध कार्य एमबीपीजी कॉलेज के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ. एचएस भाकुनी के दिशा निर्देशन में पूरा किया। बताया गया कि देश में प्रथम शताब्दी से लेकर वर्तमान तक लगभग 112 बार बड़े आक्रमण हुए। इतने आक्रमण सहने के बावजूद भारत ने गरीबी, भुखमरी, बीमारी प्राकृतिक आपदाओं का डटकर मुकाबला किया। फिर से देश अपनी प्रगति के रास्ते पर निकल पड़ा, जिसमें आरएसएस अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

शोधग्रंथ भारतीयता एवं मानवता के प्रत्येक पहलू में आरएसएस के प्रचारकों की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करेगा। शोधग्रंथ का पुस्तक के रूप में प्रकाशन कर देश के प्रत्येक आरएसएस कार्यकर्ता तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। विक्रम को पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी त्रिवेंद्र सिंह रावत, क्षेत्र प्रचारक डॉ. हरीश रौतेला, हिंदू जागरण मंच के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री भगवान कार्की, कुविवि के कुलपति प्रो. डीएस रावत, शोध एवं प्रसार निदेशक डॉ. एनके साहू, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. गिरधर सिंह नेगी, प्रो. संजय टम्टा और प्रो. शिवानी रावत आदि ने बधाई दी है।

### पंचायतों के परिसीमन में क्षेत्रफल को आधार बनाएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन ने राज्य के 12 जनपदों में पंचायतों के हो रहे परिसीमन में जनसंख्या की जगह क्षेत्रफल को आधार बनाने की मांग उठाई है। संगठन ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी भेजा है।

प्रदेश संयोजक जगत सिंह मर्तोलिया ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में परिसीमन का आधार क्षेत्रफल नहीं रहा तो ग्राम पंचायतों के साथ-साथ अन्य दो पंचायतों की संख्या कम हो जाएगी। प्रदेश के 12 जनपदों में ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत के वार्ड का परिसीमन किया जा रहा है। पलायन के कारण ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत और जिला पंचायत के वार्डों की संख्या घटने की संभावना है। कहा कि वर्ष 2011 के बाद जनगणना नहीं हुई है। इसलिए 2011 की जनगणना के अनुसार किसी भी पंचायत को समाप्त किया जाना असंवैधानिक है।

# जन संवाद शिविर प्रशासन का, प्रचार हो रहा भाजपा का

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन के जन संवाद कार्यक्रम को कांग्रेस के पीसीसी सदस्य ललित जोशी ने सवालों के कटघरे में खड़ा किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला प्रशासन भाजपा सरकार के एजेंट के तौर पर काम कर रहा है।



ललित का कहना है कि लंबे समय बाद बतौर प्रशासक नगर निगम में वार्डवार समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन हर शिविर भाजपा नेताओं की मौजूदगी में हो रहा है। शिविर में विपक्ष को न बुलाना इस बात की ओर इशारा है कि जिला प्रशासन भाजपा सरकार का एजेंट बन गया है। नगर निगम का बोर्ड भंग है और निवर्तमान पार्षद विकास की बाट जोह रहे हैं। जिला प्रशासन के जन संवाद शिविरों के जरिये भाजपा चुनावी कैंपेन चला रही है।

नगर निगम के चुनाव कब होंगे और कब बोर्ड का गठन होगा, इस सवाल का जवाब सिर्फ सरकार के पास है। सरकार ने हाईकोर्ट में दिसंबर माह तक चुनाव कराने का शपथ पत्र दिया है। नगर निगम क्षेत्र दो दिसंबर 2023 से बतौर प्रशासक डीएम के हवाले है। चर्चा है कि चुनाव 2025 में होंगे। वार्ड एक से 30 तक लोगों के लिए समाधान शिविर लग चुके हैं। इन शिविरों में वार्ड के लोगों की कितनी समस्याओं का समाधान हो रहा है, यह तो वार्ड में रहने वाले लोग ही बता सकते हैं।

# नशे को बढ़ावा देने वालों का करना होगा बहिष्कार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नगर निगम सभागार में एक बैठक के दौरान मानवाधिकारों को जागरूक करने, भ्रष्टाचार और लोकतंत्र के स्तंभों की वकालत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट पृथ्वीपाल सिंह रावत ने महिला अपराध पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भी महिलाओं के साथ दुष्कर्म और हत्या जैसे मामले देखने को मिल रहे हैं। दमुवाढूंगा, राजपुरा, काठगोदाम आदि स्थानों में युवाओं में नशे का सेवन बढ़ रहा है। इस पर रोक लगाने के लिए युवाओं को आगे आना होगा और नशे को बढ़ावा देने वालों का बहिष्कार करना होगा। राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं एंटी करप्शन फोर्स के संगठन का विस्तार करते हुए कुमाऊं मंडल की कमान भार्गव बिष्ट को सौंपते हुए युवा मंडल अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

भार्गव बिष्ट ने समाज में बढ़ती अराजकता, नशा मुक्ति व महिला उत्पीड़न के लिए जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया। चंद्र त्रिपाठी ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संगठन की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण, अशोक कश्यप, दिनेश मंडल, असलम खान, सुरेंद्र बिष्ट, हर्षित और इंद्रेश नेगी मौजूद रहे।

# नशेड़ियों के खिलाफ किया प्रदर्शन



नशेड़ियों के खिलाफ प्रदर्शन करते दमुवाढूंगा के लोग। ● अमृत विचार

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** दमुवाढूंगा के लोगों ने रविवार को क्षेत्र में नशेड़ियों की अराजकता के खिलाफ प्रदर्शन किया। कमेटिया बरसाती नाले के पास महिलाओं ने एकत्र होकर जमकर नारे लगाये और पुलिस प्रशासन से नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। सामाजिक कार्यकर्ता मन्नू गोस्वामी के नेतृत्व में महिलाओं ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जंगल में नशेड़ियों का अड्डा बन गया है। नशेड़ी क्षेत्र की महिलाओं से अश्लील हरकतें करते हैं। मन्नू गोस्वामी ने कहा कि नशेड़ियों का मनोबल बहुत बढ़ गया है, जिससे महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म की घटनाएं बढ़ रही हैं। महिलाओं ने दराती और डंडा लेकर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पुलिस से शीघ्र नशेड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस दौरान मनोज टम्टा, विक्की टम्टा, धना बिष्ट, विमला पडलिया, दीपा गोस्वामी, गीता देवी, जीवंती देवी, मोहनी देवी, हंसी देवी, मंजू देवी, सरिता देवी, बसंती देवी, चांदनी मौजूद रहे।

### ऑटो चालकों ने विधायक सुमित को बताई समस्याएं

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** तिपहिया ऑटो टैक्सी मालिक चालक वेलफेयर सोसाइटी के शिष्टमंडल ने विधायक सुमित हृदयेश से उनके निवास पर मुलाकात की। चालकों ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि ऑटो चालकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। उनके पक्ष को सुने बिना ही उन पर दबाव बनाया जा रहा है। विधायक सुमित ने चालकों की समस्याओं को देखते हुए सिटी मजिस्ट्रेट, एसपी सिटी, आरटीओ से फोन पर बातचीत की और समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान टेम्पो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. केदार पालड़िया, प्रिंस आहूजा, गिरीश जोशी, पंकज नेगी, जसोद देउपा, चिंतामणि पोखरिया, हरीश चन्द्र तिवारी मौजूद रहे।

**महंगाई की मार** | उड़द, चना, अरहर, मल्का, मटर व सोयाबीन आदि दालों के दामों में हुई बढ़ोत्तरी

# महंगी हुई खाने की थाली, दाल-तेल के दाम बढ़े

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** बरसात के बाद श्राद्ध शुरू होते ही बाजार में दाल की कीमतों में बढ़ोत्तरी हुई है। इनमें पितृ पक्ष में सबसे महत्वपूर्ण मानी जाने वाली दाल उड़द भी शामिल है। इसके अलावा चना, अरहर, मल्का, मटर, सोयाबीन आदि दालों के दाम भी बढ़े हैं।

बारिश के कारण सब्जियों के दाम पहले से बढ़े हैं, ऐसे में अब दालों के दामों में करीब 10 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। जिससे खाने की थाली महंगी हो गई है। वहीं तेल के दामों में भी पिछले एक माह में 20 रुपये की बढ़ोत्तरी हुई है। करीब एक माह पूर्व बाजार में सरसों का तेल 125 से 130 रुपये लीटर था। वहीं अब एक लीटर तेल की कीमत 145 रुपये पहुंच गई है। दालों और तेल के दामों में बढ़ोतरी होने से महिलाओं की रसोई का बजट बिगड़ गया है।



मीनाक्षी, चंपा, नंदनी और कविता समेत कई महिलाओं ने कहा कि सब्जियों के बाद अब दालों और तेल के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है। इससे उनकी रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। वहीं व्यापारियों का कहना है कि सब्जियों के दाम बढ़ने और दालों की आवक शुरू नहीं होने से यह बदलाव देखने को मिल रहा है। व्यापारी मनीष ने बताया कि अक्टूबर माह में बाजार में दालों की आवक शुरू हो जाती है। ऐसे में दामों में गिरावट आने की उम्मीद है।

▸▸ **145 रुपये पहुंची एक लीटर सरसों तेल की कीमत, सब्जियों के दाम भी नहीं हुए कम**

**दालों के दाम किग्रा में**

| दाल | पुराने दाम | नए दाम |
|---|---|---|
| अरहर | 160 | 170 |
| मल्का | 80 | 90 |
| सोयाबीन | 60 | 70 |
| उड़द | 110 | 120 |
| राजमा | 130 | 141 |
| मटर | 60 | 80 |
| चना | 100 | 110 |
| हरी मूंग | 80 | 90 |
| **तेल लीटर में :-** | | |
| सरसों | 120 | 145 |
| रिफाइंड | 100 | 125 |

# बनभूलपुरा में हुई फॉगिंग



बनभूलपुरा स्थित जीजीआई के पास फागिंग करते नगर निगम के कर्मचारी।

**संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** नगर निगम का वार्डों में फॉगिंग अभियान तेजी से चल रहा है। नई मशीनों के आने के बाद वार्डों में प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार फॉगिंग की जा रही है। रविवार को बनभूलपुरा, गांधीनगर और गौजाजाली क्षेत्र में फॉगिंग की गई।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कांडपाल ने बताया कि वार्ड 23 बनभूलपुरा जीआईसी के पीछे वाले क्षेत्र में एक बड़ी और एक छोटी मशीन से फॉगिंग की गई। वहीं वार्ड 27 गांधीनगर में दो बड़ी और दो छोटी तथा वार्ड 59 गौजाजाली क्षेत्र में 2 बड़ी मशीनों से फॉगिंग की गई। डॉ. कांडपाल ने बताया कि जिस वार्ड में दो मशीनों से फॉगिंग की जा रही है। वहां एक दिन में कार्य पूरा हो जा रहा है। एक मशीन से फॉगिंग करने में वार्ड में दो दिन लग रहे हैं। नई मशीनों के आने से फॉगिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

## सार-संक्षेप



किच्छा के मुख्य बाजार में सदस्यता अभियान चलाते भाजपाई। ● अमृत विचार

### भाजपा नेता संजीव सिंह ने चलाया सदस्यता अभियान

**किच्छा :** वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट के आह्वान पर नगर के मुख्य बाजार में जन संपर्क अभियान चलाते हुए तमाम लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता अभियान के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनना केवल राजनीतिक जुड़ाव नहीं हैं, बल्कि यह एक ऐसा माध्यम है, जिसके द्वारा प्रत्येक नागरिक अपने परिवार, समाज और देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने में सक्रिय योगदान दे सकता है। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य भाजपा के सदस्यता अभियान को व्यापक स्तर पर ले जाकर जन-जन का अभियान बनाना है। उन्होंने लोगों से कहा कि राष्ट्र कल्याण के लिए भारतीय जनता पार्टी से जुड़कर भारत माता को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस दौरान व्यापारी नेता नितिन फुटेला, अनुज कुमार, ब्रह्मानन्द पुरोहित, संतोष सिंह, राम स्वरूप, त्रिवेणी सहाय गंगवार, पवन कुमार, विशाल चौहान, राजीव कुमार, धनंजय सिंह आदि मौजूद रहे।



बाढ़ पीड़ितों को राहत किट देते लायंस क्लब खटीमा सिटी के पदाधिकारी और अन्य।

### लायंस क्लब खटीमा सिटी ने बांटी राहत सामग्री

**खटीमा :** लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ लखनऊ से भेजी गई राहत सामग्री का वितरण किया गया। राहत सामग्री में राशन किट, कंबल, शिक्षण सामग्री आदि शामिल रही। लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मुकेश व टीम के प्रयास से संस्था ने लखनऊ से आठ जुलाई को आई भीषण बाढ़ से प्रभावित परिवारों के लिए राहत सामग्री भेजी गई थी। जिसे लायंस क्लब खटीमा सिटी द्वारा बाढ़ राहत किट, शिक्षा सामग्री और कम्बल प्रभावित गरीब परिवारों को बांटे। क्लब सिटी अध्यक्ष प्रवीण उपाध्याय सहित समस्त सदस्यों ने डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सहित सभी उच्चाधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर जितेंद्र बत्रा, राजकुमार अरोड़ा, विवेक अग्रवाल, हरमीक सिंह, दीवानी चंद, नरेंद्र रौतेला, महेश कोहली, शिवम अग्रवाल, राहुल कंसल, हरप्रीत गंभीर, जगदीश शर्मा, आदि मौजूद रहे।



शांतिनगर बिंदुखत्ता में बैठक को संबोधित करते नवनिर्वाचित प्रधान उमेश चंद्र भट्ट।

### बिंदुखत्ता के शांतिनगर में नई ग्राम पंचायत का गठन

**बिंदुखत्ता :** वन अधिकार समिति के सदस्य श्याम सिंह रावत व बिंदुखत्ता भूमिहीन संघर्ष समिति के संरक्षक देवकीनंदन पाठक की अध्यक्षता में हुई खुली बैठक में अन्नपूर्णा मंदिर शांतिनगर में हुई। जिसमें शांतिनगर में नई ग्राम पंचायत का सर्वसम्मति से गठन कर उमेश चंद्र भट्ट को निर्विरोध प्रधान चुना गया। साथ ही नारायण सिंह कोरंगा, गजेंद्र सिंह रावत, भवानी राम, ममता रावत, रतवीर सिंह, तारा दत्त जोशी, संजय मठपाल, हिमांशु पाठक, खड़क सिंह पपोला, सुभाष आर्य, जीवन सिंह गुसाईं, पूरन सिंह, अमर सिंह भाकुनी, मंगल सिंह मेहता, चंद्रा कोरंगा, शोभा पांडे, हीरा सिंह दानू, मनोज सिंह कोरंगा, गोपाल दत्त जोशी, उमेद सिंह कोरंगा, उमेश चंद्र भट्ट, केदार सिंह गढ़िया, ईश्वर सिंह दानू, गुड्डी दानू, नंदन सिंह कन्याल व हरीश चंद्र जोशी, वार्ड सदस्य चुने गए। बैठक में नवनिर्वाचित प्रधान उमेश चंद्र भट्ट ने कहा कि वह बिंदुखात्ता राजस्व ग्राम के लिए निर्वाचित ग्राम पंचायत के सभी वार्ड सदस्यों के सहयोग से संघर्ष करेंगे और जरूरत पड़ने पर सरकार व शासन-प्रशासन के समक्ष अपनी जायज मांगों को पुरजोर तरीके से उठाया जाएगा।

### दुग्ध संघ के जीएम मेहता ने किया समिति का निरीक्षण

**शांतिपुरी :** ऊधमसिंह नगर दुग्ध संघ के जीएम राजेश मेहता ने कामधेनु दुग्ध समिति शांतिपुरी का रविवार को प्रात: 7:30 बजे औचक निरीक्षण कर समिति की कार्यशैली, संसाधनों एवं समिति की मूलभूत आवश्यकताओं को परखा। इस दौरान उन्होंने समिति बोर्ड के पदाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ समिति को आदर्श दुग्ध समिति बनाए जाने हेतु सरकार की योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने शांतिपुरी दुग्ध समिति को आदर्श दुग्ध समिति बनाने का प्रस्ताव जल्द ही शासन को भेजने की बात कही। कहा कि आदर्श दुग्ध समिति बनने पर उसमें भूषा गोदाम समेत सभी आवश्यक सुविधाएं मिलेंगी। जिसका लाभ यहां के दुग्ध उत्पादकों को मिलेगा। इस मौके पर पूर्व दुग्धसंघ चियरमैन एडवोकेट राजेंद्र प्रसाद शर्मा, दुग्ध निदेशक इन्दर मेहता, पूरन चंद तिवारी, हयात सिंह कोरंगा, पूरन चंद, दीवान सिंह कोरंगा, नवीन रजवार आदि मौजूद रहे।

# देहरादून के तीरथ ने जीती 20 किमी. वॉक रेस

## पांचवें राज्य स्तरीय खेलों के तीसरे दिन पंतनगर में आयोजित हुईं दो प्रतियोगिताएं, खिलाड़ियों में दिखा उत्साह

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में विवि परिसर के स्टीवेंसन स्टेडियम में जिला एथलेटिक संघ की ओर से एथलेटिक खेलों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत रविवार को यहां सात प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

रविवार सुबह सात बजे आयोजित 20 किमी. वॉक रेस में देहरादून के तीरथ सिंह ने दो घंटे 15 मिनट 13 सेकेंड में रेस पूरी कर खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं चंपावत के मिथिलेश सिंह दो घंटे 24 मिनट 27 सेकेंड के साथ दूसरे स्थान और चंपावत के पवन सिंह सेसवाल दो घंटे 26 मिनट एक सेकेंड के साथ तीसरे स्थान पर रहे। साथ ही मीटर के हीट्स रांउड में सफल खिलाड़ियों का चयन भी किया गया। वह आज सेमीफाइनल और उसमें क्वालीफाई करने वाले फाइनल राउंड में भाग लेंगे। स्टेडियम में रविवार को सात प्रतियोगिताओं का आयोजन होना था। जिसके एवज में मात्र दो प्रतियोगिताएं ही संपन्न हो सकीं। जबकि पांच प्रतियोगिताओं को खिलाड़ियों की अनुपलब्धता के चलते स्थगित कर दिया गया। जिनमें आठ सौ मीटर की फाइनल रेस, शॉटपुट का फाइनल मुकाबला, ट्रिपल जंप का क्वालीफाई राउंड, जेवलिन थ्रो का क्वालीफाई राउंड और दो सौ मीटर की फाइनल रेस शामिल है। अब यह मुकाबले आज सोमवार को आयोजित किए जाएंगे।

निर्णायक मंडल में संघ के कार्यकारी अध्यक्ष सरफराज चैधरी, कोच गोविंद सिंह खाती, मो. रफी, रघुवीर सिंह विर्क, रमनदीप सिंह मान, नवनीत राव, ममता बोरा, फातिमा, वीरेंद्र, आदित्य, रंजीत मेहरा, निशु, हरीश राम, गोविंद सिंह, वेदप्रकाश शुक्ला, अनीता व रवींद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



पंतनगर में वॉक रेस में प्रतिभाग करने के लिए तैयार खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### हरविंदर के नसों का खिंचाव बना रेस में बाधक



**पंतनगर :** रविवार सुबह आठ बजे हुई 200 मीटर हीट्स रेस के दौरान गदरपुर (यूएस नगर) के खिलाड़ी हरविंदर सिंह के पैरों की नसों में खिंचाव उत्पन्न हो गया और वह गिर गए। तत्काल मौके पर मौजूद एंबुलेंस से उन्हें विवि चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। जिसके चलते वह इस रेस के सेमीफइनल और फाइनल मुकाबलों से वंचित हो गए।

### पंतनगर में आज होंगी ये प्रतियोगिताएं

**पंतनगर :** स्टीवेंसन स्टेडियम में आज (सोमवार को) सुबह सात बजे से डिस्कस थ्रो का फाइनल मुकाबला होगा। साथ ही 7.10 बजे ट्रिपल जंप का फाइनल एवं 8.30 बजे से दो सौ मीटर रेस का फाइनल मुकाबला और नौ बजे से जैवलिन थ्रो का फाइनल मुकाबला आयोजित किया जाएगा। अलावा रविवार को स्थगित आठ सौ मीटर फाइनल रेस, शॉटपुट का फाइनल, ट्रिपल जंप का क्वालीफाई राउंड, जेवलिन थ्रो का क्वालीफाई राउंड और दो सौ मीटर की फाइनल रेस भी आयोजित किए जाएंगे।

## आधार कार्ड बनाने के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

**किच्छा:** आधार कार्ड के नाम पर अवैध वसूली का मामला प्रकाश में आया है। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने मामले की जांच के बाद निजी संस्था के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। व्यापारी नेता नितिन फुटेला के नेतृत्व में तमाम लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचे।

उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा को शिकायत दर्ज कराते हुए व्यापारी नेता फुटिला ने कहा कि आधार कार्ड के नाम पर नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 17 स्थित बीएसएनएल कार्यालय में सेंटर पर छोटे बच्चों के नए आधार कार्ड तथा बच्चों के आधार कार्ड में बायोमैट्रिक अपडेट का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निजी संस्था द्वारा कार्ड की त्रुटि दूर करने तथा नए आधार कार्ड बनाने एवं बायोमैट्रिक अपडेट के नाम पर प्रति आधार कार्ड 200 से 500 रुपये लिए जा रहे हैं। आरोप लगाया कि पैसे लेने के बाद जब रसीद की मांग की जाती है तो निजी संस्था के कर्मचारी रसीद देने से इनकार कर देते हैं। एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच के बाद संबंधित विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर कार्रवाई की जाएगी। मौके पर चंदन जायसवाल, पूरन भट्ट आदि मौजूद रहे।

## शराब की दुकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** कुंडेश्वरी रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में देर रात चोरों ने शटर तोड़कर लाखों रुपए की चोरी कर ली। इस दौरान चोर दुकान से 25 हजार रुपए की नकदी, महंगी शराब, समेत सीसीटीवी की स्क्रीन चोरी कर अपने साथ ले गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

बता दें कि काशीपुर की कुंडेश्वरी रोड स्थित अंग्रेजी शराब की दुकान में शनिवार देर रात चोरों शटर का तोड़कर दुकान में हाथ साफ कर दिया। शनिवार सुबह जब दुकान के कर्मचारी दुकान खोलने के लिए पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा हुआ मिला। इसके बाद कर्मचारियों ने दुकान के मालिक को चोरी की जानकारी दी। जिसके बाद सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। बता दें कि इससे पूर्व भी इसी दुकान में लाखों की शराब चोरी हो चुकी है। फिलहाल कितने की शराब की बोतल चोर चोरी करके ले गए हैं। इसका आकलन किया जा रहा है। घटनास्थल पर शटर को तोड़ने वाले औजार भी मिले हैं।

### मेट्रोपोलिस मॉल के बाहर से बाइक चोरी

**पंतनगर :** सिरौली कलां वार्ड नंबर-10 किच्छा निवासी मोहम्मद जीशान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 10 अगस्त की दोपहर डेढ़ बजे वह रूद्रपुर के मेट्रोपोलिस मॉल गया था। उसने अपनी बाइक संख्या यूके 06/एजेड 7628 बिग बाजार गेट के सामने लॉक लगाकर खड़ी कर दी थी। लगभग आधा घंटे बाद जब वह वापस आया तो उसकी बाइक वहां पर नहीं थी।

## 40.70 ग्राम स्मैक के साथ 7 युवक गिरफ्तार

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** नशे के बढ़ते कारोबार पर अंकुश लगाने के उद्देश से की जा रही छापेमारी में पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुईं हैं। छापेमारी में पुलिस ने 7 युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा मे स्मैक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ़ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की तफ्तीश शुरू कर दी।

ऊधमसिंह नगर जिले के नए पुलिस कप्तान मणिकांत मिश्रा के आदेश पर नशे के खिलाफ़ चलाए जा रहे अभियान के तहत विगत देर रात्रि चेकिंग के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने ग्राम सरोवर नगर से 40.70 ग्राम स्मैक के साथ 7 युवकों को गिरफ्तार कर लिया। आपको बता दें कि थाना क्षेत्रान्तर्गत विगत कई दिनों से कुछ युवको द्वारा स्वयं नशे का सेवन करते हुए तथा छोटी छोटी मात्रा मे नशे का कारोबार कर अन्य युवाओं को भी इसका आदि बनाया जा रहा था। ये नशेड़ी घर व आस पड़ोस में चोरियां करते थे। थानाध्यक्ष गदरपुर जसबीर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था। उक्त टीम द्वारा विगत रात्रि सरोवर नगर मे चेकिंग के दौरान गुलफाम पुत्र अमीर हुसैन निवासी मसीत, नाजिम पुत्र अहमन सफी निवासी केलाखेड़ा, सोनू सिंह पुत्र भीम सिह निवासी मदनापुर चक्की दिनेशपुर, सुनील सिंह पुत्र चेतराम सिह निवासी ललपुरी दिनेशपुर, शिवा सिंह पुत्र चन्दर सिंह निवासी मदनापुर, सरफराज पुत्र तुफैल अहमद निवासी वार्ड न0-9 इस्लाम नगर गदरपुर, जावेद अली पुत्र जाफर हुसैन निवासी वार्ड न0-9 इस्लामनगर गदरपुर उधमसिहनगर को गिरफ्तार कर लिया। इन सभी से कुल 40.7 ग्राम स्मैक बरामद होने पर इनको गिरफ्तार किया गया। उक्त युवकों के पास से मौके पर 3 मोटरसाइकिलें भी बरामद हुई हैं, जिन्हें पुलिस ने कब्जे में ले लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान, एसआई मुकेश मिश्रा, नरेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार, दर्शन सिंह, बलवंत सिंह, जीवन फुलेरा, निकुल जाटव आदि शामिल रहे।



गदरपुर थाने में गिरफ्तार नशा तस्करों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

## गन्ना किसानों की समस्याओं का हो समाधान

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** भाकियू कार्यकर्ताओं द्वारा गन्ना किसानों की समस्याओं को लेकर नादेही चीनी मिल के चीफ केमिस्ट को सौंपे गए मांग पत में मांगे पूरी करने की मांग की गई व मांगे पूरी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी गई।

भारतीय किसान यूनियन ग्राम नादेही कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व गन्ना किसानों ने गन्ना संबंधी समस्याओं को लेकर रविवार को नादेही, जसपुर चीनी मिल के जीएम की गैर मौजूदगी में मिल के चीफ केमिस्ट विश्व नाथ शंखवार को मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि गन्ने की फसल में लगी रेड रोड बीमारी से गन्ने की फसल पूरी तरह नष्ट हो चकी है।

सरकार द्वारा उसकी क्षतिपूर्ति की जाए और जिन किसानों को गन्ना समिति द्वारा गन्ने का बीज उधार दिया गया है, उनका कार्य माफ किया जाए। किसानों के केसीसी ऋण भी माफ किए जाएं। इस मौके पर नादेही के ग्राम भाकियू अध्यक्ष अनिलांश त्यागी, राजकुमार सैनी, सीताराम सैनी, धर्मेंद्र सिंह, लेखराज सिंह, शिवचरण, शमशीर, शकील, मधुसूदन, राकेश कुमार, गौतम सिंह, धर्मेंद्र कुमार, संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।



नादेही चीनी मिल के चीफ केमिस्ट को मांग पत्र सौंपते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।

साइज व रेट

| | | |
|---|---|---|
| साइज | 4x5 सेमी | 600/- रु. |
| साइज | 4x6 सेमी | 720/- रु. |
| साइज | 4x7 सेमी | 840/- रु. |

स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15

अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 7505012034, अल्मोड़ा : 9412962333,
रूद्रपुर : 8476843488, काशीपुर : 7906999205,
रामनगर : 9012387222, किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## आयोजन

जन कवि बल्ली सिंह चीमा ने लेखन के साथ ही साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने पर दिया जोर

# लाइब्रेरी में साहित्यिक किताबों पर की चर्चा

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** शहर के द बुक ट्री नाम से संचालित लाइब्रेरी में एक बैठक के माध्यम से साहित्यिक किताबों पर चर्चा हुई। जिसके मुख्य वक्ता वरिष्ठ कवि बल्ली सिंह चीमा रहे। जिन्होंने स्वयं लिखित किताबों के अलावा साहित्य को कैसे बढ़ावा दिया जाए आदि मुद्दों पर भी अपनी राय साझा की। रविवार को चर्चा बैठक में वरिष्ट कवि बल्ली सिंह चीमा ने बताया कि उनकी पहली कविता संग्रह "खामोशी के खिलाफ" 198 0 में प्रकाशित हुआ। इसे बाद "जमीन से उठी आवाज़" (1990), "तय करो किस ओर हो तुम" (1998), "हादसा क्या चीज है" (2012), "उजालों को खबर कर दो" (2019) और "ज़िंदा है तो सड़कों पे आ" (2023) प्रकाशित हुए। यह सभी किताबें कही न कही वर्तमान जिंदगी और भावनाओं से जुडी थी। यहीं कारण है कि किताबों की कविताएं अक्सर प्रेरणा बन जाती है। उन्होंने साहित्य व सामाजिक जीवन का पहलू है। उन्होंने साहित्य प्रेमियों के साथ अपनी पढ़ाई, कॉलेज जीवन, पहली कविता, जन आंदोलन आदि पर अनुभव साझा किए। इस मौके पर अविनाश गुप्ता, डॉ बी के सिंह, कय्यूम अंसारी, डी एन पांडे, हर्षित पंत, आशीष अरोरा, उषा टम्टा, पुष्पा टम्टा, अनानास कुमार, आदित्य आरोही, जिज्ञासा, नवनीत बेदार, साहिब सिंह, दिव्यांश सिंह, नाहिद रज़ा, संजय सिंह आदि रहे।



साहित्यिक लाइब्रेरी में चर्चा कर ते कवि बल्ली सिंह चीमा व साहित्य प्रेमी।

## ठेका श्रमिकों को सवैतनिक अवकाश देने की मांग

**पंतनगर:** ठेका मजदूर कल्याण समिति ने कुलपति और निदेशक प्रशासन को पत्र सौंपकर श्राद्ध व दशहरा पर अन्य कर्मियों की भांति ठेका श्रमिकों को भी सवैतनिक अवकाश देने की मांग की है।

समिति सचिव अभिलाख सिंह ने पत्र में कहा है कि शासनादेश के अनुसार कुलसचिव ने अष्टमी, नवमी श्राद्ध व दशहरा पर 24, 25 सितंबर एवं 11 अक्टूबर को विवि के अधिकारियों व नियमित कर्मचारियों के लिए अवकाश घोषित किया है। परंतु दैनिक वेतन भोगी/ठेका मजदूरों को सवैतनिक अवकाश देने का आदेश जारी नहीं किया है। जो श्रम कानूनों एवं मानवीय रूप से भी न्याय संगत नहीं है। जबकि पूर्व में सहायक श्रमायुक्त ने शासन के इस तरह अचानक घोषित करने वाले अवकाश ठेका श्रमिकों को सवैतनिक दिए जाने की सहमति जताई थी। जिसके अनुरूप ऐसे अवकाश अन्य कर्मियों की भांति दैनिक वेतन भोगी/ठेका मजदूरों को भी सवैतनिक दिए जाते रहे हैं। श्रम कानूनों में भी ठेका मजदूरी उन्मूलन अधिनियम-1970 के तहत एक ही प्रकृति के कामों में कार्यरत अन्य कर्मियों की भांति दैनिक वेतन भोगी कर्मियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने के सीधे निर्देश दिए हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार

साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।

शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
नैनीताल : 7505012034, हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### नवनियुक्त कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने कार्यभार संभाला



**जसपुर :** नवनियुक्त कोतवाल जगदीश ढकरियाल ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण करने का पूर्ण प्रयास किया जाएगा। यही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अनुरोध किया है कि वह भी अपराध नियंत्रण में अपना पूर्ण सहयोग दें। जनता के सहयोग से ही अपराध पर नियंत्रण किया जाना संभव है।

### नाबालिग से छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज

**नानकमत्ता :** यहां एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपने पड़ोसी पर बेटी के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। पुलिस को सौंपी तहरीर में उसने आरोप लगाया है कि उसकी नाबालिग बेटी मवेशियों के लिए चारा लेने खेत पर गयी थी। इस दौरान उसका पड़ोसी युवक भी बेटी के पीछे चला गया और बेटी को अकेली देख छेड़छाड़ और विरोध करने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। बेटी के शोर मचाने पर आरोपी भाग गया। पीड़ित बेटी ने घर आकर आपबीती घरवालों को बताई। कहा कि युवक के जोर जबरदस्ती से बेटी के शरीर और हाथों में चोट के निशान बने हैं। पुलिस ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### मारपीट में महिला घायल

**बाजपुर :** पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट में एक महिला घायल हो गई। रविवार की सुबह 11 बजे बरहैनी निवासी अफसाना (27) पत्नी तौफीक का परिवार के ही लोगों से आपसी बात को लेकर विवाद गया था। आरोप है कि इन लोगों ने मारपीट कर अफसाना को घायल कर दिया। स्वजन ने पुलिस के माध्यम से उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है।

### पवित्र सरोवर में डूबने से महिला की मौत

**नानकमत्ता :** गुरुद्वारा साहिब के पवित्र सरोवर में स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से एक महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला को बाहर निकाल सरकारी अस्पताल भेजा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रविवार को गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के पवित्र सरोवर में जसविन्द्र कौर (35) पत्नी सतनाम सिंह निवासी सितारगंज गुरुद्वारा साहिब के पवित्र सरोवर में स्नान करने के दौरान पैर फिसलने से सरोवर के पानी में डूब गई।

### शासन-पुलिस प्रशासन का फूंका पुतला, आरोपी को शीघ्र निलंबित न करने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# चौकी प्रभारी का निलंबन नहीं होने पर भड़के कांग्रेसी

संवाददाता,रुद्रपुर

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी द्वारा एक सिख युवक के साथ हाथापाई प्रकरण तूल पकड़ता जा रहा है। दरोगा का निलंबन नहीं होने से खफा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने डीडी चौक पर भाजपा सरकार व पुलिस प्रशासन का पुतला दहन किया। आगाह किया कि जल्द ही दरोगा को निलंबित नहीं किया,तो उग्र आंदोलन होगा।

रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा के साथ कार्यकर्ता डीडी चौक पर इकठ्ठा हुए। जहां उन्होंने प्रदेश सरकार व पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया। उनका कहना था कि जिस प्रकार धामी सरकार के अफसरशाही का नुमाइंदा अपनी तैनाती स्थल पर दबंगई दिखा रहा है और उसके बाद रुद्रपुर में चेकिंग के नाम पर एक सिख युवक से अमर्यादित व्यवहार कर रहा है। उससे साफ होता है कि आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी संदीप पिलखवाल को सरकार संरक्षण दे रही है। यहीं कारण है कि भारी आक्रोश के बाद भी आरोपी दरोगा को निलंबित नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही पुलिस के अधिकारि यों ने आरोपी दरोगा को निलंबित नहीं किया,तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस मौके पर महिला कांग्रेस की प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष मीना शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता सौरभ चिलाना, समरवीर सिंह सिद्धू, अमरीक सिंह, इंद्रजीत सिंह, जुगनू सिंह, काबल सिंह, विक्र मवीर, रविंद्र पाल सिंह, सुखविंदर सिंह, गुरप्रीत सिंह, संदीप चीमा, राजकुमार सिंह, अबरार अहमद, राजन ठुकराल, सपना गिल, जसविंदर सिंह, विक्की,रजत अरोड़ा,ममता रानी, सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, रोहित चौहान, संजीव राठौर, मनोज कुमार, अबरार, अशफाक अहमद आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में भाजपा एवं पुलिस प्रशासन का पुतला फूंकते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

# लुटेरों के हमले में बुजुर्ग की मौत, नगदी भी ले गए

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** ग्राम सुखशांति नगर में सांप पकड़ने के बहाने दो युवकों ने दुकान में घुसकर बुजुर्ग दुकानदार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया और नगदी लूटकर फरार हो गए। घायल दुकानदार ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान का कहना है कि मामला दर्ज कर आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

सुक्खू प्रसाद पुत्र शिवनाथ निवासी सुखशांति नगर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसके ससुर बाबूलाल (उम्र 90 साल) पुत्र रामदयाल चाय की दुकान चलाते थे। बताया कि रविवार को दो अज्ञात युवक दुकान के पास आकर रुके और बाबूलाल को बताया कि आपकी दुकान के बराबर वाले कमरे में सांप है। बाबूलाल युवकों के साथ कमरे में गया तो युवकों ने बुजुर्ग बाबूलाल पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया और नगदी लेकर फरार हो गए। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बुजुर्ग को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस तहरीर के आधार पर दो अज्ञात युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

> आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी।
> –**जसवीर सिंह चौहान**, थानाध्यक्ष गदरपुर

# 21 साल बाद गिरफ्तार हुआ नाबालिग के अपहरण का आरोपी

### वर्ष 2003 में हुआ था 13 साल की छात्रा के अपहरण का मुकदमा दर्ज, पुलिस ने भगोड़ा घोषित हो चुके आरोपी को देवरिया से दबोचा, दो बच्चों का है पिता

संवाददाता,रुद्रपुर

**25** हजार के इनामी सुरेंद्र महतो को ग्राम चंदौली सुरौली देवरियां यूपी से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया

**अमृत विचार:** कहावत है कि अपराधी अपराध कर कभी बच नहीं सकता। यहीं कहावत वर्ष 2003 में नाबालिग किशोरी अपहरण प्रकरण में सही सिद्ध होता है,क्योंकि किच्छा पुलिस ने 21 साल से फरार चल रहे एक आरोपी को देवरियां से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है, जबकि पकड़ा गया आरोपी कुछ समय मफरूर घोषित हो सकता था,लेकिन पुलिस की सजगता ने आरोपी को सलाखों के पीछे भेज दिया।

रविवार को प्रकरण का खुलासा करते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा,एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि 12 मार्च गांव से लोर गोधनी सिवान बिहार व हाल निवासी चुकटी देवरिया किच्छा निवासी विजेंद्र कुमार ने मुकदमा दर्ज करवाया था कि उस की 13 वर्षीय बेटी जो कि सरकारी विद्यालय में कक्षा तीन की छात्रा है। जो रोजमर्रा की भांति स्कूल गई थी,लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटी। साथ ही आशंका जताई थी कि उसकी नाबालिग बेटी को बहुआ बरमटियागंज बिहार निवासी सुरेंद्र महत्तो बहला फुसलाकर ले गया। पुलिस ने अपहरण का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वर्ष 2004 में तफ्तीश के दौरान पुलिस ने आरोपी के छोटे भाई छोटे लाल की भूमिका अपहरण प्रकरण में सामने आई। जिस पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग की बरामद कर ली,लेकिन नामजद आरोपी सुरेंद्र महतो पुलिस की पकड़ से दूर रहा। न्यायिक प्रक्रिया चलती रही और 21 साल का समय बीत गया। यहां तक आरोपी मफरूर घोषित हो गया,लेकिन किच्छा पुलिस ने हार नहीं मानी। 21 साल बाद किच्छा कोतवाली के एसएसआई उमेश कुमार ने कड़ी मशक्कत के बाद फरार एवं 25000 के ईनामी सुरेंद्र महतो को ग्राम चंदौली सुरौली देवरियां यूपी से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।




फरार आरोपी की गिरफ्तारी का खुलासा करते एसएसपी मणिकांत मिश्रा।

## बेफ्रिक हो चुका था सुरेंद्र, उमेश की तफ्तीश काम आई

**सफलता**

- न कोई फोटो, नहीं थी पहचान तीन माह चली जांच
- वर्ष 2003 में था 500 का इनाम, 25 हजार का बना इनामी

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वर्ष 2003 में अपने छोटे भाई के साथ मिलकर कक्षा तीन की छात्रा के अपहरण का आरोपी सुरेंद्र महतो गिरफ्तार के भय से मुक्त हो चुका था,क्योंकि 21 साल का समय बीत जाने के बाद पुलिस के पास आरोपी का कोई फोटो और न ही कोई पहचान थी। तब कोतवाली किच्छा के एसएसआई उमेश कुमार ने मैनुअल ही अपनी तफ्तीश को शुरू कर दिया।

वर्ष 2003 में फरार सुरेंद्र महतो 500 रुपये का इनामी बदमाश घोषित हुआ। भाई के गिरफ्तारी से भयभीत आरोपी यूपी के कई जिलों में छिपकर समय बीतता रहा। घर की कुर्की भी हुई,लेकिन आरोपी गिरफ्तारी से बचता रहा। समय का चक्र चलता रहा और सुरेंद्र पर 25000 का इनाम घोषित हो गया। दूसरी तरफ लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं होने पर आरोपी मफरूर भी घोषित हो गया,लेकिन जैसे ही तीन माह पहले कोतवाली के एसएसआई उमेश कुमार को तफ्तीश मिली,तो दरोगा ने आरोपी को गिरफ्तार की ठान ली,लेकिन विवशता यह थी कि 21 साल का लंबा समय और आरोपी की पहचान के नाम पर कुछ भी नहीं। तो दरोगा ने बिहार पुलिस,गोरखपुर एसटीएफ से संपर्क बनाया और मैनुअल ही जांच शुरू कर दी। लीड मिलती गई और 21 सितंबर को 21 साल बाद नाबालिग अपहरण का ईनामी आरोपी सुरेंद्र गिरफ्तार हो गया। जिसको देखते हुए एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने दरोगा को 2500 का इनाम भी दिया।

### पता तस्दीक होने के कारण लटका रहा प्रकरण

**रुद्रपुर :** कक्षा तीन की छात्रा के अपहरण के फरार आरोपी सुरेंद्र महतो का स्थाई पता तस्दीक ही उसकी गिरफ्तारी का कारण बना,क्योंकि नियमानुसार यदि फरार आरोपी का पता तस्दीक नहीं होता है,तो पांच साल बाद प्रकरण को न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से बंद कर दिया है और यदि पता तस्दीक हो जाता है,तो उसको बंद करने के लिए 30 साल का समय लगता है। इसके अलावा यदि प्रकरण में नामजद आरोपी की मृत्यु हो जाती है। ऐसी स्थिति में ही मामला खत्म होता है,लेकिन फरार आरोपी का पता तस्दीक हो चुका था और वर्ष 2024 तक भी महुआ बर मटियागंज बिहार ही आरोपी का स्थाई पता था। जहां उसका परिवार आज भी रहता है। यहीं कारण है कि सुरेंद्र की जांच कछुआ चाल चलती रही।

### 21 साल में खाक छान चुकी थी पुलिस

**रुद्रपुर :** नाबालिग अपहरण प्रकरण में वर्ष 2003 से लेकर 2023 तक किच्छा कोतवाली आरोपी की तलाश में कई राज्यों की खाक छान चुकी थी, लेकिन न्यायालय में हाजिर करने और प्रकरण में बीतता समय हर बार पुलिस पर दबाव बना रहा था। यहीं कारण है कि कई दफा पुलिस की टीम ने बिहार,उत्तर प्रदेश, झारखंड,छत्तीसगढ़ के कई थानों इलाकों के संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी हमेशा गच्चा देकर भागता रहा।

### नाना-दादा बन चुका है 64 वर्षीय आरोपी सुरेंद्र

**रुद्रपुर :** वर्ष 2003 में कोतवाली किच्छा में 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा अपहरण का मुख्य आरोपी सुरेंद्र महतो 40 साल का था और मुकदमा दर्ज होने के बाद वह इलाका ही छोड़कर भाग चुका था। आरोपी का एक बेटा और एक बेटी है। जिनकी शादी होने के बाद वर्ष 2024 में आरोपी की आयु 64 साल हो चुकी है और वह दादा–नाना भी बन चुका है। जब पूछा तो आरोपी ने बताया कि वह गिरफ्तारी के डर से बच रहा था, लेकिन उम्र के इस पड़ाव में गिरफ्तारी होने के बाद उसे वारदात पर पछतावा है।

# शेयर मार्केट निवेश के नाम पर हुई 90 लाख की साइबर ठगी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अपराध**

- हल्द्वानी के सरिया-सीमेंट कारोबारी को लगाया चूना
- साइबर क्राइम थाना पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार:** ऑनलाइन शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का प्रलोभन देकर हल्द्वानी के एक बड़े कारोबारी को लाखों रुपये का चूना लगाने का मामला सामने आया है। कारो बारी का आरोप था कि फेसबुक आईडी पर साइबर ठगों ने कम निवेश पर ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। शिकायती पत्र मिलने के बाद कुमाऊं परिक्षेत्र साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बरेली रोड़ पुरानी आईटीआई हल्द्वानी निवासी संजय कुमार पंत ने बताया कि हल्द्वानी में उसकी वृंदावन बिल्डर्स नाम से सीमेंट-सरियां की फर्म है और संजय पंत नाम से फेसबुक आईडी है। बताया कि 30 जुलाई 2024 को फेसबुक पर विज्ञापन प्रकाशित हुआ और अचानक लिंक पर क्लिक हो गया। जिसके बाद उसका नंबर व्हाटसअप ग्रुप से जुड गया। जिसमें 15 0 लोग जुड़े हुए थे और एम स्टॉक नाम का ग्रुप अंतरराष्ट्रीय शेयर मार्केट दिखा रहा था। जिसके बाद ग्रुप में मैसेज भेजने का दौर शुरू हो गया। आरोप था कि तभी ग्रुप एडमिन की कॉल आती है और कॉलर द्वारा समझाया गया। शेयर मार्केट में पहले प्रशिक्षण दिया जाता है और कम निवेश पर ज्यादा मुनाफा कमाया जाता है। बातों में फंसाकर कॉलर ने 31 जुलाई से लेकर छह सितंबर 2024 तक हल्द्वानी के एक्सिस शाखा में खोले गए खाते में 90 लाख रुपये का निवेश करवा दिया। बार-बार मुनाफा नहीं देते और खाते में निवेश से ज्यादा रकम प्रदर्शित होने पर संदेह हुआ,तो खाते से रकम निकाली चाही,लेकिन खाता से लाखों की रकम निकल चुकी थी। कारोबारी का आरोप था कि साइबर ठगों ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर शेयर मार्केट का झांसा दिया है। शिकायतकर्ता की तहरीर पर साइबर क्राइम थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बाबा तरसेम के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**नानकमत्ता, अमृत विचार:** डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा की हत्या में नामजद फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर क्षेत्र की सिख संगत ने रविवार को यहां पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बीते 28 मार्च को धार्मिक डेरा कार सेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की बन्दूक धारी दो सिख युवकों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। एक हत्यारोपी को पुलिस ने हरिद्वार में मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दूसरा आरोपी अब भी फरार है। हत्या के षडयंत्र में शामिल लोगों को भी पुलिस ने जेल भेजा है। कहा है बाबा की हत्या में शामिल कुछ लोग अभी भी खुले आम घूम रहे हैं। जो कि चिंता की बात है। ज्ञापन में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की गई है।

# बर्थ-डे पार्टी में दबंगई, तीन घायल

**विवाद**

- डीजे पर डांस को लेकर हुआ था विवाद
- थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस को सौंपी तहरीर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:**-थाना ट्रांजिट कैंप इलाके में डीजे पर डांस को लेकर कुछ युवकों को विवाद हो गया। बस क्या था दबंग युवकों ने अपनी गैग बुलाकर तीन युवकों पर प्राणघातक हमला कर घायल कर दिया। घायलों को आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां घायलों की हालत स्थिर बनी हुई है।

जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम थाना ट्रांजिट कैंप इलाके के आजाद नगर स्थित एक परिवार में बर्थडे की पार्टी थी। जिसमें शामिल होने के लिए प्रेम शंकर निवासी आजाद नगर,हरि चंद निवासी शिवनगर और शुभम गंगवार निवासी ठाकुर नगर गए थे। जब तीनों डीजे पर डांस कर रहे थे। तभी वहीं के रहने वाले कुछ युवकों से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दबंग प्रवृति के युवकों ने अपने साथियों को बुलाया और धारदार हथियार,लोहे की राड से हमला शुरू कर दिया। चश्मदीदों का यह भी कहना था कि हमलावरों ने पथराव भी किया। जिसमें तीनों युवक घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया। ज हां उनकी हालत स्थिर बनी हुई है। वहीं पीड़ित की ओर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर, थाना प्रभारी मोहन सिंह पांडेय ने बताया कि डीजे पर डांस को लेकर युवकों में आपसी विवाद हुआ था। जिसमें एक पक्ष के तीन घायल है और दूसरे पक्ष के कुछ लोग भी चोटिल हुई है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।



डांस के दौरान हुए विवाद के चलते घायल युवक। ● अमृत विचार

## पैदल जा रहे ग्रामीण को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

**सितारगंज:** निकटवर्ती गांव खुनसरा निवासी 55 वर्षीय गंगाराम यादव पुत्र मोहनलाल यादव को बीती शनिवार रात ट्रक ने टक्कर मार दी। गंगाराम वीरेंद्र नगर शिव मंदिर के पास पैदल आ रहे थे तभी ट्रक संख्या यूपी- 26 टी 0536 ने पीछे से गंगाराम को टक्कर मार दी। जिससे गंगाराम घायल हो गए।

राहगीरों ने उन्हें सीएससी सितारगंज में पहुंचाया। जहां डॉ. अतुल यादव ने चेकअप के उपरांत गंगाराम को मृत घोषित कर दिया और वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने पंचनामा भर कर गंगाराम को पोस्टमार्टम के लिए खटीमा भेज दिया। गंगाराम के भतीजे राकेश ने बताया कि मेरे चाचा के दो बच्चे हैं। चाची पहले ही दिवंगत हो चुकी है। घटना से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

**आक्रोश** वार्ड–1 वासियों ने किया धरना– प्रदर्शन, हाउस टैक्स भी नहीं देने का फैसला किया

# लोगों ने किया रोड नहीं तो वोट नहीं का ऐलान

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वार्ड-एक मुख्य मार्ग की खस्ताहाल सड़क के खिलाफ स्थानीय बाशिंदे लामबंद हो गए हैं। उन्होंने निगम एवं प्रशासन के खिलाफ धरना-प्रदर्शन कर बैठक की और रोड नहीं तो वोट नहीं का निर्णय लेते हुए आंदोलन प्रारंभ करने का ऐलान किया।

रविवार को वार्ड-एक फुलसुंगा के रहने वाले रामकृष्ण प्रसाद सैनी के साथ बड़ी संख्या में कई कॉलोनी के लोग जर्जर मुख्य मार्ग पर इकठ्ठा हुए। जहां उन्होंने बैठक की और धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग कई कॉलोनियों को जाने वाला एक ही रास्ता है लेकिन उसकी हालत इतनी जर्जर है कि सड़कों में गहरे गड्ढे बन चुके हैं। राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके स्थानीय निगम एवं सत्ताधारी जनप्रतिनिधि ने कोई राहत नहीं दी। लगातार सड़क बनाने का मुद्दा उठाया जा रहा है। उन्होंने ऐलान किया कि रोड नहीं तो वोट नहीं। साथ ही निगम में अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन भी शुरू करने का ऐलान किया। इस मौके पर मोहन सिंह रौतेला, रामवीर सिंह, आनंद सिंह, भूपेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, हरीश बाबू, रामपाल सिंह, सरोज देवी, दयावती, सुनीता देवी, जानकी देवी, गंगा देवी, आशा रानी, कीर्ति, ज्योति देवी, देवकी नेगी आदि मौजूद रहे।



रुद्रपुर में जर्जर सड़क के खिलाफ प्रदर्शन करते वार्ड-एक के लोग। ● अमृत विचार

## अवैध निर्माण करने को लेकर हुआ विवाद

**काशीपुरः** कुंडेश्वरी रोड पर बिना नक्शा पास कराए भवन के निर्माण को रोकने को लेकर विवाद हो गया। जिसके बाद सूचना पर प्राधिकरण व स्थानीय प्रशासन ने निर्माण पर रोक लगाने की कार्रवाई की। इसके साथ ही एक व्यक्ति ने भवन निर्माण करा रहे आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को जसपुर खुर्द निवासी वाहिद हुसैन ने बताया कि 22 सितंबर की सुबह जसपुर खुर्द में एक अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बिना मानचित्र के हो रहे निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। लेकिन निर्माण कार्य को रात में होने की आशंका जताई जा रही है। उसने आईटीआई पुलिस को तहरीर देकर लेंटर की मशीन को हटाने व निर्माण कार्य को रोकने की मांग की है।

# पड़ोसी के घर में घुसकर किया फायर

**गिरफ्तार**

- पुलिस ने आरोपी को लाइसेंसी पिस्टल एवं दो कारतूसों के साथ किया गिरफ्तार

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम रतनपुरा में एक व्यक्ति ने अपने पड़ोसी के घर घुसकर उस पर पिस्टल से फायर कर दिया। घटना में पीड़ित बाल-बाल बच गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी को लाइसेंसी पिस्टल व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

रविवार को ग्राम रतनपुरा निवासी अमर सिंह मक्कड़ ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोस के रहने वाले सिमरजीत सिह उर्फ लक्की पुत्र मनजीत सिह निवासी ग्राम रतनपुरा नं 01 द्वारा शनिवार देर रात पीड़ित के घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से उस पर रिवाल्वर तानकर फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि गोली उन्हें नहीं लगी। फायरिंग की आवाज सुनकर जैसे ही लोग उनके घर की तरफ आए तो आरोपी वहां से फरार हो गया। अमर सिंह मक्कड़ की तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने आरोपी सिमरजीत सिह उर्फ लक्की को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उक्त आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त लाइसेंसी पिस्टल 0.32 बोर व 2 अदद जिन्दा कारतूस बरामद कर लिए। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।



गदरपुर पुलिस की गिरफ्त में फायरिंग का आरोपी। ● अमृत विचार

विद्वत्वं च नृपत्वं च नैव तुल्यं कदाचन।
स्वदेशे पूज्यते राजा विद्वान् सर्वत्र पूज्यते॥

एक विद्वान और राजा की कभी कोई तुलना नहीं की जा सकती। क्योंकि राजा तो केवल अपने राज्य में सम्मान पाता है वही एक विद्वान हर जगह सम्मान पाता है।

## संपादकीय

# भारत के लिए क्वाड

वर्तमान में भारत वैश्विक राजनीति में प्रतीत होने वाले विरोधाभासों को संतुलित करने और विविध देशों के साथ साझेदारी बनाए रखने की क्षमता के साथ एक अच्छी स्थिति में है। भारत इस बात से अवगत है कि कोई भी अकेला देश क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियों से नहीं निपट सकता है और यह महसूस करता है कि चुनौतियों का समाधान करने के लिए संसाधनों और क्षमताओं को एक साथ लाना अनिवार्य होगा। इसलिए भारत ने मौजूदा कालखंड के तनावों और संघर्षों से घिरे विश्व के लिए साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर आस्ट्रेलिया, भारत, जापान एवं अमेरिका के चतुष्कोणीय गठजोड़ क्वाड का मिलकर साथ चलना मानवता के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि क्वाड किसी के खिलाफ नहीं है, बल्कि नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था और संप्रभुता के सम्मान के लिए है। प्रधानमंत्री का परोक्ष रूप से इशारा चीन की ओर था। चीन का दक्षिण चीन सागर और पूर्वी चीन सागर में कई देशों से विवाद है। चीन पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपनी संप्रभुता का दावा करता है वहीं वियतनाम, मलेशिया, फिलीपीन, ब्रुनेई और ताइवान भी इस पर अपना दावा करते हैं।

छठवीं क्वाड शिखर बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बैठक ऐसे समय हो रही है जब विश्व तनावों और संघर्षों से घिरा हुआ है। ऐसे में साझा लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर, क्वाड का मिलकर साथ चलना, पूरी मानवता के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) के नेताओं की बैठक के बाद संयुक्त रूप से जारी एक घोषणा पत्र में कहा गया कि चार देशों का यह समूह अच्छे मकसद से बनाया गया है और रणनीतिक रूप से पहले से कहीं अधिक एकजुट है। क्वाड में शामिल देश एक नियम आधारित अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के सम्मान और सभी मसलों के शांतिपूर्ण ढंग से हल निकालने का समर्थन करते हैं। स्वतंत्र, खुला, समावेशी और समृद्ध हिन्द प्रशांत क्षेत्र साझा प्राथमिकता और साझा प्रतिबद्धता है। 2007 में क्वाड की स्थापना और 2017 में इसके पुनरुत्थान के बाद से, क्वाड के भीतर भारत की भूमिका पर लगातार बहस चल रही है। यह स्वाभाविक है क्योंकि चीन के प्रति भी भारत का दृष्टिकोण सीमित संतुलन वाला है। क्वाड भारत को जरूरत पड़ने पर चीन पर दबाव बनाने में सक्षम बनाता है, साथ ही अपने उत्तरी पड़ोसी को एक परिकलित जोखिम से परे दुश्मनी करने से भी बचाता है। शिखर सम्मेलन भारत के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह चीन के बढ़ते आर्थिक और सैन्य प्रभाव का सामूहिक उत्तर है।

# आयुष्मान भारत : देश की स्वास्थ्य यात्रा में मील का पत्थर



जगत प्रकाश नड्डा
केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की छठी वर्षगांठ गर्व और चिंतन का क्षण है। सितंबर 2018 में हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में शुरू की गई एबी-पीएमजेएवाई आज दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना में से एक बन चुकी है। यह योजना इस सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि सभी नागरिकों, विशेष रूप से सबसे कमजोर वर्गों के लिए समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई जाए। पिछले छह वर्षों में इस महत्वाकांक्षी योजना ने लाखों जिंदगियों को छुआ है, उन्हें आशा, उपचार और कई मामलों में जीवनरक्षक उपचार प्रदान किया है। एबी-पीएमजेएवाई की यात्रा इस बात का प्रमाण है कि एक राष्ट्र जब अपने लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने के लक्ष्य के साथ एकजुट होता है तो क्या कुछ हासिल कर सकता है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में क्रांति : आयुष्मान भारत का मुख्य मिशन यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी भारतीय अपनी वित्तीय स्थिति के कारण स्वास्थ्य सेवा से वंचित न रहे। माध्यमिक और तृतीयक अस्पताल देखभाल को कवर करने के लिए प्रति परिवार 5 लाख रुपये के वार्षिक कवरेज के साथ, एबी-पीएमजेएवाई ने आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को देश के कुछ सर्वश्रेष्ठ अस्पतालों में मुफ्त में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा देखभाल प्राप्त करने का साधन प्रदान किया है।

हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है।

हाल ही में भारत सरकार द्वारा 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के आय वर्ग के वरिष्ठ नागरिकों के लिए एबी-पीएमजेएवाई के लाभों का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है, जो हमारे देश में बदलते जनसांख्यिकीय परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पहले हमारे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जैसे कि आशा बहनों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी सहायकों के परिवारों को योजना के दायरे में लाया गया था। 55 करोड़ से अधिक लोग योजना के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आज पात्र हैं। अभी तक 7.5 करोड़ से अधिक सफल उपचार प्रदान किए गए हैं, जिस पर 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक का खर्च हुआ है। यह एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो परिवार स्वास्थ्य खर्च के कारण गरीबी में धकेल दिए जाते थे, उनके लिए अब यह योजना वित्तीय ढाल साबित हो रही है। योजना के तहत लाभार्थी किसानों से लेकर दैनिक मजदूरों तक के कथन इस बात का प्रमाण है कि यह योजना उन्हें आर्थिक परेशानी से बचा रही है। इस मायने में आयुष्मान भारत ने वास्तव में अपने वादे को पूरा किया है। इस योजना में उपचार का दायरा बहुत व्यापक है, जो 1900 से अधिक चिकित्सा प्रक्रियाओं को कवर करता है, जिनमें हृदय बाईपास या ज्वाइंट रिप्लेसमेंट जैसी जटिल सर्जरी से लेकर कैंसर और गुर्दे की बीमारियों के उपचार तक शामिल हैं। ये ऐसे उपचार हैं, जो पहले तमाम लोगों के लिए पहुंच से बाहर थे, लेकिन अब एबी-पीएमजेएवाई ने उन्हें सुलभ, किफायती और सभी के लिए उपलब्ध बना दिया है।

विस्तृत नेटवर्क और मजबूत सिस्टम : एबी-पीएमजेएवाई की एक विशेषता इसका एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रदाता नेटवर्क तैयार करने की क्षमता रही है। आज भारत भर के 29,000 से अधिक अस्पताल, जिनमें 13,000 से अधिक निजी अस्पताल शामिल हैं और योजना के तहत सूचीबद्ध हैं। यह नेटवर्क ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों तक फैला हुआ है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि देश के सबसे दूरस्थ हिस्सों में रहने वाले लोग भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्राप्त कर सकें। योजना की अद्वितीय पोर्टेबिलिटी सुविधा ने यह सुनिश्चित किया है कि लाभार्थी अपने राज्य के अलावा देशभर के अस्पतालों में इलाज करवा सकते हैं। इस विशाल नेटवर्क को एक मजबूत आईटी बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया गया है, जो दावों के निपटान में पारदर्शिता, दक्षता और गति सुनिश्चित करता है। आधार आधारित बायोमेट्रिक सत्यापन और पेपरलेस क्लेम प्रोसेसिंग के कार्यान्वयन ने धोखाधड़ी और अक्षमता को काफी हद तक कम किया है, जो अक्सर ऐसी बड़ी सार्वजनिक कल्याण योजनाओं में एक बड़ी चुनौती होती है।

आयुष्मान भारत की सफलता ने स्वास्थ्य सेवा पारिस्थितिकी तंत्र के अन्य हिस्सों में भी सुधार को उत्प्रेरित किया है। योजना के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पर जोर ने सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों को अपने बुनियादी ढांचे और सेवाओं को उन्नत करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अतिरिक्त इसने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का वातावरण विकसित किया है, जो प्रदाताओं को रोगी कल्याण को बेहतर बनाने के लिए प्रोत्साहित करता है।

समग्र स्वास्थ्य सेवा : आयुष्मान भारत सिर्फ माध्यमिक और तृतीयक स्तरीय अस्पताल चिकित्सा के बारे में नहीं है। एबी-पीएमजेएवाई के साथ-साथ सरकार आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) के निर्माण के माध्यम से प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने पर भी काम कर रही है। ये स्वास्थ्य केंद्र सुरक्षात्मक और प्रोत्साहक स्वास्थ्य सेवाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य जनसंख्या में कुल रोगों के भार को कम करना है। अब तक पूरे भारत में 1.73 लाख से अधिक एएएम स्थापित किए जा चुके हैं, जो सामान्य बीमारियों और मधुमेह, उच्च रक्तचाप और कैंसर जैसी चिरकालिक परिस्थितियों के लिए मुफ्त स्क्रीनिंग, निदान और दवाएं प्रदान कर रहे हैं। ये केंद्र व्यापक और समग्र स्वास्थ्य देखभाल मॉडल की ओर हमारे प्रयास के केंद्र में हैं। कल्याण (वेलनेस) और प्रारंभिक निदान को बढ़ावा देकर, हम अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता को कम करने और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को लंबे समय में और अधिक स्थाई बनाने की उम्मीद करते हैं।

चुनौतियों को पार करके आगे बढ़ना : आयुष्मान भारत की उपलब्धियों का हर्ष मनाते हुए, हमें आगे आने वाली चुनौतियों को भी स्वीकार करना चाहिए। योजना का पैमाना विशाल है और इसके साथ इसे लगातार अनुकूलित, परिष्कृत और सुधारने की जिम्मेदारी आती है। हम योजना की पहुंच को बढ़ाने, अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और हर लाभार्थी को प्रदान की जाने वाली चिकित्सा सेवा की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए लगातार काम कर रहे हैं। आगे बढ़ते हुए, हम आयुष्मान भारत को मजबूत करना जारी रखेंगे। यह सुनिश्चित करते हुए कि यह भारत की समग्र, किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा की यात्रा में सबसे आगे बना रहे। हम योजना के तहत कवर किए गए उपचारों की सूची का विस्तार करने, सूचीबद्ध अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सफल निर्माण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

स्वस्थ भारत का सपना : केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मेरा दृढ़ विश्वास है कि किसी भी राष्ट्र का स्वास्थ्य उसकी समृद्धि की नींव है। स्वस्थ जनता देश के विकास, उत्पादकता और नवाचार में योगदान करने में सक्षम होती है। आयुष्मान भारत इस स्वस्थ, मजबूत और विकसित भारत की संकल्पना का केंद्र है। अब तक की योजना की सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और लोगों के बीच की गई कड़ी मेहनत, समर्पण और सहयोग को दर्शाती है। हम प्रत्येक नागरिक के कल्याण और स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्ध हैं। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की छठी वर्षगांठ पर, हम सभी नागरिकों के लिए एक समावेशी, सुलभ और सहानुभूतिपूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रणाली बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराएं। हम आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ भारत के निर्माण की यात्रा को जारी रखेंगे।

## प्रसंगवश

# जब ढेबर बने कांग्रेस अध्यक्ष



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक कांग्रेस अध्यक्ष हुए थे, जिसने 49 वर्ष की आयु में जवाहरलाल नेहरु तथा इंदिरा गांधी के बीच आकर स्वतंत्र्योत्तर भारत की दशा बदल दी। गति तेज कर दी। राजकोट (गुजरात) के उच्छरंगराय नवलशंकर ढेबर का जन्म 21 सितंबर को हुआ। ढेबर जब कांग्रेस अध्यक्ष बने थे तो राजनीतिक परिस्थितियां माकूल नहीं थीं। बाबू पुरुषोत्तम दास टंडन को हटने पर विवश कर नेहरू स्वयं पार्टी अध्यक्ष बने थे। फिर चार साल बाद तय हुआ कि पुराना केवल दो-बार निर्वाचन वाला नियम पुनः लागू हो, पर नेहरू को पता था कि पार्टी पर नियंत्रण न रहे तो प्रधानमंत्री पद पर संकट आ सकता है।

विकल्प था कि पुत्री इंदिरा फिरोज गांधी ही अध्यक्ष बने। हुकुम बरदार ढेबर ने पद तजकर इंदिरा प्रियदर्शिनी का नाम प्रस्तावित किया। तब प्रयागराज के गांव खागा में वे दौरे पर थीं। ढेबर द्वारा बेटी के नामांकन को तत्काल पिता ने स्वीकारा। तब लखनऊ के एक दैनिक का कार्टून था कि पहली पर वयोवृद्ध कांग्रेस पार्टी ने बजाय पति के "देवर" (ढेबर) के गले वरमाला डाली। उसके बाद से ढेबर ही अंतिम विधिवत निर्वाचित अध्यक्ष रहे। इंदिरा गांधी लगातार अध्यक्ष पद पर हावी रहीं अथवा नामित करती रहीं। हालांकि इंदिरा गांधी के विरुद्ध मैसूर राज्य के कांग्रेस नेता प्रत्याशी बने थे, पर अध्यक्ष बन नहीं पाए थे। यहीं एस. निजलिंगप्पा थे, जिनकी अध्यक्षता में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को कांग्रेस विरोधी अनुशासनहीनता हेतु (12 नवंबर 1969 निष्कासित कर दिया गया था। पार्टी टूट गई थी। ढेबर इस विभाजन के मूक साक्षी थे। ढेबर का राजनीतिक जीवन घटनाओं से भरा था। वे सौराष्ट्र प्रदेश के (1948-1954) मुख्यमंत्री रहे। बाद में उसका वृहत गुजरात राज्य में विलय हो गया था।

योजना आयोग की अवधारणा, भूमि सुधार का अभियान, सीमा शुल्क, रियासती रेलवे, आयकर और सशस्त्र सुरक्षा बल के सुधार तथा विकास में ढेबर का अपार योगदान था, लेकिन सौराष्ट्र में छोटी-छोटी जमीनदारी तथा रजवाड़ों को एक सूत्र में पिरोकर ढेबर ने सरदार पटेल को पेश किया और प्रशंसा पाई। ढेबर कांग्रेस इतिहास में नेहरू और इंदिरा गांधी के बीच में निर्वाचित हुए अध्यक्ष थे।

# तिरुपति के लड्डू



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

बात लड्डू की पवित्रता की ही नहीं है, देश के सभी खाद्य पदार्थों, दूध, सब्जियों, फलों, दवाइयों की शुद्धता की है, जिसका सेवन हम सभी कर रहे हैं।

हिंदुओं की आस्था का केंद्र तथा देश में सबसे धनी मंदिर का रुतबा रखने वाले तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डू प्रसादम की गुणवत्ता को लेकर आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के बयान ने तहलका मचा दिया है। उन्होंने खुलासा किया है कि पूर्व मुख्यमंत्री वाई यस जगन मोहन रेड्डी के काल में इन लड्डुओं के बनाने में जिस देशी घी का प्रयोग होता था, उसमें परीक्षण से जानवरों की चर्बी पाई गई है। यह परीक्षण गुजरात के आणंद स्थित राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड के पशुओं के भोजन के विश्लेषण तथा सीखने के केंद्र (काफ) में किया गया था।

तिरुपति बालाजी में भक्तों को प्रसाद के रूप में बड़ा लड्डू भुगतान पर मिलता है, जो खाने में स्वादिष्ट भी होता है। इस लड्डू की वर्ष भर की बिक्री से मंदिर के ट्रस्ट को 500 करोड़ रुपए का लाभ होता है। इस लड्डू को बनाने के लिए घी तमिलनाडु के डिंडीगुल की एआर डेयरी से आता है, जो अन्य कई फर्मों को भी घी बेचती है। डेयरी ने अपने घी को शुद्ध बताते हुए मिलावट से इंकार किया है।

तिरुपति ट्रस्ट के पास घी की शुद्धता परीक्षण की कोई प्रयोगशाला नहीं है। काफ ने लड्डू में प्रयुक्त घी में मछली का तेल, गोवंश की चर्बी, सुअर के पेट की चर्बी लार्ड पाई। इन सबको मिलाकर विदेशी चर्बी कहा गया है। इसके अतिरिक्त घी में सोयाबीन, जैतून, सूरजमुखी, रेपसीड, लिनसीड, गेहूं, मक्का, कपास के बीज, नारियल और ताड़ की गिरी भी पाई गई है, जो उन्हें दिए जाने वाले चारे से मिली होगी। इसके साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि यह रिपोर्ट अन्य आठ कारणों से गलत भी हो सकती है, जिसमें गाय को कम खिलाना, गाय को अधिक वनस्पति घी खिलाना भी सम्मिलित है। तिरुपति मंदिर एक स्वायत्तशासी तिरुमला तिरुपति देवस्थानम ट्रस्ट द्वारा संचालित होता है, इस पर राज्य सरकार का सीधा नियंत्रण है। तिरुपति के लड्डू ही क्यों, देश के बहुत से मंदिरों में प्रसाद की बिक्री हो रही है, उनकी शुद्धता की कोई गारंटी नहीं है। देश में प्रचलित अन्य कंपनियों के शुद्ध गाय घी व शुद्ध शहद का हाल सब जानते ही हैं। किसी भी क्षेत्र में जितना दूध नहीं होता, उससे अधिक का खोया और पनीर बाजार में बिक रहे हैं।

वर्ष 2009 में मैं एसएसपी आगरा नियुक्त हुआ। उसी समय आगरा शहर के बाहर, यमुना नदी के किनारे की झाड़ियों के पास जानवरों की चर्बी एकत्र कर बड़े कड़ाहों में पिघलाकर कुछ अन्य सामग्री डालकर घी बनाने की घटना का भंडाफोड़ हुआ था। इस कार्य में लिप्त कुछ गिरफ्तार हुए, मुख्य अभियुक्त स्थानीय बसपा विधायक की शरण में चला गया, जो बड़े जूता निर्यातक भी थे। उस समय बसपा की सरकार थी। विधायक जी ने मुझसे उसकी सिफारिश की। अनुकूल उत्तर न पाकर वह मेरी शिकायत लेकर लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री से मिले। तीसरे दिन मैं व जिलाधिकारी मृत्यंजय नारायण कैबिनेट सचिव के दरबार में तलब हुए। वहां कैबिनेट सचिव व डीजीपी के समक्ष विधायक ने मेरे ऊपर उनसे अशिष्ट व्यवहार करने की शिकायत की। प्रति उत्तर में मैंने उनके मुख्य अभियुक्त की सिफारिश का उल्लेखकर इस कांड में उन्हें भी शरणदाता बताकर उनके विरुद्ध भी कार्यवाही करने की बात कही। डीजीपी विक्रम सिंह ने दबंगई से कहा कि जो भी इस कांड में अपराधी हो, जनता के सामने जूता मारकर मैं बंद कर दूं। इतना सुनते ही माननीय विधायक जोर-जोर से रोने लगे। हम सभी स्तब्ध रह गए। फिर डीजीपी व कैबिनेट सचिव ने उन्हें सांत्वना दी कि उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, वह शीघ्र मुख्य अभियुक्त को पुलिस को दे दें, तब वह रोना बंद किए और अगले दिन ही अभियुक्त को थाने भेज दिए।

बात लड्डू की पवित्रता की ही नहीं है, देश के सभी खाद्य पदार्थों, दूध, मसालों, सब्जियों, फलों, दवाइयों की शुद्धता की है, जिसका सेवन हम सभी कर रहे हैं। हमारी सोच ऐसी हो गई है कि हम अपने फायदे के लिए किसी भी पदार्थ में कुछ भी मिला सकते हैं, उससे उपभोक्ता मरे या बीमार हो, इसकी चिंता हम नहीं करते। शहर या देहात में यदि हमें किसी कीमत पर शुद्ध दूध, घी मिल जाए तो हमारा सौभाग्य। सब्जियों पर इतना कीटनाशक का छिड़काव हो रहा है कि वह खाने योग्य नहीं रह गई हैं। गेहूं, चावल की फसलों में रासायनिक खादों तथा कीटनाशकों का उपयोग बढ़ता जा रहा है। यही हाल दवाओं की गुणवत्ता का भी है। नई-नई दवाइयों में कौन सा साल्ट नुकसान दायक है, पता ही नहीं रहता। विदेशों में कितनी प्रतिबंधित दवाएं हमारे यहां रोगियों को खिलाई जा रही हैं। इन सबका प्रभाव स्पष्ट है, डायबिटीज, कैंसर व अन्य रोगों की अप्रत्याशित वृद्धि। केंद्र व सभी प्रदेश सरकारों को इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर इसका स्थायी समाधान करना चाहिए।

## सोशल फोरम

# अंतरिक्ष अनुसंधानों पर खर्च



डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

कैबिनेट ने सन 2040 तक भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर उतारने और पृथ्वी पर सुरक्षित वापस लाने के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-4 को मंजूरी दे दी है। इसका उत्तरदायित्व 'इसरो' का होगा। इस मिशन के लिए अभी का बजट 2104 करोड़ रुपए है। इसके अतिरिक्त 'गगनयान फॉलो-ऑन' और सन 2035 तक भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन बनाने और पृथ्वी के सबसे करीबी ग्रह शुक्र के अध्ययन के लिए 'वीनस ऑर्बिटर मिशन' को भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

अंतरिक्ष अनुसंधान के ये सारे मिशन हजारों करोड़ रुपये के हैं। ताकतवर रॉकेटों द्वारा की जाने वाली अंतरिक्ष यात्राएं बहुत महंगी पड़ती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए अंतरिक्ष अनुसंधान पर इतना खर्च करना कितना उचित है? ठीक है, ये अनुसंधान महंगे पड़ते हैं। इस खर्च में अनेक अस्पताल, अनेक स्कूल, अनेक सड़कें अनेक विद्युत गृह और अन्य साधन बनाए जा सकते हैं, लेकिन ये अनुसंधान आवश्यक होते हैं, जहां ये मानव की ज्ञान-प्राप्ति की ललक को संतुष्ट करते हैं, वहीं ये उसके अनेक काम आ सकते हैं, जो तकनीक रॉकेट को ऊपर फेंकने में काम आती है, वही युद्धों में मिसाइल्स को फेंकने में काम आती है। हमें अपनी रक्षा तो करनी ही पड़ेगी। उसके लिए हम लाखों-करोड़ रुपये प्रतिवर्ष खर्च करते ही हैं। अंतरिक्ष अनुसंधान भी रक्षा कार्यों का एक भाग हैं।

हमारे कृत्रिम उपग्रह जहां संचार और मौसम संबंधी अनेक सूचनाएं देते हैं, वहीं ये रक्षा-संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाएं भी देते हैं। फिर ज्ञान-प्राप्ति ही हमारे जीवित रहने का माध्यम है। यदि मनुष्य गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक पहुंचा है तो यह उसकी ज्ञान प्राप्ति की ललक के कारण ही संभव हुआ है। वास्तव में हमें अनेक दिशाओं में एक साथ आगे बढ़ना होता है। हम अपनी पृथ्वी और अपने देश की समस्याओं को भी सुलझाएं और साथ में ऐसे अनेक अनुसंधान भी करें। लेकिन मेरे अनुसार यह सही तरीका नहीं है। सही तरीका यह है कि हम अपनी मूल व्यवस्था को भी सुधारें और साथ में आगे की तकनीक को भी लाएं।

**-फेसबुक वॉल से**

# लड्डू यानी खुशियां परमानंद



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हिंदुस्तानियों ने लड्डू बनाने के क्षेत्र में इतने प्रयोग किए हैं, इतने तरह के लड्डुओं का अविष्कार कर चुके हम कि यदि उनका ही कॉपी राइट मिल जाए तो देश मालामाल हो सकता है। यह फास्ट फूड है हमारे देश का।

लड्डुओं को कम मत गिनिए। लड्डू यानी खुशियां परमानंद। ये सफलता के प्रतीक हैं। लड्डू वही खाता-खिलाता है, जिसे कुछ मनचाहा मिल गया हो। ये खाने और खिलाने वाले दोनों को अंदर से मीठा करने में समर्थ होते हैं। ये आपको खुशमिजाज, आत्मीय और मिलनसार शख्स में बदल सकते हैं। ऐसा स्वभाव ही आपको ऊंचाइयों तक ले जा सकता है। मुंह मीठा करवाया क्यों जाता है आदमी का। केवल इसलिए कि बंदा मीठा-मीठा बोले।

लड्डुओं का काम ही यही है, उसे मुंह में रखते ही दिमाग पर आनंद के बादल छा जाते हैं। जीभ से लेकर गला और जिगर तक ऐसी अलौकिक कृपा बरसने लगती है कि शैतान भी साधु में बदल जाए। लड्डू खाता है आदमी और खिलाने वाले के बारे में अच्छा-अच्छा सोचने लगता है। यदि ऐसा न होता तो लड्डू खिलाने वाले क्यों अपनी अंटी ढीली करते और क्यों किसी को लड्डू खिलाने, किसी के यहां लड्डू भेजने की जहमत उठाते। एक बार बना लें लड्डू, फिर हफ्तों खाते रहें। ज्यादा भागदौड़ और माथा पच्ची की जरूरत नहीं। ये स्वाद भरे हैं, गरिष्ठ हैं, विविधता हैं इनमें। लड्डू इतने तरह के आते हैं, इतनी तरह से बनाए जाते हैं कि आप गिनते-गिनते हैरान हो जाएं और फिर जमाने भर की बेहतरीन चीजें डाली जाती हैं। तरह-तरह के मावे, ड्राई फ्रूट्स इसे अलौकिक बना देते हैं।

हिंदुस्तानियों ने लड्डू बनाने के क्षेत्र में इतने प्रयोग किए हैं, इतने तरह के लड्डुओं का अविष्कार कर चुके हम कि यदि उनका ही कॉपी राइट मिल जाए तो देश मालामाल हो सकता है। यह फास्ट फूड है हमारे देश का। वो तो अमेरिका अमीर है, पैसों के दम पर, जो चाहे कर सकता है। इसलिए फास्ट फूड के नाम पर उसके जंक फूड्स की चैन है पूरी दुनिया में। यदि हमारी जेबें भी उसकी तरह भरी होती तो पूरी दुनिया के मुंह में केवल लड्डू भरे होते। सुना है, स्पेस में जाने वाले अपने साथ नीरस सी चीजें कैप्सूल में भरकर ले जाते हैं। मन मारकर खाते होंगे वो सब। अब जब आदमी को कायदे से, मन भरकर, खाने को न मिले तो सौंपे गए काम में मन नहीं लगता उनका। ऐसे में सरकारी बाबुओं जैसी फाइलें निपटाकर लौट आते होंगे वो। एक बार लड्डू का डब्बा साथ रख कर देखें उनके। हो सकता है वो फिर टॉरगेट से ज्यादा अचीव कर लें। ब्रह्मांड के बाहर का भी चक्कर लगा आएं। कोई नई पृथ्वी ही तलाश लें। यदि ऐसा हो सके तो यहां की आधी आबादी को वहां शिफ्ट कर इस दुनिया को रहने लायक बनाया जा सकता है। दुनिया में जो इतनी बड़ी-बड़ी लड़ाइयां हुईं। थोक में दो-दो विश्व युद्ध हो चुके। फुटकर लड़ाइयां तो रोज ही जारी रहती हैं। सारी ही लड़ाइयां छोटी-मोटी तू-तू मैं-मैं से ही शुरू होती हैं और फिर बड़ी हो जाती हैं। कुछ मांगने और न देने पर भी लड़ाइयां होती ही हैं। मुझे हैरानी इस बात की है इन सभी झंझटों से निपटने के लिए लड्डुओं से मदद क्यों नहीं मांगी जाती? लड्डू से बड़ा शांति दूत न पहले कभी हुआ है न मुझे आगे होने की उम्मीद है। जब भी किसी से मनमुटाव हो, लड्डूओं का डब्बा भेजिए और उसका जादू देखिए। लड्डू की साईज और संख्या पर आईए अब। लड्डू जितना बड़ा होगा आपको उतना उदार बनाएगा। संख्या मे जब भी ज्यादा होंगे ये, आपको उसे दूसरों से मिल बांटकर खाने की प्रेरणा देगा, जो मिल बांटकर खाते हैं उनकी कीर्ति पूरे संसार में फैलती है। लोग पसंद करते हैं, उन्हें उनकी न्याय बुद्धि, उदारता और सज्जनता के पुल बांधे जाते हैं। आदमी को संसार में पैसे के अलावा तारीफ ही तो चाहिए! लड्डू इसमें आपकी मदद करते हैं और फिर लड्डू खाते-खिलाते ही आदमी खाया-पिया लगने लगता है। जैसा कि आप जानते ही हैं हमारे यहां पढ़े-लिखों से ज्यादा खाए-पियो को इज्जत देने का रिवाज है, ऐसे में लड्डू आपको इज्जतदार बनाने में भी मदद करता है।

किसी नन्हें-मुन्ने लड्डू से इससे ज्यादा और क्या उम्मीद की जा सकती है। यही सब वजहें हैं कि बच्चा पैदा हो, बड़ा हो, कुछ करने धरने लग जाए, ब्याह हो उसका, उसके अपने बच्चे हो, जमीन जायदाद खरीदने लायक हो जाए आदमी, लड्डू ही है, जो इन सभी की तस्दीक करते हैं। यदि ऐसे मौकों पर भी आपने लड्डू नहीं बांटे तो आपसे बड़ा मक्खीचूस और कोई नहीं। आपकी इज्जत एकदम गरीबी रेखा के नीचे चली जाती है और सारे मिलने वाले यह मान लेते हैं कि आपसे कोई उम्मीद नहीं की जा सकती, जिससे उम्मीद नहीं की जा सकती उसे इज्जत देना और वक्त बर्बाद करना एक ही चीज है। धरती गोल केवल इसलिए है, क्योंकि लड्डू गोल होता है। पृथ्वी गोल न हो तो घूमना बंद कर दे, पर लड्डू टेढ़ा हो तब भी दुनिया को घुमा सकता है। कैसे? वो आप आजकल देख ही रहे हैं। लड्डू भगवान को भी पसंद आते हैं और भक्तों को भी। इसीलिए लड्डू ही वो हैसियत रखते हैं, जो आपके लोक और परलोक दोनों को बेहतर बना सकते हैं।

# लोकतंत्र में अध्यात्मवाद के दायरे



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

धर्म और ईश्वर एक नहीं हैं। इन दोनों को लेकर घालमेल नहीं होना चाहिए। भारतीय समाज में इन दोनों को लेकर काफी घालमेल है। धर्म आमतौर पर समाज के संस्कारों, आदतों, जीवनशैली आदि में रमा होता है। धर्म को हम धारण करते हैं, ईश्वर पर विश्वास करते हैं। धर्म में परिवर्तन सामाजिक विकास के परिवर्तनों के साथ तेज गति से होते हैं, लेकिन ईश्वर संबंधी धारणाओं-अवधारणाओं में विश्वास बहुत धीमी गति से होते हैं। धर्म में विचरण करते हुए हम वैसे ही जीते हैं जैसे फेसबुक में जीते हैं। कोई चीज पसंद आई तो लाइक कर दिया, पसंद नहीं भी आई तो वैसे ही लाइक कर दिया। धर्म क्या है और वह जीवन में क्यों है?

इससे जुड़े सवालों पर फिर कभी विस्तार से बातें होंगी, यहां पर पहले ईश्वरवाद और अनीश्वरवाद संबंधी भारततीय दार्शनिक परंपरा पर बातें करें। ईश्वरवाद-अनीश्वरवाद पर बहस करके ही व्यक्ति को लोकतांत्रिक बनाया जा सकता है। लोकतंत्र की पहली शिक्षा यही है कि कठिन से कठिन सवाल मुक्तभाव से उठाओ। निडर बनो। जिन लोगों ने भारत में दर्शन का विकास किया, उनमें से हरेक ने ईश्वर के सवाल पर विचार किया। ईश्वर के सवालों से भागकर सम-सामयिक माहौल को न तो बदल सकते हैं और नहीं नए माहौल की सृष्टि ही कर सकते हैं। ईश्वर-अनीश्वर की बहस को आप श्रद्धा-आस्था-विश्वासों के आधार पर नहीं चला सकते। भारतीय दर्शन परंपरा में विभिन्न मत-मतांतरों के दार्शनिकों ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखते हुए इस विषय पर जमकर बहस की है। लोकतंत्र की यह पहली जरूरत है कि विचारों में भिडंत हो, लेकिन सम्मान और आदर बनाए रखकर, ज्ञान के विकास के लक्ष्य को बनाए रखकर। इन दिनों नए किस्म का कठमुल्ला समाज जन्म ले रहा है, इसमें विचारों की भिडंत के लिए कोई जगह नहीं है, विचारों में लोकतंत्र की परंपरा कैसे बनाएं इस पर हमें अपने दार्शनिक विचारकों से सीखना चाहिए।

विचारों में भिडंत का मतलब दार्शनिक-विचारक पर शारीरिक हमले करना नहीं था। लंबे समय तक बहुत ही शांतिप्रिय माहौल में ईश्वर-अनीश्वर पर बहस हुई है। समग्रता में देखें तो भारत में अधिकांश दर्शनशास्त्री अनीश्वरवादी थे, लेकिन यह मिथ है कि अधिकांश दार्शनिक ईश्वरवादी थे। दर्शन में ईश्वर-अनीश्वर की बहस को हमने अध्यात्मवाद में डुबो दिया है। ज्ञान की बहसों को अध्यात्मवाद के घटाटोप अंधकार से बाहर निकालने की जरूरत है। हर चीज में अध्यात्मवाद को आरोपित करने का अर्थ है समाज को अविवेक और हिंसा के नरक में डुबो देना। जितनी बार हम विचारों को अध्यात्मवाद के आवरण में रखकर देखेंगे हमें विचार और ज्ञान से परहेज होने लगेगा, नए परिवर्तनों से नफरत होने लगेगी। देश में लोकतंत्र रहे और उसका विकास हो इसके लिए जरूरी है कि अध्यात्मवाद को लोकतंत्र से दूर रखें। लोकतांत्रिक विचारों के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती यदि कहीं से आ रही है तो वह है अध्यात्मवाद।

## सार-संक्षेप

### मंसूरी समाज ने बॉडी बिल्डिंग विजेता का किया स्वागत

**काशीपुर :** अखिल भारतीय मंसूरी समाज ने मिस्टर उत्तराखंड चुने गए फहीम मंसूरी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस दौरान के अखिल भारतीय मंसूरी समाज के उत्तराखंड प्रभारी डॉ एम ए राहुल ने कहा की फहीम मंसूरी ने काशीपुर नहीं पूरे उत्तराखंड का नाम रोशन किया है। इस दौरान वसीम, अकरम, जावेद मंसूरी, अमन मंसूरी, यासीन मंसूरी, अमन मंसूरी, दानिश, नासिर मंसूरी, जमील मंसूरी समेत कई लोग मौजूद रहे।



जसपुर में कांस्टेबल को सम्मानित करते रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकर्ता।

### महिला को खुदकुशी से रोकने वाला कांस्टेबल सम्मानित

**जसपुर :** हाल ही में आत्महत्या करने जा रही एक महिला को रोक कर कोतवाली को सूचित कर उसकी जान बचाने पर उस दौरान ठाकुरद्वारा चुंगी पर ड्यूटी पर तैनात कांस्टेबल महेंद्र सिंह को रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने रविवार को कोतवाली पहुंचकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही इस मामले में सक्रियता बरतने पर एसआई हरीश चंद्र आर्य की भूमिका की भी सराहना की। इस मौके पर रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष हरिओम सिंह, डॉ. वीएस गौतम, यशपाल शर्मा, उस्मान अहमद, डॉ. निशांत अरोरा, कपिल कुमार, नरेश सागर, डॉ. संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।


महिला पत्रकार अनुश्री को श्रद्धांजलि देते लोग।

### महिला पत्रकार के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**काशीपुर :** सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुई महिला पत्रकार अनुश्री भारद्वाज को श्रद्धांजलि देने के लिए पंजाबी सभा भवन में काशीपुर मीडिया सेंटर द्वारा एक शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं व पत्रकारों ने अनुश्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रृद्धांजलि देने वालों में एएसपी अभय सिंह, कोतवाल विक्रम राठौर, कुंडा थाना प्रभारी हरेंद्र चौधरी, निवर्तमान मेयर उषा चौधरी, दीपक बाली, राम मेहरोत्रा, गुरविंदर सिंह चंडोक, राहुल पैगिया, खिलेंद्र चौधरी, पूर्व पालिकाध्यक्ष शमशुद्दीन, गिरीश तिवारी, मुक्ता सिंह, डा. दीपिका गुड़िया आत्रोय, इंदुमान, अलका पाल, संदीप सहगल समेत कई लोग मौजूद रहे।


जीबी पंत इंटर कॉलेज में हीमोग्लोबिन कैंप में मौजूद चिकित्सक।

### जीबी पंत इंटर कॉलेज में लगा हीमोग्लोबिन कैंप

**काशीपुर :** काशीपुर के जीबी पंत इंटर कॉलेज में हीमोग्लोबिन चैकअप कैंप लगाया गया। इस दौरान स्कूल के 110 बच्चों ने अपना एचबी टेस्ट कराया। कैंप में आए चिकित्सकों ने बच्चों को निशुल्क दवाएं वितरित की। साथ ही निशुल्क परामर्श भी दिए। इस दौरान कैंप में डॉ कुलदीप सिंह, डॉ मीनू शर्मा, जयंत सिंह, नीलम समेत कई लोग मौजूद रहे।

### सिंचाई मोटर की तार चोरी, मुकदमा दर्ज

**बाजपुर :** कृषि फार्म में लगी विद्युत सिंचाई मोटर की वायर चोरी हो गई। पीड़ित फार्म स्वामी ने अज्ञात के विरुद्ध कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस शक के आधार पर एक युवक से पूछताछ कर रही है। सुशील कुमार सिंघल पुत्र मंगा राम ने पुलिस को बताया कि उनका कृषि फार्म ग्राम धनसारा बेदी फार्म रोड पर शांति कालोनी के सामने है। आरोप है कि बीते 7 सितंबर को अज्ञात व्यक्ति ने फार्म पर सिंचाई के लिए लगी मोटर की करीब 10 मीटर वायर चोरी कर ली। आसपास तार काटने वाले चोर की तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। वहीं पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है जिसमें एक युवक से कोतवाली में शक के आधार पर पूछताछ भी की जा रही है।

### मौत की झूठी सूचना देने वाला पुलिस की हिरासत में

**बाजपुर :** सोशल मीडिया पर बिना जांच-परख के एक युवक की मृत्यु की झूठी सूचना प्रसारित करने के मामले में पुलिस ने आरोपित युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। ग्राम नंदपुर नरकाटोपा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि वह अपना मोबाइल घर पर छोड़कर बाहर चला गया था। इसी बीच 21 सितंबर की प्रात: करीब 9:20 बजे कई मित्रों ने फोन किए जिसमें उसकी माता ने फोन काल को रिसीव किया तो उनसे पूछा गया कि आपके पुत्र की मृत्यु कैसे हो गई है ? इस सूचना से माता व परिजन घबरा गए और उनमें कोहराम मच गया। इतना ही नहीं माता को गहरा सदमा लग गया और वह चक्कर खाकर वहीं गिर गई। फोन करने वालों ने बताया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक व इंस्टाग्राम पर आपके पुत्र की फोटो के साथ मृत्यु संबंधी सूचना गांव के ही युवक ने प्रसारित की है। वहीं पुलिस ने आरोपी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है। वहीं आरोपी युवक गलती की माफी मांग रहा है। इधर कुछ लोग दोनों पक्षों में समझौते के प्रयास में जुटे रहे।


किच्छा में रोगी के नेत्रों की जांच करते विशेषज्ञ।

### निशुल्क शिविर में 105 लोगों के आंखों की जांच

**किच्छा :** नगर स्थित राजीव गांधी कम्युनिटी हॉल में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच एवं दवा वितरण शिविर में दर्जनों नेत्र रोगियों ने अपने नेत्रों की जांच कराई और निशुल्क दवा प्राप्त की। इससे पूर्व शिविर का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि विपिन जलहोत्रा ने फीता काटकर किया। उन्होंने शिविर आयोजन युवा समाजसेवी शोभित शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी समाज सेवा के कार्यों में हर संभव मदद की जाएगी। युवा समाजसेवी शोभित शर्मा ने कहा कि नेत्र संबंधी रोगों के प्रति जनता को जागरूक करने के उद्देश्य से शिविर लगाया गया है। शिविर में वेदांता नेत्रालय के संजीव पांडेय, राजेश पाठक, आशुतोष अस्थाना, अभिषेक थापा, प्रीति भेसोड़ा की टीम ने आधुनिक मशीनों से लोगों के नेत्रों की जांच की। शिविर में 105 लोगों के नेत्रों की जांच की गई तथा निशुल्क दवा वितरित की गई। मौके पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, स्वास्थ्य मंत्री प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, हरीश खानवानी, विवेक राय, राजेश राठौर, पवन पांडे, दिनेश सिंह, आदर्श तिवारी रहे।

# आरोपी एसआई के खिलाफ की जाए कड़ी कार्रवाई: किंदा

## गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर के अध्यक्ष बोले, करेंगे आंदोलन

संवाददाता, बाजपुर


प्रेसवार्ता करते गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष व भाजपा नेता कुलविंदर सिंह किंदा।

**अमृत विचार :** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर के अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा ने कहा कि राहुल गांधी ने सिखों के संबंध में विदेश में जो बयान दिया था उसे उत्तराखंड पुलिस के सब इंस्पेक्टर संदीप पिलखवाल जैसे लोग धरातल पर उतार रहे हैं। ऐसे व्यक्ति पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। बाजपुर क्षेत्र की संगत रुद्रपुर में लिए गए निर्णय का समर्थन करती है और यदि निर्धारित समय में सार्थक कदम नहीं उठाए गए तो गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बाजपुर व क्षेत्र की संगत इस संबंध में होने वाले प्रत्येक आंदोलन की भागीदार बनेगी।

रविवार को गुरुद्वारा साहिब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए किंदा ने कहा कि संदीप पिलखवाल ने जो सिख समाज के लोगों के साथ समय-समय पर घटनाएं की हैं वह सब उजागर हो रही हैं। इससे उनकी मानसिकता का पता चलता है। ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं उन्होंने मंडी हिमाचल प्रदेश की सांसद कंगना रनौत के संबंध में कहा कि सिख समाज किसी की गुलामी नहीं करता है। इस महिला ने अत्यंत अशोभनीय टिप्पणी की है, जो अस्वीकार्य है।

यह महिला सांसद तो छोड़ो सभासद बनने लायक भी नहीं है। वहीं बाजपुर के 20 गांव की भूमि के संदर्भ में कहा गया कि वह गांव-गांव घूमे हैं और लोग बहुत परेशान हैं। उनकी स्थिति को देखकर उन्हें रोना आ रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हमारे राजा हैं जिन्हें हम पहले भी चुनाव लड़ाते आए हैं और आगे भी लड़वाएंगे इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन सीएम को बाजपुर के बीस गांव की समस्या का समाधान जल्द करना चाहिए। इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह सभा के महामंत्री अवतार सिंह सैनी, बाज सिंह, सुरजन सिंह आदि मौजूद थे।

## एसआई के निलंबन को कांग्रेसी मुखर

**गदरपुर :** सिख समुदाय के नौजवान युवक के साथ हुई बदसलूकी मामले लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। विरोध प्रदर्शन के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस प्रशासन का पुतला फूंक रोष व्यक्त किया।

कार्यकर्ताओं का कहना था कि जब तक उप निरीक्षक का निलंबन नहीं होगा, कार्यकर्ता चैन से नहीं बैठेंगे। रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता हजारीलाल पेट्रोल पंप पर एकत्र हुए। जहां पर उन्होंने रुद्रपुर में वाहन चेकिंग के दौरान एक सिख युवक के साथ चौकी इंचार्ज द्वारा की गई बदसलूकी के मामले को लेकर पुलिस प्रशासन का पुतला फूंका। कांग्रेस नेता राजेंद्र पाल सिंह का कहना था कि उक्त उपनिरीक्षक कि लोगों के साथ बदसलूकी की पांच वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। उन्होंने कहा कि अगर उप निरीक्षक का जल्द निलंबन नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकता आंदोलन को मजबूर होंगे। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। पुतला फूंकने वालों में शैलेंद्र शर्मा, शराफत अली मंसूरी, संजीव अरोरा, गुरविंदर बत्रा, गगन विर्क, गुरमीत सिंह, अमरजीत सिंह, मो. रिजवान, जावेद सैफी, सुखविंदर बत्रा रहे।


किच्छा में आरोपी दारोगा का प्रतीकात्मक पुतला दहन करते सिख समाज के लोग।

# किच्छा में सिख समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार :** रुद्रपुर में वाहन चेकिंग के दौरान सिख युवक के साथ चौकी इंचार्ज द्वारा अभद्रता एवं मारपीट किए जाने का आरोप लगाते हुए आक्रोशित सिख समाज के तमाम लोगों ने दरोगा के प्रतीकात्मक पुतले को आग के हवाले किया। इस दौरान तमाम लोगों ने नारेबाजी करते हुए आरोपी दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी एवं युवा व्यापारी नेता जगरूप सिंह गोल्डी के नेतृत्व में तमाम लोगों ने दीनदयाल चौक पर आरोपी चौकी इंचार्ज संदीप पिलख्वाल के प्रतीकात्मक पुतले को आग के हवाले किया। युवा नेता जितेंद्र सिंह संधू ने कहा कि घटना के बाद से सिख समाज में भारी रोष व्याप्त है और जब तक सिख युवक के साथ अभद्रता एवं मारपीट करने वाले दरोगा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी, उनका आंदोलन जारी रहेगा। मौके पर गुरुद्वारा कमेटी प्रधान रणजीत सिंह गिल, सेक्रेटरी दलजीत सिंह बग्गा, देवेंद्र सिंह विर्क, अरिजीत सिंह कपूर, जीवन सिंह, चरणजीत सिंह चन्नी, रणजीत सिंह विर्क, सतपाल सिंह गंभीर, देवकी नंदन, प्रगट सिंह, हरजीत सिंह कपूर आदि मौजूद रहे।

# सड़क पर भटकता मिला बालक परिजनों को सौंपा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** नगर में मुख्यमार्ग पर भटकते मिले साढ़े तीन वर्षीय बालक को पुलिस ने सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

रविवार दोपहर बाजार में लगभग साढ़े तीन वर्षीय बालक अकेला इधर-उधर घूम रहा था। एक व्यक्ति ने कोतवाली में सूचना दी। जिस पर पुलिस कर्मी बालक को कोतवाली ले आए। जहां एसएसआई विनोद सिंह फर्त्याल ने बालक से जानकारी ली तो बालक ने अपना नाम कुनाल व पिता का नाम कमल बताया। साथ ही हाथ से घर का रास्ता बनाते लगा। इस पर दो पुलिस कर्मी बालक को साथ ले गए। आखिरकार खोजबीन करते हुए पुलिस उसके घर तक पहुंच गई। पता चला कि बालक मूल रूप से द्वारिकापुरम सेक्टर-17 दिल्ली का रहने वाला है और कुछ समय से अपनी मां के साथ इंदिरा कालोनी बाजपुर में नाना-नानी के घर पर रह रहा है। रविवार सुबह उसकी मां काम पर चली गई तो उसका मामा सोनू बालक को अपने साथ बाजार ले आया, जोकि बिछड़ गया। बताया जाता है कि उसके मामा ने नशा कर रखा था। पुलिस ने बालक को उसकी मौसी के सुपुर्द कर दिया।


बालक को चॉकलेट देते एसएसआई।

# अधिकारों के प्रति जागरूक हों महिलाएं

- महिला कल्याण संस्था व रमोला चैरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के तत्वावधान में कार्यशाला का आयोजन

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** महिला कल्याण संस्था व रमोला चरिटेबल ट्रस्ट दिल्ली के तत्वाधान में बढ़ती महिला हिंसा व अवैध मानव व्यापार को रोकने लिए अंतरराष्ट्रीय बेटी दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन किया गया। रविवार को महिला कल्याण संस्था अध्यक्षा हीरा जंगपागी रौतेला व रमोला चेरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली की स्मृतिकना घोष पाल ने बढ़ती हुई महिला हिंसा व अवैध मानव व्यापार को रोकने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया।

कार्यशाला का शुभारम्भ महिला कल्याण संस्था अध्यक्षा हीरा जंगपागी रौतेला व रमोला चेरिटेबल ट्रस्ट नई दिल्ली की स्मृतिकना घोष पाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में जिला प्रोबशन अधिकारी व्योमा जैन ने पीड़ित महिलाओं, किशोरियों के लिए सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं तथा योजनाओं की जानकारी दी।

अधिवक्ता सरिता सक्सेना ने जिले में सेक्स रेसिओं की जानकारी दी। नारायणी भट्टाचार्य ने महिलाओं के प्रति बढ़ रही हिंसा के आंकड़ों की जानकारी दी। महिला हेल्पलाइन की निरीक्षक अंजू पांडे ने महिलाओं को दी जाने वाली सुविधाओं व सहायता के विषय में बताया।

कार्यक्रम का संचालन अनिल रौतेला व धर्म सिंह ने किया। इस मौके पर समाजसेवी तरुण कुमार सिंह, प्रधानाचार्य अनीता त्रिपाठी, बबीता सक्सेना, पिंकी,सीमा सिंह, सरोज ठाकुर, हिना चौहान, संजय सिंह, इंदु देवी, गुड्डों देवी, नरेश चुफान सहित वन स्टॉप सेंटर से कविता बडोला, जिला प्रोबशन अधिकारी व्योमा जैन, कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास परियोजना, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, होटल एसोसिएशन, टैक्सी एसोसिएशन, पंचायत प्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग से आशा कार्यकत्रियां व ग्राम प्रहरी आदि ने विचार रखे।



दिनेशपुर में कार्यशाला को संबोधित करतीं महिला कल्याण संस्था अध्यक्ष हीरा जंगपांगी रौतेला। ● अमृत विचार

# ग्राहक व दुकानदार में मारपीट से हंगामा


बाजपुर घटना के बाद जानकारी हासिल करती पुलिस व मौके पर जमा लोगों की भीड़।

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** चाऊमीन के ठेले पर ग्राहक व दुकानदार में गाली-गलौज और मारपीट हो गई।

जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव करवाया। दुकानदार ने नामजद तहरीर दी है। वार्ड-सात संजय कालोनी निवासी राज गिरी पुत्र खमानी गिरी ने पुलिस को बताया कि वह पिछले 14 वर्षों से चाऊमीन का ठेला लगाकर बच्चों का पालन-पोषण कर रहा है। आरोप है कि इसी बीच देर रात 8.30 बजे मोहल्ले के ही एक युवक ने दुकान पर आकर बेवजह गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध किया तो आरोपी अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं आरोपी ने उन्हें पुलिस की धमकी भी दी। अचानक हुई मारपीट की इस घटना से मौके पर अफरातफरी मच गई। लोगों ने किसी तरह उनमें बीचबचाव कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने भी आवश्यक जानकारी हासिल की। समाचार लिखे जाने तक किसी की भी तरफ से मुकदमा दर्ज नहीं हुई थी।

## चुनावी रंजिश में मारपीट करने का आरोप

**बाजपुर :** चुनावी रंजिश में गाली-गलौज व मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया है। भोना कालोनी निवासी डेनिस अगस्टीन ने पुलिस को बताया कि 21 सितंबर की रात 8.50 बजे रामराज रोड पर सरकारी अस्पताल के पास उसकी बाइक में पेट्रोल समाप्त हो गया। जिस पर वह पैदल ही एनएनटोपा स्थित हुड्डा पंप पर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में पहले से ही घात लगाए बैठे एक युवक ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर उसे घेर लिया और पुरानी चुनावी रंजिश में गाली-गलौज करते हुए हमला कर दिया। लाठी-डंडों व धारदार हथियारों के साथ पहुंचे आरोपियों ने उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक मामला दर्ज नहीं हुआ था, अलबत्ता पुलिस ने पूछताछ के लिए एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। इधर कुछ गणमान्य व्यक्ति उनमें समझौते के प्रयास में थे।


पुलिस को चोटें दिखाता पीड़ित।

# नंदकिशोर शर्मा व अमन के भजनों ने बांधा समां

संवाददाता, गदरपुर

**अमृत विचार :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित पांचवें श्री श्याम बाबा खाटू वाले के दरबार में हजारों लोगों ने अपनी श्रद्धा एवं आस्था प्रकट करते हुए सहभागिता कर भजन कीर्तन का आनंद लिया नगर क्षेत्र एवं दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से भी पहुंचे लोगों द्वारा श्री श्याम बाबा के दर्शन करके पुष्प अर्पित किए वहीं दूर दराज दूर से आई विभिन्न धार्मिक सामग्री की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की।

श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा आयोजित श्री श्याम बाबा दरबार में वृंदावन से आए श्री नंदकिशोर शर्मा द्वारा गए गए भजनों पर श्रद्धालु, श्रद्धा भावना से झूम उठे। वहीं अमन सांवरिया द्वारा भी भजनों का गुणगान करते हुए लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गई और बाबा के दर्शनों के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इस अवसर पर लंगर भंडारे में भी लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष विजय अनेजा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बाबा हरनाम जी, समाजसेवी विनोद भुसरी, वेदराज बजाज, गुंजन सुखीजा, अजय खेड़ा, अभिषेक गुंबर आदि रहे।


नंदकिशोर शर्मा।

# शराब की लत ने बना दिया चोर, गिरफ्तार

- औदली इंटर कालेज में हुई चोरी मामले में माल सहित चोर गिरफ्तार

संवाददाता, सितारगंज

**अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चार दिन पूर्व औदली इंटर कालेज में हुई चोरी का पर्दाफाश कर दिया है। चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से टीवी व साउंड सिस्टम आदि बरामद किया गया हैं।

पुलिस के अनुसार 20 सितंबर को वादी सुरेश कुशवाहा पुत्र द्वारिका कुशवाहा निवासी वार्ड नं.-13 पण्डरीखेड़ा प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कालेज औदली की तहरीर पर पुलिस ने धारा 305ए/331(4) बीएनएस के तहत मुकदमा पंजीकृत किया था। इस मामले की गम्भीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक नगर के नेतृत्व में क्षेत्राधिकारी व प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में अभियोग के अनावरण हेतु थाना स्तर पर टीम का गठन किया। गठित टीमों द्वारा 21 सितंबर की सायं सिडकुल क्षेत्र से आरोपी शिवम सिह निवासी ग्राम औदली को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से विद्यालय से चोरी किया माल बरामद किया गया।

गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ में उसने शराब के नशे का आदि होना व इसी के लिए चोरी करना बताया। बरामदगी के आधार पर अभियोग में धारा-317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी।

## दो अक्टूबर से होगा पर्वतीय रामलीला का मंचन

**काशीपुर :** काशीपुर में पर्वतीय रामलीला मंचन दो अक्टूबर से आरंभ होगा। पिछले दिनों रामलीला मंचन को लेकर विवाद की स्थिति नजर आ रही थी। लेकिन समाज के संभ्रांत और वरिष्ठ लोगों ने इस विवाद को सुलझा लिया है। पर्वतीय रामलीला मंचन को लेकर आयोजन कमेटी अध्यक्ष बीडी कंडवाल समेत अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि अब रामलीला मंचन को लेकर किसी तरह का कोई विवाद नहीं है। सभी लोगों के सहयोग से रामलीला का मंचन भव्य ढंग से किया जा रहा है। इससे पूर्व रामलीला मंचन की रिहर्सल प्रतिदिन हो रही है। जिसमें सभी स्थानीय कलाकार अपने अपने पात्रों की भूमिका का अभ्यास कर रहे हैं।

# रोशन अध्यक्ष, अशरफ सचिव

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** जसपुर-नादेही ट्रक ऑपरेटर्स कल्याण समिति के त्रिवार्षिक चुनाव में रोशन अली अध्यक्ष एवं मोहम्मद अशरफ को सचिव चुना गया।

जसपुर-नादेही ट्रक ऑपरेटर्स कल्याण समिति की कार्यकारिणी के लिए ग्यारह वर्ष बाद रविवार को आठ सदस्यीय चुनाव समिति ने फैज-ए-आम इंटर कालेज में चुनाव संपन्न कराया। चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी अतीकुर्रहमान की देखरेख में हुआ। 182 ट्रक ऑपरेटरों ने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक चला। अध्यक्ष पद पर रोशन अली को 116 एवं उनके प्रतिद्वंदी इशरत अली को 64 मत मिले। सचिव पद पर मोहम्मद अशरफ को 122 एवं उनके प्रतिद्वंदी नफीस अहमद को 58 मत मिले। चार मत निरस्त हुए। चुनाव परिणाम के बाद विजयी प्रत्याशियों ने ढोल के साथ जुलूस निकाला। ट्रक ऑपरेटरों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया व मिष्ठान वितरण किया। इस मौके पर मो.शहजाद, शमशेर हुसैन, शाहिद अली, रईस अहमद, इस्लाम हुसैन, कमर अली, मो.यूनुस, अनीस आदि मौजूद रहे।


जसपुर ट्रक ऑपरेटर्स कल्याण समिति के पदाधिकारियों का स्वागत करते ट्रक ऑपरेटर।

## 11 वर्ष बाद हुआ ट्रक ऑपरेटर्स समिति का चुनाव

**जसपुर :** ऑपरेटर कल्याण समिति के त्रिवार्षिक चुनाव के लिए 13 सदस्य कार्यकारिणी की नियुक्ति का प्रावधान है। 11 सदस्य समिति में से अन्य पदाधिकारी को चुना जाता है। वर्ष 2013 में आखिरी चुनाव संपन्न हुआ था। उसके बाद अब तक चुनाव नहीं हो पाया था। 11 वर्ष बाद अब चुनाव हो पाया है।

## सार-संक्षेप



श्रीमद भागवत में कथा-प्रवचन करते व्यास। ● अमृत विचार

### इंदिरा कॉलोनी में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा

**रुद्रपुर :** इंदिरा कॉलोनी में सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा का शुरू हुई। जिसमें कथावाचकों ने कृष्ण लीलाओं का वर्णन कर मौजूद श्रद्धालुओं को निहाल कर दिया और माहौल कृष्णमय हो गया। बताते चलें कि इंदिरा कॉलोनी गली छह स्थित जितेंद्र चौहान के आवास पर सार्वजनिक श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। जहां पंडित दुर्गा शरण बाजपेई की देखरेख में कथावाचक शिवा अवस्थी द्वारा श्रीकृष्ण लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि कृष्ण की आराधना करने से मन को शांति और दुखों का निवारण होता है। यहीं कारण है कि भागवत कथा में कृष्ण लीलाओं का कई प्रकार से वर्णन किया है और जिसके श्रवण मात्र से सुख-समृद्धि का वास होता है। इस मौके पर विमला देवी, प्रियंका चौहान, श्रवण कुमार, राम मोहन शुक्ला, पंडित काधा शुक्ला, पंडित धनंजय मिश्रा, उर्मिला देवी, तुलसी मेहरा, कमलेश देवी, जीवंती देवी, दयानंद शास्त्री, बंसी चौधरी आदि मौजूद रहे।

### रात में घूमती मिली मंदबुद्धि युवती परिजनों को सौंपी

**जसपुर** : रात्रि के दौरान अकेले घूमती एक असहाय मंदबुद्धि युवती को पुलिस ने उसके परिजनों के सुपुर्द किया। शनिवार रात्रि पुलिस को करीब 22 वर्षीय असहाय मंदबुद्धि युवती जसपुर बाजार में इधर-उधर भटकते मिली। इस पर रात्रि गश्त करने वाले पुलिस कर्मियों द्वारा उसे पूछताछ कर थाने लाया गया। थाने में प्रभारी निरीक्षक जगदीश ढकरियाल के पूछताछ करने पर महिला असहाय और मंदबुद्धि प्रतीत हुई जो अपना नाम पता स्पष्ट नहीं बता पा रही थी। महिला की स्थिति को देखते हुए उक्त महिला को महिला कांस्टेबल कविता के साथ रात्रि में महिला हेल्प डेस्क में रखा गया। बाद में महिला ने अपना नाम जुलेखा पुत्री शाहिद हुसैन बताया। लेकिन वह अपना पता बताने में असमर्थ रही। इस पर हैड मोहरिर्र प्रकाश लोहिया ने आस-पास के थानों से संपर्क साधा। तब कहीं जाकर उक्त युवती का पता थाना कटघर जनपद मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश ज्ञात हुआ। युवती के घर का पता चलने पर रविवार को उसके परिजनों को बुलाकर जुलेखा को उनके सुपुर्द किया गया। अपनी पुत्री को सकुशल पाकर उसके परिजन काफी खुश हुए तथा पुलिस को धन्यवाद दिया।

### भूमित, प्रियांशु और कृष ने पास की एनडीए प्रवेश परीक्षा





**खटीमा :** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के भूमित खनका, प्रियांशु पोखरिया और कृष जोशी ने प्रथम प्रयास में ही एनडीए प्रवेश परीक्षा पास कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट ने कहा कि धीरे-धीरे विद्यालय अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी विद्यार्थी ग्रामीण परिवारों से आते हैं। जहां उन्होंने अथक प्रयास व लगन के साथ ही अध्यापकों और अभिभावकों की सहायता से लक्ष्य को प्राप्त किया है। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, प्रशासनिक अधिकारी मनीष चंद, एकेडमिक डायरेक्टर विक्टर आईवन, अशोक जोशी, अरुण पाल, अरुण कुमार, अजय यादव, उमेश रघुवंशी, अर्जुन बिष्ट, दिगंबर भट्ट, सुरेश ओली, मनीष ठाकुर, सुरेंद्र रावत, ऊषा भट्ट, हेमलता बोरा, लिंसी त्यागी, ऊषा चौसाली, शिल्पा सक्सेना, नीतू चंद आदि ने भी बधाई दी है।



बाजपुर में आप की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### आप की बैठक में निकाय चुनाव की तैयारी पर चर्चा

**बाजपुर :** रविवार को आम आदमी पार्टी की बैठक गोयल सीड्स परिसर में प्रदेशाध्यक्ष महिला मोर्चा सुनीता टम्टा बाजवा की अगुवाई में हुई। इसमें आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई और संगठन विस्तार किया गया। सुनीता ने महिला वर्ग को पार्टी से जोड़ने के लिए डोर टू डोर अभियान चलाने, पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील कार्यकर्ताओं से की। जिला अध्यक्ष जनार्दन सिंह ने संगठन विस्तार के साथ ही कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर आगामी चुनाव लड़ने की बात कही। इस मौके पर आप के विधानसभा अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बेदी, प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, हरदयाल सिंह खेड़ा, दीपक शर्मा, दीनदयाल सिंह, दानिश, पूरन सिंह, ओमप्रकाश नाथ, जयपाल सिंह चौहान, बब्बू सागर, जितेंद्र कुमार, सतविंदर शमी, पवन घनसाली, प्रवीण कुमार, सुनील पाठक, कुलदीप सिंह, मोहम्मद रिजवान, सद्दाम हुसैन आदि मौजूद रहे।

### आफताब बने युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष



**जसपुर :** भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा जसपुर निवासी कर्मठ युवा कांग्रेस कार्यकर्ता आफताब आलम अंसारी को भारतीय युवा कांग्रेस का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उन्होंने संगठन द्वारा उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपे जाने पर संगठन के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास, प्रदेश प्रभारी शिवि चौहान, प्रदेश अध्यक्ष सुमित्तर भुल्लर का आभार व्यक्त किया है।

# पुलिस पिटाई से नाराज भाजपाइयों का धरना

## ट्राजिटकैंप का है मामला, गुस्साए कार्यकर्ताओं ने काटा हंगामा, बीजेपी कार्यकर्ता को पीटने का है आरोप

संवाददाता,रुद्रपुर



रुद्रपुर में रविवार को नारेबाजी के साथ धरना देते भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** अभी दबंग चौकी प्रभारी का पिटाई प्रकरण का मामला ठंडा भी नही हुआ था कि थाना ट्राजिट कैंप इलाके में पुलिसकर्मियों द्वारा एक भाजपा नेता की पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। जिसके खिलाफ उतरी मंडल के भाजपा अध्यक्ष धीरेश गुप्ता ने कार्यकर्ताओ के साथ थाने का घेराव किया और धरना प्रदर्शन कर रोष जताया। इस दोरान कार्यकर्ताओं ने दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कारवाई की मांग की।

उतरी मंडल के अध्यक्ष धीरेश गुप्ता ने बताया कि शनिवार की रात इलाके में छोटी सा मामला हुआ था। रात सवा दस बजे पुलिस को सूचना दी गई थी। जब खबर मिलने पर भाजपा एससी मोर्चा के महामंत्री और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। तो तभी वहां मौजूद पुलिस वालों से सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता के साथ अभद्रता शुरू कर दी। आरोप था कि पुलिस वाले ने कार्यकताओं के साथ हाथापाई भी की। आरोप था कि जब से विधायक द्वारा कोतवाली का घेराव किया है। तभी से थाना पुलिस भाजपाई को ही प्रताड़ित कर रही है। जिसे बर्दाशत नहीं किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने दोषी पुलिस वालो के खिलाफ कारवाई की मांग की। वही मामले की जानकारी सीएम और संगठन से करने की बात कही। खबर मिलते ही थाना प्रभारी मोहन सिंह पांडे ने भाजपा कार्यकताओं को जल्द कारवाई का भरोसा जताया।

### ट्रैक्टर और कार को आमने- सामने खड़ा कर रास्ता रोकने का आरोप

**खटीमा :** सुनपहर गांव में बीते दिवस पुरानी रंजिश के चलते ट्रैक्टर से जा रहे एक पक्ष के सामने अपनी कार खड़ी कर रास्ता रोक गाली गलौज और मारपीट की गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर रास्ता रोकने, मारपीट करने और वाहनों को छतिग्रस्त करने का मामला दर्ज कराया है। उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत के भगतिनिया न्यूरिया निवासी जसविंदर सिंह ने पुलिस को सौंपी तहरीर में सुनपहर निवासी गुरप्रीत सिंह, जसविंदर सिंह उर्फ पप्पू, सोनू, रवि, हरचरण और जग्गा पर लाठी डंडों से लैस होकर उसके पुत्र का रास्ता रोककर मारपीट करने और कार को छतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जसविंदर सिंह की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। इधर दूसरे पक्ष के गुरप्रीत सिंह निवासी सुनपहर ने पुलिस को तहरीर सौंपकर भगतिनिया फार्म, न्यूरिया जनपद पीलीभीत निवासी अभिजोत सिंह और हल्दी निवासी सुखबीर सिंह पर गाली गलौज करते हुए मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने और ट्रैक्टर को छतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दूसरे पक्ष के गुरमीत सिंह की तहरीर पर भी मामला दर्ज कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दो मामलों में 29.05 लाख की धोखाधड़ी

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचारः** फेसबुक पर स्टॉक मार्केटिंग का विज्ञापन देखकर झांसे में आए एक युवक से 18.55 लाख रुपये की धोखाधड़ी हो गई। पीड़ितों की तहरीर पर पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318(4), 319(2), 61(2), 3(5) व आईटी एक्ट 66डी के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ओमैक्स रुद्रपुर निवासी मोहन चंदोला ने साइबर थाने को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने फेसबुक पर स्टॉक मार्केटिंग के विज्ञापन पर क्लिक किया तो उसे बीती 26 अगस्त को अज्ञात व्हटसअप ग्रुप से जोड़ दिया गया। जिसमें ग्रुप एडमिन ने खुद को शेयर मार्केट का एक्सपर्ट बताते हुए एडमिन से चैटिंग में रैलीगेयर पोर्टल वेब पर ट्रेडिंग करने के लिए प्रेरित किया। उसकी सहमति के बाद उसे ज्वॉइन करा दिया, जिसमें अन्य लोग भी थे। शुरू में वह लाभ हानि की जानकारी देकर अपने अपने प्रॉफिट के स्क्रीन शॉट शेयर करते थे। जिसे देखकर उसे भी भरोसा हो गया और उसने रजिस्ट्रेशन कराकर अकाउंट खोल लिया। शुरुआत में उसने उनके अनुसार 15 हजार रूपये किश्त जमा कराई। बाद में ट्रेडिग कराते हुए असिस्टेंट के बताए अज्ञात खातों में तीन सितंबर को 3.70 लाख और पांच सितंबर को 14.70 लाख रूपये जमा करा दिए। इसके अलावा उन्होंने उसे झांसे में लेकर उसके ट्रेडिग अकाउंट में लोन के नाम पर लगभग एक करोड़ के आईपीओ अलॉट करवा दिए और कहा कि पांच दिन का ब्याज न्यूनतम स्तर पर लिया जाएगा। उसके खाते में धनराशि आते ही ब्याज काट लिया जाएगा और 83 लाख 83 हजार 710 रूपये का लोन उसके ट्रेडिग अकाउंट में डाला गया। जिसमें पांच दिन का ब्याज 2,51 लाख रूपये जोड़ा गया जो उसे उनके दिए प्रोफिट चार्ट में शो हो रहा था। उसके विदड्राल करने पर धनराशि नही निकली तो उन्होंने खाते पर ऑटोमेटिक लॉक लगना बताया और इसे खोलने के लिए धनराशि की मांग करने लगे, तो उसे उसके साथ 18.55 लाख रूपये की धोखाधड़ी का एहसास हुआ।

वहीं दूसरे मामले में भी ओमेक्स रिविएरा रुद्रपुर निवासी धीरेंद्र कुमार सिंह ने साइबर थाने को दी तहरीर में बताया कि उसने भी फेसबुक पर स्टॉक मार्केटिंग का विज्ञापन देखने के बाद पर क्लिक किया तो इन्वेस्टमेंट स्टेटजी सेमिनार नामक व्हाट्सअप ग्रुप से जुड गया। जिसमें शेयर मार्केटिंग संबंधी चैटिंग होने लगी। उसके भी सहमति देने के बाद एक अन्य व्हटसअप गुप्र में जोड़ दिया गया। उसने ग्रुप एडमिन के अनुसार एक ट्रेडिग अकाउट खोला। जिस पर वह ट्रेडिग करने लगा। एक बार उन्होंने ट्रेडिग में लाभ की 18 हजार रूप्ये धनराशी उस के खाते में भी ट्रांसफर की। जिससे उसे विश्वास हो गया। कुछ समय बाद एडमिन ने कई अन्य कंपनी के शेयरो में अप्लाई करने को बोला, तो उसने अप्लाई कर दिया। साथ ही लालच में आकर उसने आईपीओ व शेयर खरीदने के लिए अपने खाते से भिन्न भिन्न खातों में पांच से 13 अगस्त के बीच 1.20 लाख रुपये 14 अगस्त को 1.75 लाख रुपये 21 अगस्त को 50 हजार रुपये और 29 अगस्त से दो सितंबर के बीच 7.23 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इस प्रकार 10.68 लाख रूपये जमा कर लिये , लेकिन आईपीओ चार्ट उसका प्रॉफिट करीब 52 लाख रुपये दिखा रहा है। जब उसने 10 लाख धनराशि निकासी करने के लिए आवेदन किया तो उन्होने उसका खाता होल्ड कर दिया और सर्विस फीस के तौर पर 5.23 लाख रुपये जमा करने को कहा। उसके असमर्थता जताने पर उनके बार बार धनराशी जमा करने का दबाब डालने पर उसे उसके साथ ठगी होने का एहसास हुआ।

### विदेश से आए 60 लाख रुपये के गबन का आरोप

**बाजपुर :** भारतीय किसान यूनियन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने एक युवक पर विदेश से आई 60 लाख रुपये की फंडिंग के गबन का आरोप लगाया है। यूनियन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा ने रविवार को अपने आवास पर प्रेस वार्ता की और किसान मोर्चा के नाम पर विदेश से आई भारी रकम के गबन का आरोप एक युवक पर लगाया।

विक्की रंधावा ने कहा कि जब विदेश से 60 लाख रुपये की फंडिंग की बात कही जा रही है तो भारतीय किसान यूनियन द्वारा बैठक में 35 लाख रुपये पर वार्ता क्यों की गई। उन्होंने कहा कि जब विदेश से फंडिंग किसान आंदोलन के समय में की गई तो आरोपी युवक ने दो साल बाद क्यों स्वीकार किया कि उसको विदेश से पैसा भेजा गया था। उन्होंने कहा कि आरोपी युवक ने 35 लाख की बात तो स्वीकार की है, लेकिन विदेश से जिस व्यक्ति ने उसे 60 लाख रुपये भेजे हैं और इन दोनों की चेटिंग का स्क्रीन शॉट भी है। वहीं नानकमत्ता गुरुदारा कमेटी के डायरेक्टर प्रभशरण सिंह ने कहा कि जिस व्यक्ति ने पैसे का खुलासा किया उस व्यक्ति को बैठक में दोषी करार दिया गया है और जिसने कई वर्षों तक पैसों को छिपाकर रखा उसे निर्दोष करार दे दिया गया।

# शिक्षा के नाम पर अवैध वसूली के खिलाफ एसएसए का गठन

संवाददाता, सितारगंज

**▸▸ सामाजिक कार्यकर्ताओं का संगठन है सुलभ शिक्षा अभियान**

**अमृत विचारः** निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे के आवास पर बैठक कर सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सुलभ शिक्षा अभियान (एसएसए) संगठन का गठन किया। निवर्तमान पालिकाध्यक्ष हरीश दुबे को संगठन का संयोजक, सहसंयोजक सुधीर श्रीवास्तव एवं सचिव रामाशंकर उपसचिव दीपक चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार गंगवार, मीडिया प्रभारी अनवार सोहेल, सह मीडिया प्रभारी अमित उर्फ विक्की गुप्ता, संगठन मंत्री जमीर शेख, सह संगठन मंत्री विकास गुप्ता व सदस्यता प्रमुख कैनन जॉर्डन को बनाया गया।

संगठन ने अपना एक मांग पत्र तैयार किया है। जिसमें सरकारी तथा निजी विद्यालयों की सभी कक्षाओं का पाठ्यक्रम एक जैसा हो। प्रत्येक वर्ष पाठ्यक्रम का बदला जाना समाप्त हो 100 से 150 रुपये तक मिलने वाली पुस्तक वर्ष समाप्ति के बाद रद्दी में ना बिके। सरकार सभी विद्यालयों की ट्यूशन फीस तथा पुस्तकों के मूल्य का निर्धारण करे। तकनीकी एवं व्यवसायिक तथा अन्य शिक्षा का शुल्क सरकारी व निजी विद्यालय में समान हो। सभी निजी विद्यालय तथा सरकारी विद्यालयों में अभिभावक संघ का गठन हो। शुल्क की मॉनिटरिंग के लिए कमेटी बनाई जाए जो देखे कि जो शुल्क सुविधा के नाम पर लिया जा रहा है वह सुविधाएं बच्चों को दी जा रही हैं या नहीं। बैठक में लॉकडाउन के समय राज्य सरकार द्वारा माफ की गई फीस वापस करने की भी मांग की गई।

### पुलिस ने 2.87 ग्राम स्मैक के साथ दबोचा

**दिनेशपुर** : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा के निर्देशानुसार थानाध्यक्ष नंदन सिंह रावत के नेतृत्व में एसआई प्रदीप कुमार भट्ट ने पुलिस टीम के साथ चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने ग्राम- आनंदखेड़ा से मोहनपुर गांव को जाने वाले मार्ग के सुनसान इलाके में आरोपी अजय बाला पुत्र अरुण बाला निवासी वार्ड नंबर- 4 थाना दिनेशपुर जनपद उधमसिंह नगर को 2.87 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय पेश किया। पुलिस टीम में एसआई प्रदीप कुमार भट्ट, एएसआई अनवर अहमद, कां. श्याम सुंदर बिष्ट शामिल रहे।

## वर्ग पहेली-200

**बाएं से दाएं**

1. हक्का-बक्का, भौचक्का, घबराया हुआ।
4. नहर आदि से निकला हुआ छोटा नाला।
5. लिखने का काम करने वाला कर्मचारी, मुंशी, (क्लर्क)।
7. 1. बहुत छोटी जूं (कीड़ा) या उसका बच्चा 2. मटर
8. 1. पत्रवाहक 2. संदेशवाहक 3. एलची

**ऊपर से नीचे**

1. शपथ या सौगंध से युक्त, कसमी, शपथपूर्वक दिया गया, हलफ़िया।
2. दीर्घकालीन, लंबी अवधि में संपन्न होने वाला, सालों-साल का।
3. 1. अधीनस्थ 2. जो किसी के साथ हो।
4. जो कोप से युक्त हो, जो क्रोध से भरा हो, क्रुद्ध, खफ़ा, नाराज़, अप्रसन्न।
6. 1. वायु या पानी का भंवर 2. चक्रवात, बवंडर।




### वर्ग पहेली -199 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 मे | ल | | | | |
| | | 2 व | शी | 3 कृ | त |
| 4 रा | | | | ति | |
| 5 ज | न | से | 6 वि | का | |
| म | | | 7 ग | र | मी |
| हि | | | त | | |
| षी | | | | 8 गो | ड़ |

## सुडोकू -113

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | 5 | | 7 |
| | 1 | | 9 | 8 | | | 3 | |
| | 3 | | 5 | 6 | 4 | 9 | | |
| | | 5 | | 2 | | | | |
| 1 | | 6 | | | | 8 | | 3 |
| | | | | 1 | | 4 | | |
| | | 1 | 8 | 4 | 3 | | 6 | |
| | 4 | | | 7 | 5 | | 9 | |
| 2 | | 7 | 6 | | | | | |

### सुडोकू - 112 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 9 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 3 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 4 | 2 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | 7 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 6 | 3 | 2 | 7 | 9 |
| 4 | 2 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 9 | 1 | 6 | 3 | 8 | 5 | 2 | 4 |
| 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 | 8 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 23 सितंबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 13 .50 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 22 .07 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष:** आज घर में बिजली के उपकरणों को लेकर समस्या हो सकती है। प्रेम संबंधों को लेकर काफी भावुक रहेंगे। शेयर बाजार से जुड़े लोगों को सावधानी पूर्वक निवेश करना चाहिए। वैवाहिक जीवन तनावपूर्ण हो सकता है।

**वृष:** आज युवा लोगों को नए प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। अपनी प्रतिभा और ज्ञान की गुणवत्ता बढ़ाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की सराहना होगी। संपति के मामले सुलझ सकते हैं। परिवार वालों के साथ अच्छा समय बिताएंगे।

**मिथुन:** आज सभी कार्यों को योजना बनाकर करें। व्यवसाय में कुछ अच्छे मौके हाथ से निकल सकते हैं। विपरीत विचारधारा के लोगों से बहस न करें। झूठ बोलने से आपकी मानहानि हो सकती है। मौसम में आ रहे बदलावों को लेकर अपनी इम्यूनिटी पर ध्यान दें।

**कर्क:** आज परिवार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। अपने करियर को लेकर काफी आशावादी रहेंगे। आपकी कार्यशैली में सुधार होगा। पैतृक व्यवसाय में आपको आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। पुरानी असफलताओं से आप सीख लेकर आगे बढ़ेंगे।

**सिंह:** आज आपकी आय और व्यय दोनों के बीच शानदार संतुलन रहेगा। बच्चों की समस्याओं को लेकर थोड़े चिंतित हो सकते हैं। पुराने दोस्तों से मिलना हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। नेटवर्क मार्केटिंग वाले व्यवसाय से बड़ा लाभ मिलेगा।

**कन्या:** आज एक से अधिक कार्यों में व्यस्त रहेंगे। सेवानिवृत्त लोग सत्संग आदि में काफी रुचि लेंगे। अपने अधिकारों का गलत प्रयोग न करें। आपकी प्रगति में आ रही बाधा दूर होगी। अप्रिय व्यक्तियों के साथ मुलाकात हो सकती है।

**तुला:** आज किसी से ज्यादा अपेक्षा न रखें। मन में उदासी जैसे भाव उत्पन्न हो सकते हैं। करियर को लेकर थोड़ा तनाव हो सकता है। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। लोग आपकी भावनाओं का निरादर कर सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज आयात-निर्यात से जुड़े कारोबारियों को बेहतरीन लाभ हो सकता है। नए व्यावसायिक रिश्ते बन सकते हैं। भाग्य आपका काफी साथ देगा। आपकी प्रगति में आ रही बाधा दूर होगी। राजनीति से जुड़े लोगों को समाज में मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**धनु:** आज आपकी इच्छा शक्ति मजबूत रहेगी। संतान के करियर को लेकर चिंता रहेगी। कुछ महत्वपूर्ण काम बाधित हो सकते हैं। आप हर बात को गहराई से समझने का प्रयास करेंगे। प्रियजनों के साथ आपके संबंध प्रगाढ़ होंगे।

**मकर:** आज व्यवसाय में आ रही गिरावट को लेकर परेशान हो सकते हैं। व्यर्थ की गतिविधियों में समय बर्बाद न करें। तनाव के बाद रुका हुआ धन आपको मिल सकता है। अत्यधिक कार्यभार के कारण थकान और सिरदर्द जैसी समस्या हो सकती है।

**कुंभ:** आज विचारों में अस्पष्टता हो सकती है। व्यापारिक अनुबंध जल्दबाजी में न करें। घर वालों का अपेक्षित सहयोग नहीं मिलेगा। करियर को लेकर नए अवसर तलाश सकते हैं। सोशल मीडिया पर अपनी राय व्यक्त करने से पहले थोड़ा सोच-विचार कर लें।

**मीन:** आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। अनावश्यक खर्चों को घटाने का प्रयास करेंगे। युवा उद्यमी नए स्टार्टअप्स के लिए टीम बना सकते हैं। इंटरव्यू में सफलता मिलेगी। बॉस आपकी सैलरी बढ़ाने का विचार बना सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
कातिलों का कातिल — सुबह : 10 .51
सपूत — रात : 07 .00

**&pictures**
खूंखार — सुबह : 11 .07
मिली — रात : 08 .00

**SONY PIX**
बैटमैन बिगिन्स — सुबह : 10 .45
गॉडजिला — शाम : 04 .34

**ZEE CINEMA**
द रिटर्न ऑफ राजू — सुबह : 11 .00
मंगलवरम — रात : 08 .00

**ZEE ACTION**
इंटरनेशनल खिलाड़ी — सुबह : 10 .54
कुरुक्षेत्र — शाम : 05 .09

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी पिक्स पर शाम : 04 .34 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है,वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या खुद सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### दुग्ध समिति सचिवों का सम्मेलन 27 को

**अल्मोड़ा :** दुग्ध विकास संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह बिष्ट ने बताया कि 27 सितम्बर को दुग्ध समिति सचिवों का एक राज्य स्तरीय सम्मेलन अल्मोड़ा में होगा। इसमें सचिवों, दुग्ध उत्पादकों की लंबित मांगों पर चर्चा की जाएगी। कहा कि लंबे समय से सचिव प्रोत्साहन राशि बढ़ाने, बीमा, पीएफ, योग्यतानुसार दुग्ध संघों में नियुक्ति आदि की मांग कर रहे हैं। उन्होंने 27 सितम्बर को गांधी पार्क में पहुंचने की अपील की है।



टनकपुर में बेटी दिवस पर बेटियों ने काटा केक।

### बेटी दिवस पर काटा गया केक

**टनकपुर :** बेटी दिवस नगर में धूमधाम से मनाया गया। जियें पहाड़ सिटीजन समिति के जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी द्वारा कर्मचारी कॉलोनी वार्ड नंबर 6 की आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड की बालिकाओं द्वारा केक काटकर वितरण कर धूमधाम से बेटी दिवस मनाया गया। जिला समन्वयक अनिल चौधरी पिंकी ने बताया जल्द ही समिति द्वारा एक कार्यक्रम शुरू किया जाएगा जिसमें जिन लड़कियों की पढ़ाई छूट गई है। उनको समिति द्वारा पढ़ाया जाएगा। समिति द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान का शुभारंभ जल्द ही शुरू किया जाएगा। इस मौके पर वार्ड नंबर 6 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ती गीता देवी, वार्ड नंबर 7 की चन्द्रा तड़ागी, सावित्री देवी, अंकिता जोशी,अनिता भट्ट, रेखा रौतेला रहे।



भिकियासैंण में अव्वल रहे खिलाड़ी प्रमाण पत्र के साथ।

### 400 मीटर दौड़ में खुशी ने मारी बाजी

**अल्मोड़ा :** प्रारंभिक शिक्षा के तहत आयोजित हुई विकासखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय बासोट के खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। प्रतियोगिता में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने पर जानवी, कार्तिक, प्रिंस, हर्षिता, नितिन और खुशी का जिला स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिताओं के लिए चयन हुआ है। प्रतियोगिता के दौरान बालिका वर्ग की व्यक्तिगत खेल स्पर्धाओं में खुशी ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम, 200 मीटर में द्वितीय और 50 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में कार्तिक ने 200 मीटर दौड़ में प्रथम और नितिन ने 400 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त किया। सामूहिक खेल स्पर्धाओं बालिका वर्ग में खो- खो व कबड्डी प्रतियोगिताओं में संकुल बासोट पहले स्थान पर रहा। बालक वर्ग के कबड्डी व खो -खो प्रतियोगिताओं में कार्तिक, प्रिन्स व नितिन ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के दम पर स्कूल ने पहला स्थान प्राप्त किया।



बनबसा में सीएम पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन देते सूरज प्रहरी।

### किरोड़ा नाले से बचाव के लिए सीसी ब्लॉक निर्माण की मांग

**टनकपुर :** किरोड़ा नाले के तेज बहाव से पूर्णागिरि मार्ग से लगे गांव बोरागोठ, नगर के वार्ड नंबर 9 घसियारा मंडी के साथ पूर्णागिरि विहार में होने वाले बाढ़ की रोकथाम के लिए बीजेपी जन प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शनिवार बनबसा में ज्ञापन देकर ठोस कार्रवाई करने की मांग की। ज्ञापन में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष दीप चंद्र पाठक, नायकगोठ की ग्राम प्रधान भवानी देवी, बीडीसी सदस्य विकास सिंह धामी, संजय पाठक, मनोज आर्या आदि लोगों ने ज्ञापन में कहा है कि हर वर्ष बरसात के दिनों में किरोड़ा नाले से इन क्षेत्रों में भारी नुकसान होता है। उन्होंने किरोड़ा पुल के पास सीसी ब्लॉक निर्माण किए जाने की मांग उठाई है।वहीं दूसरी ओर भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी सूरज प्रहरी ने मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में चम्पावत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पिछले दिनों बरसात से हुए नुकसान के लिए प्रभावितों को उचित मुआवजा दिए जाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किए जाने की मांग उठाई है।

### महाविद्यालय में यूथ यूनाइट कार्यक्रम का आयोजन

**रानीखेत :** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी एवं एंटी ड्रग सेल के निर्देशन में हार्टफुलनेस संस्था द्वारा यूथ यूनाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हार्टफुलनेस टीम द्वारा महाविद्यालय के छात्र छात्राओं व प्राध्यापकों को हार्टफुलनेस तकनीक के उपयोग से आंतरिक मार्गदर्शन किया गया। कार्यशाला में मेडिटेशन का अभ्यास कराया गया। डॉ बृजेश जोशी ने सबका स्वागत किया। कमल जोशी प्रधानाचार्य आर्मी पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन कमल पांडे व प्रशिक्षक सत्येंद्र शर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला में सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया व शानदार अनुभव प्राप्त किया।

### देघाट में 24 बोतल अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**अल्मोड़ा :** देघाट पुलिस ने चेकिंग के दौरान शराब की तस्करी कर रहे एक रेस्टोरेंट संचालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष देघाट दिनेश नाथ महंत ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान पर थी। ग्राम उदयपुर के पास स्कूटी संख्या डीएल 12एसके 4498 को चेक किया गया। चेक करने पर आरोपी नरेंद्र सिंह निवासी ग्राम तामाढौन के कब्जे से 12 बोतल अंग्रेजी और 12 बोतल देशी अवैध शराब बरामद हुई। जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर थाना देघाट में आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर स्कूटी को सीज किया गया है।

### तनाव मुक्त और खुश रहने की तकनीक सिखाई

**अल्मोड़ा :** एसएसजे परिसर के मनोविज्ञान विभाग में 'हाउ टू मेंटेन योर मेंटल हेल्थ' विषय पर कार्यशाला जारी है। रविवार को कार्यशाला के तहत प्रतिभागियों को तनाव मुक्त और खुश रहने की तकनीक सिखाई गई। कार्यशाला में सहायक प्राध्यापिका मीना ने भावनाओं की पहचान और स्वीकृति के चरण में प्रतिभागियों को उनकी भावनाओं को बेहतर समझने और व्यक्त करने के लिए विश्लेषणात्मक गतिविधियों के रूप में पेबल स्टोन का प्रयोग किया। शोधार्थी रजनीश कुमार जोशी ने मेंटल रेडिनेस तकनीकी से सभी प्रतिभागियों को तन और मन की शांति का अनुभव कराया।



कार्यशाला में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं।

# ईसाई समाज के लोगों ने किया प्रदर्शन

## अमोस मैसी की मौत को हत्या बताया, दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग उठाई

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** टनकपुर के विष्णुपुरी कालोनी के नाबालिग छात्र अमोस मैसी की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। एक ओर जहां मृतक के परिजन इस मामले में हत्या की आशंका जताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को दंडित करने की मांग उठा रहे हैं वहीं पुलिस इस मांगने को सड़क दुर्घटना बता रही है। इधर रविवार को विष्णुपुरी कॉलोनी से लगे गिरजाघर में प्रार्थना करने के बाद ईसाई समाज से जुड़े लोगों ने चर्च से जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया।

यह जुलूस नगर के विभिन्न मार्ग से होकर तहसील पहुंचा। इस दौरान लोग न्याय दिलाने के लिए दोषियों को दंडित करने की पुलिस प्रशासन से मांग कर रहे थे। बाद में तहसील पहुंचकर एसडीएम आकाश जोशी को ज्ञापन देकर उन्हें न्याय दिये जाने की गुहार की गई। मालूम हो कि 7 सितंबर को छात्र 17 वर्षीय अमोस मैसी




टनकपुर में जुलूस निकाल कर प्रदर्शन करते ईसाई समाज के लोग। ● अमृत विचार

घर से लापता हो गया था। अगले दिन उसका शव टनकपुर खटीमा हाईवे के गांव बिचई के पास मार्ग के किनारे पड़ा मिला था।

संदिग्ध मौत की अब तक की जांच के आधार पर पुलिस मौत की वजह हत्या नहीं दुर्घटना ही मान रही है। वहीं पुलिस की इस बात को अमोस मैसी के परिजन मानने से साफ इनकार कर रहे हैं। इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर रविवार को ईसाई समाज के लोगों ने प्रदर्शन किया। एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में मृतक के पिता जेम्स मैसी ने अपने मृतक पुत्र की टनकपुर क्षेत्र से लगे एक गांव की महिला दोस्त और उसके माता-पिता, चाचा और मामा को हत्या का दोषी ठहराते हुए उनके विरुद्ध ठोस कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

इस संबंध में उन्होंने पूर्व में अपने मृतक पुत्र के कब्र से शव निकालकर दुबारा पोस्टमार्टम किए जाने की गुहार भी लगाई थी। वहीं पुलिस का दावा है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। अमोस को टक्कर मारने वाले एक वाहन को बरामद कर चालक से पूछताछ की जा रही है। शीघ्र ही घटना का पुलिस पर्दाफाश करेगी। जुलूस प्रदर्शन में फादर ईएम पॉल, मृतक छात्र के पिता जेम्स मैसी, निर्मल जॉन, रॉबिन मैसी, रवीना मैसी, एलेन पैट्रिक, अलका सिंह, अनीता जॉन, मीनाक्षी पैट्रिक, मुन्ना जॉन, प्रमिला सिंह, सुनील वाल्मिकी आदि मौजूद रहे।

# बिना अनुमति स्कूल में दर्जनों बांज के पेड़ काटे

**मामला**

- राइंका गोविंदपुर में पेड़ों के कटान का मामला प्रकाश में आया
- वन विभाग ने राजस्व टीम के साथ जांच की कही बात

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जहां देश भर में एक पेड़ मां के नाम लगाने का अभियान चल रहा है। वहीं, शिक्षा के मंदिर जीआईसी गोविंदपुर में दर्जन भर हरे बाज के पेड़ों को बिना वन विभाग की अनुमति के काटने पर सवाल खड़े हो गए है।

दरअसल, जीआईसी गोविंदपुर में दर्जनों बाज के पेड़ काटने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में ग्राम प्रधान व स्थानीय निवासी खुलकर कुछ नहीं बता रहे पर इशारा स्कूल प्रबंधन की ओर कर रहे है।

जबकि स्कूल प्रबंधन का कहना है कि जिस जमीन से पेड़ काटे गए है वो स्कूल की नहीं है और पेड़



राइंका गोविंदपुर में काटे गए बांज के हरे पेड़।

> राजस्व की टीम के साथ मौके का निरीक्षण किया जाएगा। काटे गए पेड़ों की भी जांच की जाएगी, जो भी दोषी पाया जायेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।
> -**तापस मिश्रा**, वन क्षेत्राधिकारी।

किसके द्वारा काटे गए है इसकी जानकारी नहीं होने की बात कर रहा है। हालांकि इधर, मामला प्रकाश में आने के बाद वन विभाग भी हरकत में आ गया है। विभाग ने मामले का संज्ञान लेते हुए राजस्व टीम के साथ मौके का निरीक्षण कर जांच की बात कही है।

# दुष्कर्म के अभियुक्त को दस साल का कारावास

संवाददाता, चम्पावत

**अमृत विचार :** जिला एवं सत्र न्यायालय ने दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही गर्भपात कराने पर 5 साल की सजा भी होगी। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इसके अलावा दोषी पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं देने पर 3-3 माह की अतिरिक्त सजा होगी

टनकपुर के दीपक कोहली पर एक युवती से शादी का झांसा देकर उसकी सहमति के बगैर शारीरिक संपर्क बनाने का आरोप था। बाद में दीपक कोहली शादी से मुकर गया। जिसके बाद आरोपी के खिलाफ आईपीसी की की धारा 376, 313, 504 और 506 के तहत मई 2020 में मामला दर्ज किया गया। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश अनुज कुमार संगल ने दीपक कोहली को 504 और 506 से दोषमुक्त किया। जबकि धारा 376 के तहत 10 साल की कैद, 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया।

313 के तहत 5 साल की सजा, 10 हजार रुपये जुर्माना लगाया। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। दोनों धाराओं में लगाए गए जुर्माने को अदा नहीं करने पर 3-3 माह की अतिरिक्त सजा होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता विद्याधर जोशी और एडीजीसी कुंदन राणा ने पैरवी की।

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** नवयुवक रामलीला कमेटी टनकपुर द्वारा आयोजित दशहरा महोत्सव और सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया है। कलश यात्रा के मुख्य यजमान और कमेटी अध्यक्ष संजय पांडे सपत्नी श्रीमद भागवत पुराण को सर पर लेकर चल रहे थे। यात्रा में काली की झांकी और दिल्ली से आया बैंड आकर्षण का केंद्र रहा। गांधी मैदान से शुरू हुई कलश यात्रा नगर के विभिन्न में मार्गों से होकर शारदा घाट पहुंची। जहां कलश में जलभर महिलाएं वापस गांधी मैदान पहुंची।

सोमवार से आचार्य अनंत दास महाराज शाम चार बजे से भागवत कथा सुनाएंगे। कमेटी संस्थापक विशाल कुमार अग्रवाल ने बताया



टनकपुर में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

कि कथा 23 सितंबर से 29 सितंबर तक कथा चलेगी। जहां पर प्रतिदिन शाम को आरती के बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। 30 सितंबर को हवन एवं सीता रसोई के भंडारे का आयोजन कर कथा का समापन किया जाएगा। इसके बाद दशहरा महोत्सव के कार्यक्रम शुरू होंगे। एक व दो अक्टूबर को डांस और कुकिंग कंपटीशन का आयोजन किया जाएगा। 3 अक्टूबर से रामलीला मंचन होगा। 12 सितंबर को भव्य रावण, मेघनाथ और कुंभकरण की पुतलों के दहन के साथ दशहरा महोत्सव का समापन होगा। कलश यात्रा के दौरान संस्थापक नीरज सिंह, संरक्षक ओंकार सिंह, संजय अग्रवाल, बोर्ड अध्यक्ष गौरव गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष प्रतिभा अग्रवाल, सचिव मयंक पंत, उपाध्यक्ष संजय गर्ग, कल्पना आर्य, करन शर्मा, अमित परवेज, आय व्यय अधिकारी नितिन गुप्ता, मीडिया प्रभारी विनय कुमार शर्मा, राजेंद्र चौधरी, पूनम कोहली, सुषमा गुप्ता, आशु गर्ग, मयंक गर्ग, नेहा पांडे, सीमा अग्रवाल रहे।

# छात्रा से छेड़छाड़ पर शिक्षक को भेजा जेल

संवाददाता, लोहाघाट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ के आरोपित सरकारी विद्यालय के शिक्षक को पुलिस ने जेल भेज दिया है। छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने शिक्षक के विरुद्ध पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज किया है।

लोहाघाट थाने के प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि लोहाघाट विधानसभा के एक व्यक्ति ने थाने में तहरीर देकर एक सरकारी विद्यालय के शिक्षक पर कुछ दिन पहले कक्षा सातवीं की नाबालिग छात्रा के साथ छेड़ख़ानी का आरोप लगाए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित शिक्षक अर्जुन सिंह छतोला के विरुद्ध पोक्सो के तहत मामला पंजीकृत किया गया है। उन्होंने बताया कि शनिवार शाम को आरोपित शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। बताया कि सोमवार को न्यायालय में पीड़िता के 164 के बयान दर्ज कराए जाएंगे। मामले की जांच एसआई सुष्मिता राणा कर रही हैं।



अल्मोड़ा में स्व. शमशेर बिष्ट की पुण्यतिथि पर गोष्ठी में मौजूद लोग।

# पहाड़ में बांध और सड़कों का जाल खतरनाक: सती

- जनगीतों से दी जननायक डॉ. शमशेर बिष्ट को श्रद्धांजलि

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** जननायक डॉ. शमशेर सिंह बिष्ट को छठी पुण्यतिथि पर अल्मोड़ा के लोगों ने याद किया। जनगीतों से डॉ. बिष्ट को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई।

पर्यटन नीतियां और दरकते पहाड़ पर पर वक्ताओं ने विचार रखे। डॉ. बिष्ट के संघर्षों को याद कर उनके बताए मार्गों पर चलने का आह्वान किया। रविवार को शमशेर स्मृति समारोह की ओर से आयोजित गोष्ठी में मुख्य वक्ता अतुल सती ने कहा कि आज पहाड़ों में बड़े-बड़े बांधों और सुंरगों का निर्माण हो रहा है जो पहाड़ के लिए आने खतरनाक साबित हो सकता है। कहा कि उत्तराखंड में जो सड़कों का विस्तार हो रहा है उससे भविष्य में प्राकृतिक आपदाएं स्वाभाविक हैं। इस मौके पर अन्य वक्ताओं ने भी अपने-अपने विचार रखे।

यहां विधायक मनोज तिवारी, निर्वतमान पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, शिव दत्त पांडे, केडी मिश्रा, किशन सिंह खनी, राम सिंह, राहुल, बिशन दत्त जोशी, जंग बहादुर थापा, चंद्रशेखर सिंह बनकोटी, कलावती तिवारी, पूरन चंद्र तिवारी, नवीन बिष्ट आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश

# अयोध्या से शुरू किया गो प्रतिष्ठा आंदोलन

- जगद्गुरु अविमुक्तेश्वरानंद ने क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में किया भोलेनाथ का अभिषेक

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या

**अमृत विचार :** जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को अयोध्या से गो प्रतिष्ठा आंदोलन की शुरुआत की। क्षीरेश्वर नाथ मंदिर में भोलेनाथ का अभिषेक किया। इसके बाद रामकोट की परिक्रमा करते हुए वह चारु शिला मंदिर में धर्म ध्वज स्थापित करने के लिए पहुंचे। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में साधु-संतों की टोलियां और श्रद्धालु मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि हमने प्रण लिया है कि जब तक राम मंदिर निर्माण पूरा नहीं हो जाता, तब तक मैं दर्शन नहीं करूंगा। मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद राष्ट्रमाता (गाय) के दूध से भरा कटोरा लेकर रामलला के दर्शन करने जाएंगे। कहा कि तिरुपति लड्डू को प्रसाद के रूप में खा चुके हिन्दू समाज के लोग ग्लानि का अनुभव कर रहे हैं। उसे मिटाने के लिए पंचगव्य प्राशन की व्यवस्था की गई है। हमारे गो सेवक सन्तोष दुबे के नेतृत्व में अयोध्या में आगामी मंगलवार को पांच प्रमुख स्थानों पर पंचगव्य प्राशन के स्टाल लगाएंगे ताकि सहजता से अयोध्या के वे लोग पञ्चगव्य प्राशन कर अपने हृदय की ग्लानि को मिटा सकें। बद्रिकाश्रम व ज्योतिष पीठ उत्तरम्नाय के स्मृति शेष शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के उत्तराधिकारी शंकराचार्य व दंडी स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने रविवार को सुबह एक होटल में धर्म सभा का आयोजन किया। यात्रा शुरू करने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमारे देश में गाय को गौ माता के रूप में पूजा जाता है, लेकिन दुर्भाग्य है कि जिस देश में गाय की पूजा की जाती है वह दुनिया में गौ मांस का दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। हम चाहेंगे की देश की सरकारें इन सब बातों पर गौर करें और गायों की हत्या पर रोक लगाए। हमारी यह यात्रा देश के अलग-अलग अंचलों से होकर गुजरेगी। जगद्गुरु शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि राम मंदिर के निर्माण में जिन लोगों ने असली योगदान दिया। उनको सम्मान नहीं मिला। प्राण-प्रतिष्ठा में तक नहीं बुलाया गया।

**राम मंदिर में बने गोशाला, उसी के घी-दूध से बने प्रसाद**

मंदिरों की चढ़ोतरी से मंदिरों में विराजमान देवता की सेवा से बचे पैसों से लोक कल्याण के कार्य होने उचित हैं। उनमें सबसे पहले जैसे घर में पहली रोटी गाय की होती है वैसे ही पहली सेवा गाय की होनी चाहिए। हर मन्दिर की गोशाला होगी तो न केवल आस-पास के लोगों को रोजगार मिलेगा बल्कि शुद्ध दूध, घी आदि भी मिलेगा और उनके गोबर गोमूत्र आदि से उगाए गए शुद्ध अनाज से लोगों का स्वास्थ्य भी ठीक होगा। तिरुपति मन्दिर को इसकी पहल करनी चाहिए और आगे से अपनी गोशाला के घी से ही भगवान के नैवेद्य का लड्डू बनाना चाहिए। राम मंदिर में भी गोशाला की व्यवस्था होनी चाहिए। शंकराचार्य ने बताया कि सभी प्रदेशों की राजधानियों में गो प्रतिष्ठा ध्वज फहराते हुए 26 अक्टूबर को वृंदावन में श्रीबांके बिहारी जी का दर्शन कर वह इस यात्रा का समापन करेंगे।

# झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**मसवासी (रामपुर), अमृत विचार :** रसोई घर में रखे सिलेंडर से गैस लीक होने पर आग लग गई थी। इसमें महिला बुरी तरह झुलस गई थी। उसे काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया था। मेरठ अस्पताल में इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।

घटना बुधवार की देर शाम क्षेत्र के गांव हसनपुर-उत्तरी के मझरा ज्वालापुर में हुई। यहां रहने वाले मदन सिंह की 35 वर्षीया पत्नी अंजू देवी रसोई में खाना बना रही थी। इस दौरान सिलेंडर से गैस लीक होने पर आग लग गई। इसमें अंजू बुरी तरह झुलस गई। परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर बड़ी मुश्किल से काबू पाया। आनन-फानन में झुलसी महिला को काशीपुर स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने महिला को मेरठ रेफर कर दिया था।

# हत्या की कोशिश के तीन आरोपी गिरफ्तार

- तीनों आरोपी ने पुलिस पर की फायरिंग, मुठभेड़ में तीनों गोली लगने से हुए घायल

संवाददाता, आंवला/बरेली

**अमृत विचार :** सेवानिवृत्त फौजी की हत्या की कोशिश करने वाले तीन आरोपियों का पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। तीनों के पैर में गोली लगी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आंवला के मोहल्ला ताड़गंज निवासी संजय यादव, उस्मान और मोहल्ला बजरिया निवासी राहुल यादव के रूप में हुई है।

पुलिस ने बताया कि रविवार सुबह 4:20 बजे आंवला-बिसौली रोड के मनौना कसूमुरा गांव के पास चेकिंग के दौरान एक बाइक पर सवार तीन लोग आए। पुलिस ने तीनों को रोकने के लिए कहा तो वह भागने लगे और उनकी बाइक गिर गई। तीनों ने पुलिस पर फायर किया तो पुलिस ने जवाबी फायर किया, जिसमें तीनों के पैर में गोली लगी। तीनों को गिरफ्तार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आंवला भेजा, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आरोपियों के कब्जे से दो तमंचे, दो कारतूस, तीन मोबाइल, एक बिना नंबर प्लेट की बाइक बरामद हुई है। प्रगति नगर कॉलोनी निवासी सेवानिवृत्त फौजी योगेश कुमार ने 11 सितंबर को कालोनी निवासी अनस सैफी, उस्मान सैफी, अरमान सैफी, फरमान सैफी और तीन अज्ञात लोगों पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की कोशिश की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने दो दिन पहले गिरफ्तारी की मांग कर एसडीएम और सीओ को ज्ञापन सौंपा था।

# महिला अपराध पर राजनीति दुःखद

**लखनऊ, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने कहा कि महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर संकीर्ण राजनीति करना अतिदुखद है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' के जरिये कहा कि उत्तर प्रदेश समेत पश्चिमी बंगाल, ओडिशा व कर्नाटक समेत देश भर में महिलाओं के साथ दिल दहला देने वाली घटनाओं पर आरोप-प्रत्यारोप की संकीर्ण राजनीति की जा रही है। यह समय गंभीर चिंतन का है कि महिला सुरक्षा व सम्मान को लेकर सरकार की नीयत व नीति में खोट तो नहीं है। उन्होंने कहा कि एक के बाद एक हो रहे ऐसे जघन्य अपराधों में प्रथम दृष्टया सरकार की लारपवाही व पुलिस की संलिप्तता स्थिति को और भी अधिक गंभीर बना रही है। इसे त्याग कर सभी को निष्पक्ष व गंभीर होना बहुत जरूरी है, ताकि ऐसे जघन्य अपराधों से होने वाली बदनामी से प्रदेश व देश को बचाया जा सके।

## एक नजर

### ओडिशाः जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण पूरा

**पुरी।** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने पुरी में स्थित जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का तकनीकी सर्वेक्षण रविवार को पूरा कर लिया। श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक अरविंद पाढी ने बताया कि रत्न भंडार के अंदर कोई गुप्त कक्ष या सुरंग है या नहीं, इसका पता लगाने के लिए तकनीकी सर्वेक्षण का दूसरा दौर तीन दिन (21 से 23 सितंबर) के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन यह दो दिन में ही पूरा हो गया।

### एलओसी पर पाकिस्तानी घुसपैठिया गिरफ्तार

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के मेंढर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया गया है। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के तारीनोट गांव के निवासी हसम शहजाद को मेंढर उप-मंडल के कृष्णा घाटी सेक्टर में जवानों ने उस समय हिरासत में ले लिया, जब वह रविवार तड़के भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। क्षेत्रीय गश्त दल को शहजाद भारतीय सीमा में 100 मीटर अंदर ब्रावो चेक क्षेत्र के निकट नदी के पास छिपा मिला था।

### महाराष्ट्रः बीड में कार और ट्रक की भिडंत, 4 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बीड जिले में बीती रात एक कार और कंटेनर ट्रक की टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि दुर्घटना रात करीब 1 बजे अंबेजोगाई-लातूर रोड पर हुई। उन्होंने कहा कि दुर्घटना में जान गंवाने वाले लोग लातूर जिले के जगलपुर से छत्रपति संभाजीनगर जा रहे थे। अधिकारी ने कहा कि भारी बारिश के बीच कार ने कंटेनर ट्रक को टक्कर मार दी।

# कांग्रेस वैसे ही जर्जर, जैसे था बाबरी ढांचा

**विस चुनाव** हरियाणा की तीन चुनावी सभाओं में कांग्रेस, बसपा, इनेलो और आप पर बरसे योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/चंडीगढ़

अमृत विचारः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को हरियाणा के नरवाना, राई और असंध विधानसभा क्षेत्र की चुनावी सभाओं में कांग्रेस-इनेलो, बसपा व आम आदमी पार्टी पर जमकर बरसे। तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का ढांचा वैसे ही जर्जर हो चुका है, जैसे अयोध्या में बाबरी ढांचा था। इसे ऑक्सीजन दोगे तो यह सुरक्षा में सेंध लगाएगी। उहोंने हिंदुओं को फिर चेताया कि बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे।

योगी ने कहा कि कांग्रेस को बाबरी ढांचा से जोड़ते हुए कहा कि रामभक्त कहते थे कि एक धक्का और दो, बाबरी ढांचा तोड़ दो। इस नारे के साथ गुलामी का ढांचा भी ध्वस्त हुआ। बाबरी ढांचा ध्वस्त हुआ तो अयोध्या में राम मंदिर का मार्ग प्रशस्त हुआ। उन्होंने चेताया कि यह लोग जाति की राजनीति करके विभाजन करना चाहते हैं। बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे तो नेक रहोगे। कोई माई का लाल बाल बांका नहीं कर पाएगा। अयोध्या में पांच सौ वर्ष का इंतजार समाप्त हुआ और रामलला विराजमान हो चुके हैं। लेकिन 1947 में आजादी के बाद पं. जवाहर लाल नेहरू प्रधानमंत्री बने थे, वे चाहते तो राम मंदिर बना सकते थे। उस समय विवाद भी इतना नहीं था।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि भाजपा शासन के तहत पिछले कुछ वर्षों में उत्तर प्रदेश किस तरह से बदल गया है। उन्होंने कहा, '2017 से पहले उत्तर प्रदेश में क्या स्थिति थी? हर दूसरे दिन दंगे होते थे, अराजकता थी, बेटियां सुरक्षित नहीं थीं, विकास बाधित था।' उन्होंने कहा कि अब उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने दंगों से मुक्ति दिला दी है।



हरियाणा के करनाल में एक चुनावी सभा के दौरान मंच पर योगी।

### कांग्रेस और इनेलो को वोट बैंक की चिंता, हिंदुओं की नहीं: योगी

योगी ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू मंदिर तोड़े जा रहे हैं। हिंदू मारे-काटे जा रहे हैं। हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। इनके मुख से एक भी शब्द नहीं निकल रहा है। बांग्लादेश में जिन हिंदुओं पर अत्याचार किया जा रहा है, उनमें 90 फीसदी से अधिक दलित हैं। कांग्रेस को वोट बैंक की चिंता है, हिंदुओं की नहीं। कांग्रेस-इनेलो, आम आदमी पार्टी के एजेंडे में देश, आम नागरिक, गांव, नौजवान-किसान, महिलाएं नहीं हैं। इनका एजेंडा बांटो और राज करो का संकीर्ण एजेंडा है। इनेलो परिवारवाद और 'आप' जेल-बेल के चक्कर में पड़ी है। कांग्रेस के समय चीन-पाकिस्तान हमारी सीमा में घुसते थे। आज वे घुसेंगे तो पिटेंगे।

### विदेशों में सिखों को गाली देते हैं राहुल गांधी

योगी आदित्यनाथ ने जनसभाओं में कहा कि पाकिस्तान में ननकाना साहिब कॉरिडोर बनाने के लिए कांग्रेस ने रोड़ा अटकाया था, वहां आज भी गुरु गोविंद सिंह महराज के प्रकाश पर्व पर हरिकीर्तन नहीं करने दिया जाता है। कांग्रेस का इतिहास तो कत्लेआम का रहा है। 1984 में सिख बंधुओं के साथ क्या हुआ, किसी से छिपा नहीं है। राहुल गांधी विदेशों में सिखों को गाली देते हैं। देश के संकट के समय राहुल गांधी को नानी याद आती हैं, भारत की 140 करोड़ जनता नहीं।

# आतंकवाद खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं: केंद्रीय गृहमंत्री

**कश्मीर चुनाव**

- अमित शाह ने कांग्रेस-नेकां और पीडीपी पर लगाए घाटी में आतंकवाद के पोषण के आरोप

जम्मू, एजेंसी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि आतंकवाद के पूरी तरह खत्म होने तक पाकिस्तान से कोई बातचीत नहीं होगी। शाह ने जम्मू-कश्मीर चुनाव के 25 सितंबर को होने वाले दूसरे चरण के लिए पार्टी उम्मीदवार रविंदर रैना के समर्थन में नौशेरा निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आतंकवाद पूरी तरह खत्म होने तक पाकिस्तान से बातचीत की कोई संभावना नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार ने सीमा पर सुरक्षा और शांति सुनिश्चित की है। उन्होंने कहा, "सीमावर्ती क्षेत्रों में बंकरों की कोई जरूरत नहीं है और अगर पाकिस्तान ने एक भी गोली चलाने की हिम्मत की, तो हम उसे मुंहतोड़ जवाब देंगे।" शाह ने जम्मू-कश्मीर के लोगों को उनके अधिकारों से वंचित करने और क्षेत्र में अशांति पैदा करने के लिए पिछली पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों की आलोचना की। गृहमंत्री ने कहा कि ये तीनों राजनीतिक दल जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को वापस लाने के लिए नियंत्रण रेखा के पार से व्यापार बहाल करने की वकालत कर रहे हैं, लेकिन हम ऐसा कभी नहीं होने देंगे।

शाह ने कहा कि अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से जम्मू-कश्मीर में शांति, विकास और प्रगति का एक नया युग शुरू हुआ है। अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से क्षेत्र में आतंकवाद समाप्त हो गया है।

### कांग्रेस की कश्मीर को राज्य का दर्जा देने की गारंटी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तथा पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में यदि कांग्रेस की सरकार बनती है तो राज्य का दर्जा बहाल करने के साथ ही राज्य की लोगों की खुशहाली सुनिश्चित की जाएगी। खरगे ने कहा कि जम्मू- कश्मीर के लिए कांग्रेस की गारंटी है जिनमें पूर्ण राज्य का हक दिलाएंगे, महिला सम्मान, हमारा हक, घर के मुखिया को हर महीने 3000 रुपये, स्वयं सहायता समूहों के लिए पांच लाख तक का ब्याज मुक्त कर्ज, अच्छी सेहत के हक़ के लिए हर परिवार को 25 लाख तक का हेल्थ बीमा और 30 मिनट में सस्ती हेल्थ सर्विस, हर तहसील में एम्बुलेंस से लैस मोबाइल क्लीनिक और हर जिले में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल खुलेगा।

## हाईकोर्ट के जज ने विवादित टिप्पणी पर खेद जताया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति वी. श्रीशानंद ने हाल में एक मामले में सुनवाई के दौरान की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों के लिए खेद जताया है। ये टिप्पणियां सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सुप्रीम कोर्ट को इस पर संज्ञान लेना पड़ा था। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ ने इस पर हाईकोर्ट के महापंजीयक से एक रिपोर्ट मांगी थी। इनमें से एक वीडियो में न्यायमूर्ति श्रीशानंद को बेंगलुरु में एक इलाके को पाकिस्तान कहते हुए सुना गया। शनिवार दोपहर को अदालत की कार्यवाही शुरू होने पर न्यायमूर्ति श्रीशानंद ने टिप्पणियां जान-बूझकर नहीं की गईं। यदि ऐसी टिप्पणियों से किसी व्यक्ति या समाज या समुदाय के किसी वर्ग को ठेस पहुंचती है, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं।

## स्वतंत्रता दिवस पर असम को दहलाने की थी साजिश, 15 दबोचे

- प्रतिबंधित संगठन उल्फा-आई से जुड़ी तीन महिलाएं भी शामिल

गुवाहाटी, एजेंसी

असम में प्रतिबंधित संगठन उल्फा (आई) द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर सिलसिलेवार विस्फोट करने के लिए 24 स्थानों पर विस्फोटक लगाने के संबंध में तीन महिलाओं सहित कुल 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। असम पुलिस के सीपीआरओ प्रणबज्योति गोस्वामी ने कहा कि पुलिस बल ने एनआईए के सहयोग से अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि असम पुलिस ने एनआईए के तकनीकी सहयोग से राज्य के विभिन्न हिस्सों में एक साथ छापे मारे और शनिवार रात 15 लोगों (तीन महिलाओं सहित) को गिरफ्तार किया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान आईईडी जैसी सामग्री लगाने की जांच में इसे एक बड़ी सफलता बताते हुए पुलिस ने कहा कि एनआईए के साथ समन्वय में लंबे समय तक खुफिया जानकारी जुटाने के बाद छापेमारी की गई। गोस्वामी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्तियों से प्रारंभिक पूछताछ के बाद अपराध सिद्ध करने वाले तथ्य सामने आए हैं।

## तीर्थयात्री ने सुरक्षा गार्ड की पिस्तौल से खुद को गोली मार की आत्महत्या

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में श्री हरमंदिर साहिब के पास एक तीर्थयात्री ने सुरक्षा गार्ड की पिस्तौल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। यह घटना पवित्र स्थल के घंटाघर प्रवेश द्वार के पास शनि मंदिर के बाहर हुई, जिससे आगंतुकों के बीच अफरा-तफरी और तनाव का माहौल बन गया। प्रवासी पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश को सौंपी गई सुरक्षा टुकड़ी से बंदूक हासिल करने में कामयाब रहा, जो उस दिन श्री हरमंदिर साहिब का दौरा कर रहे थे। पुलिस और सुरक्षाकर्मी न्यायाधीश के साथ तैनात थे और यह घटना तब हुई, जब एएसआई अश्विनी कुमार मौजूद थे। पुलिस के अनुसार, अज्ञात व्यक्ति ने एएसआई अश्विनी कुमार से हथियार छीनने के बाद खुद को गोली मार ली।

## बंगाल की मुख्यमंत्री की 2 दिन में प्रधानमंत्री को दूसरी चिट्ठी

- कहा- डीवीसी ने पानी छोड़ने से पहले नहीं ली सलाह

कोलकाता, एजेंसी

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में बाढ़ की स्थिति पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) ने उनकी सरकार से परामर्श किए बिना अपने जलाशयों से पानी छोड़ दिया, जिससे राज्य के कई जिले जलमग्न हो गए।

प्रधानमंत्री को लिखे ममता के पिछले पत्र का जवाब देते हुए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा था कि राज्य के अधिकारियों को हर चरण में डीवीसी के जलाशयों से पानी छोड़े जाने के बारे में सूचित किया गया था, जो एक बड़ी आपदा को रोकने के लिए आवश्यक था। ममता ने कहा, "माननीय मंत्री का दावा है कि डीवीसी के बांधों से पानी दामोदर घाटी जलाशय विनियमन समिति के साथ आम सहमति से छोड़ा गया था, लेकिन मैं इससे सम्मानपूर्वक असहमति जताती हूं।"

# नेहरू के खत संग्रहालय को सौंपें सोनिया गांधी

- पीएमएमएल सोसाइटी के सदस्य रिजवान कादरी ने की मांग

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) सोसाइटी के सदस्य रिजवान कादरी ने रविवार को कहा कि उन्होंने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को पत्र लिखकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से संबंधित निजी दस्तावेज तक प्रत्यक्ष या डिजिटल पहुंच की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

अहमदाबाद के एक कॉलेज में इतिहास पढ़ाने वाले कादरी (56) ने कहा कि वह पीएमएमएल सोसाइटी जिसे पहले नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी (एनएमएमएल) के नाम से जाना जाता था, की वार्षिक आम बैठकों में उन कागजातों को वापस लेने के लिए आवाज उठाते रहे हैं, जिन्हें गांधी परिवार ने कई साल पहले वापस ले लिया था। भारत के पहले प्रधानमंत्री नेहरू मध्य दिल्ली में तीन मूर्ति भवन में रहते थे, जिसे उनके निधन के बाद संग्रहालय बना दिया गया। यहां पुस्तकों और दुर्लभ अभिलेखों का समृद्ध संग्रह था।

कादरी ने कहा कि नेहरू के निजी कागजात से संबंधित अभिलेखों वाले 51 बक्से गांधी परिवार द्वारा वापस ले लिए गए थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया को 9 सितंबर को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है, 'पंडित जवाहरलाल नेहरू जी और उनके पिता पंडित मोतीलाल नेहरू जी अपने योगदान के महत्वपूर्ण अभिलेख छोड़ गए हैं, जो सौभाग्य से नेहरू स्मारक संग्रहालय एवं पुस्तकालय में संरक्षित रहा है। राष्ट्र निर्माण में उनके महान योगदान के लिए गहन वैज्ञानिक अध्ययन की आवश्यकता है, जिसके लिए संपूर्ण अभिलेखों तक पहुंच आवश्यक है।'

कादरी ने कहा कि हाल में पूछताछ के बाद पता चला कि इनमें से अधिकतर रिकॉर्ड प्रधानमंत्री संग्रहालय और पुस्तकालय में रखे गए हैं।

## छत्तीसगढ़: 12 नक्सलियों ने किया सरेंडर, सात पर 31 लाख का इनाम

**दंतेवाड़ा/बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बीजापुर जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान नक्सली आंदोलन को गहरा झटका देते हुए चार महिला समेत सात इनामी माओवादियों के साथ कुल 12 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। दंतेवाड़ा में तीन महिला नक्सलियों और एक पुरुष नक्सली ने आत्मसमर्पण कर दिया। इन पर कुल 20 लाख रुपये का इनाम था। वहीं, बीजापुर में आठ सक्रिय माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। इनमें आठ लाख रुपये के इनामी प्लाटून कमांडर, दो लाख की इनामी पार्टी सदस्या, एक लाख के इनामी जनताना सरकार अध्यक्ष कुल 11.00 लाख के तीन इनामी माओवादी सहित कुल आठ ने आत्मसमर्पण किया।

# तिरुपति लड्डू : श्री श्री रविशंकर ने 1857 के विद्रोह से की तुलना

आध्यात्मिक गुरु ने कहा-अपवित्र लड्डू के जरिए हिंदुओं की भावनाओं को छलनी किया गया

नई दिल्ली, एजेंसी



तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसाद में जानवरों की चर्बी इस्तेमाल होने के दावे की तुलना आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर ने 1857 के विद्रोह से की है। उन्होंने एक वीडियो जारी कर कहा कि हमने इतिहास की किताबों में पढ़ा है कि कैसे 1857 में सिपाही विद्रोह हुआ था। अब हम देख रहे हैं कि कैसे इस लड्डू के जरिए हिंदुओं की भावनाओं को छलनी किया गया है। यह ऐसा काम है, जिसकी माफी नहीं हो सकती है।

श्री श्री रविशंकर ने कहा कि यह दुर्भावनापूर्ण है और इस प्रक्रिया में शामिल लोगों के लालच की पराकाष्ठा है। इस वजह से उनको कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। जो भी इसमें शामिल हैं, उनकी संपत्तियों को जब्त कर उन्हें जेल में डालना चाहिए। आध्यात्मिक गुरु ने कहा है कि सिर्फ लड्डू ही नहीं, बल्कि हर तरह के खाद्य पदार्थों की जांच करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जो घी मार्केट में बिक रहा है, क्या किसी ने उसकी जांच की है। जो भी खाने के सामान में मिलावट करता है और शाकाहारी खानों में मांसाहार चीजें मिलाता है, उनके लिए सख्त सजा होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मंदिर प्रबंधन के लिए हमें यह देखने की जरूरत है कि यह संतों और आध्यात्मिक नेताओं की देखरेख में है या नहीं। इसके लिए आध्यात्मिक नेताओं की समिति बनाने की जरूरत है। श्री श्री रविशंकर ने कहा कि इस समिति में सरकार की तरफ से भी एक प्रतिनिधित्व होना चाहिए, लेकिन उसे यहां छोटी भूमिका निभानी होगी।

### मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त किया जाएः विहिप

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के एक शीर्ष निकाय की बैठक में जिन प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की जाएगी, उनमें तिरुपति लड्डू को लेकर उपजा विवाद और देशभर के मंदिरों को सरकार के नियंत्रण से मुक्त करने की मांग शामिल होगी। संगठन के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा कि विहिप के केंद्रीय मार्गदर्शक मंडल की तिरुपति में होने वाली बैठक में धर्मांतरण के मुद्दे पर भी चर्चा होगी। विहिप के राष्ट्रीय महासचिव बजरंग बागड़ा ने बताया कि बैठक में लड्डू को अपवित्र किए जाने के मुद्दे पर भी चर्चा होने की उम्मीद है, जिसे लेकर हिंदू समाज बहुत तनाव में हैं।

## कृषि-कारोबार

## एक नजर

### जीएसटीः युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह की 25 को बैठक

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों को युक्तिसंगत बनाने पर मंत्री समूह (जीओएम) की बैठक 25 सितंबर को होगी। बैठक में कर स्लैब और दरों में बदलाव पर चर्चा हो सकती है। एक अधिकारी ने बताया कि दर युक्तिकरण पर मंत्री समूह की बैठक 25 सितंबर को गोवा में होगी। बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में छह सदस्यीय मंत्री समूह (जीओएम) की पिछली बैठक 22 अगस्त को हुई थी और उसने 9 सितंबर को जीएसटी परिषद को स्थिति रिपोर्ट सौंपी थी। अगस्त की बैठक के दौरान जीओएम ने केंद्र और राज्यों के कर अधिकारियों वाली फिटमेंट समिति को कुछ वस्तुओं पर कर दर परिवर्तन का विश्लेषण करने का काम सौंपा था। वर्तमान में, जीएसटी एक चार-स्तरीय कर संरचना है, जिसमें पांच, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दरें हैं।

### हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5950 मसूरी- 5700 बासमती- 9300 परमल- 3950 दाल **दलहन :** काला चना- 8900 साबुत चना दाल- 9400 मूंग साबुत- 10800 राजमा- 12300-14800 दाल उड़द- 10700 साबुत मसूर दाल- 9300 मसूर दाल- 7500 उड़द साबुत- 11900 काबुली चना- 12600-16700 अरहर दाल- 16800 लोबिया/ करमानी- 8700 सोयाबीन- 4900 मूंगफली- 11950 मटर (सूखी)- 5900 मक्का- 3450 (दाम प्रति क्विंटल में)

# चालू वित्त वर्ष में 7% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

डेलॉयट का अनुमान, कहा- निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य के बीच भारत एक चमकता स्थान

नई दिल्ली, एजेंसी




डेलॉयट दक्षिण एशिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) रोमल शेट्टी ने कहा है कि भारत निराशाजनक वैश्विक परिदृश्य के बीच एक चमकता स्थान बना हुआ है। उन्होंने कहा कि देश विपरीत परिस्थितियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष (2024-25) में सात प्रतिशत की वृद्धि दर्ज कर सकता है।

भारत में 'बिग फोर' अकाउंटिंग और परामर्श कंपनियों के सबसे युवा सीईओ शेट्टी ने कहा कि मुद्रास्फीति काफी हद तक नियंत्रण में है। ग्रामीण मांग में वृद्धि हुई है और वाहनों की बिक्री में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि हम वृद्धि के मामले में (चालू वित्त वर्ष में) 7-7.1 प्रतिशत के दायरे में रहेंगे। आपके सामने कई प्रतिकूल परिस्थितियां हैं, कई अनुकूल परिस्थितियां हैं। लेकिन तथ्य यह है कि वैश्विक स्तर पर जो कुछ भी हो रहा है, उसके बावजूद भारत अब भी बेहतर स्थिति में है, लेकिन हम यह नहीं कह सकते कि हम दुनिया से अलग हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और यूक्रेन में भू-राजनीतिक संकट तथा पश्चिमी दुनिया में मंदी का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि पर असर पड़ेगा।

डेलॉयट के अनुमानों के अनुसार, अगले वित्त वर्ष (2025-26) में वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने की संभावना है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में भारतीय अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी थी। शेट्टी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि नरेंद्र मोदी सरकार 3.0 निजीकरण सहित आर्थिक सुधारों को उसी गति से जारी रखेगी और सरकारी विभागों के भीतर काम पूरा करने के लिए जबर्दस्त प्रयास किए जाएंगे।

**भारत बनेगा विश्व की सेवा राजधानीः** डेलाइट सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत इस दशक के भीतर पांच हजार अरब डॉलर तक विस्तारित होकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। कच्चे तेल की कीमत में गिरावट कुछ मायनों में अच्छी बात है, क्योंकि भारत कई चीजों का शुद्ध आयातक है और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती भारत के लिए सकारात्मक होगी। शेट्टी ने कहा कि भारत विश्व की सेवा राजधानी बनेगा और इसे उत्पादकता बढ़ाने के लिए कृषि प्रौद्योगिकी के उपयोग पर ध्यान केंद्रित करना होगा।

## मत्स्य पालन क्षेत्र के लिए गठित होगी उच्च स्तरीय समिति

**नई दिल्ली।** सरकार ने मत्स्य पालन क्षेत्र के और विकास के लिए खाका तैयार करने हेतु वरिष्ठ अधिकारियों की एक उच्चस्तरीय समिति गठित करने का रविवार को निर्णय लिया। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और पशुपालन, मत्स्यपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह के बीच यहां कृषि भवन में हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय लिया गया।

मत्स्य पालन के क्षेत्र में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) द्वारा किए गए अनुसंधान पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने छोटे किसानों की आय बढ़ाने के लिए 'मॉडल फार्म' विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## वोडाफोन-आइडिया जल्द 5जी लॉन्च करेगी, किया बड़ा सौदा

- नोकिया-एरिक्सन और सैमसंग के साथ की 3.6 अरब डॉलर की डील

नई दिल्ली, एजेंसी




निजी क्षेत्र की दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड (वीआईएल) जल्द ही 5जी सेवा लॉन्च करेगी।इसके लिए नोकिया, एरिक्सन और सैमसंग के साथ 3.6 अरब डॉलर का एक बड़ा सौदा किया है। ये कंपनियां अगले तीन वर्षों की अवधि में नेटवर्क उपकरणों की आपूर्ति सुनिश्चित करेंगी।

कंपनी ने कहा कि यह डील कंपनी की 6.6 अरब डॉलर की तीन-वर्षीय पूंजीगत व्यय योजना को लागू करने की दिशा में पहला कदम है। इस पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 4जी कवरेज को 1.03 अरब यूजर से बढ़ाकर 1.2 अरब यूजर तक करना, प्रमुख बाजारों में 5जी लांच करना तथा डेटा वृद्धि के अनुरूप क्षमता विस्तार करना है। कंपनी ने अपने मौजूदा साझेदारों नोकिया और एरिक्सन के साथ काम जारी रखा है और सैमसंग को नए साझेदार के रूप में शामिल किया है। यह अनुबंध कंपनी को बेहतर ग्राहक अनुभव प्रदान करने के लिए अत्याधुनिक उपकरणों का तुरंत लाभ उठाने में सक्षम बनाएगा।

### सर्राफा

| | | | |
|---|---|---|---|
| **कानपुर** | | चांदी (999) | 89,500 |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 90,900 | चांदी तैयार | 89,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 | चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 | **बरेली** | |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 76,200 | सोना जेवरात पक्के | 75,800 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 56,800-57,000 | सोना जेवरात गिन्नी | 74,800 |
| **लखनऊ** | | चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 75,950 | **मुरादाबाद** | |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 75,800 | सोना 24 कैरेट | 76,100 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 | चांदी आभूषण | 89,800। |

**मैंथा भाव** **चन्दौसी :** शिवालिक- 960 फ्लैग- 1080 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 870 **रामपुर :** शिवालिक-985 फ्लैग-1100 डीएमओ-855 बोल्ड-1180

## हेल्पलाइन ने कोचिंग सेंटर से छात्रों को वापस दिलाए एक करोड़ रुपये

नई दिल्ली। राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के छात्रों और अभ्यर्थियों को कोचिंग नामांकन शुल्क के रूप में एक करोड़ रुपये की वापसी कराई है। सरकार ने बताया कि कोचिंग छात्रों की शिकायत के बाद उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के हस्तक्षेप से रिफंड की प्रक्रिया मुकदमे के बिना पूरी कर ली गई।

## शुल्क लगा तो यूपीआई का इस्तेमाल बंद कर देंगे 75% उपयोगकर्ता

नई दिल्ली, एजेंसी




यूपीआई सेवा पर यदि किसी तरह का लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो 75 प्रतिशत उपयोगकर्ता इसका इस्तेमाल बंद कर देंगे। 'लोकलसर्किल्स' के रविवार को जारी एक सर्वेक्षण में यह निष्कर्ष निकाला गया है। सर्वेक्षण के अनुसार, 38 प्रतिशत उपयोगकर्ता अपना 50 प्रतिशत भुगतान लेनदेन डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड या किसी अन्य प्रकार के डिजिटल माध्यम के बजाय यूपीआई के जरिये करते हैं।

सर्वे कहता है कि सिर्फ 22 प्रतिशत यूपीआई उपयोगकर्ता भुगतान पर लेनदेन शुल्क का बोझ उठाने को तैयार हैं। वहीं 75 प्रतिशत लोगों ने कहा कि अगर लेनदेन शुल्क लगाया जाता है, तो वे यूपीआई का उपयोग करना बंद कर देंगे। यह सर्वे तीन व्यापक क्षेत्रों पर किया गया है। इसमें 308 जिलों से 42,000 प्रतिक्रियाएं मिली हैं। हालांकि प्रत्येक प्रत्येक प्रश्न पर उत्तरों की संख्या अलग-अलग थी।

यूपीआई पर लेनदेन शुल्क से संबंधित प्रश्न को लेकर 15,598 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 2023-24 में इससे पिछले वित्त वर्ष की तुलना में लेन-देन की मात्रा में रिकॉर्ड 57 प्रतिशत और मूल्य में 44 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। पहली बार किसी वित्त वर्ष में यूपीआई लेन-देन 100 अरब को पार कर गया है। यह 2023-24 में 131 अरब रहा, जबकि 2022-23 में यह 84 अरब था। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य के लिहाज से यह 1,39,100 अरब रुपये से बढ़कर 1,99,890 अरब रुपये पर पहुंच गया है।

# अश्विन के हरफनमौला खेल से बांग्लादेश फेल

## भारत ने पहले टेस्ट में बांग्लादेश को 280 रन से हराया, प्लेयर ऑफ द मैच बने रविचंद्रन



रविचंद्रन अश्विन
6 विकेट
88 रन
21 ओवर

चेन्नई, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को बांग्लादेश को 280 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ भारत ने दो टेस्ट मैचों की शृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आज मैच के चौथे दिन बांग्लादेश की टीम ने कल के चार विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरु किया।

आज भारत को जीत के लिए छह विकेट की दरकार थी, लेकिन बांग्लादेश के कप्तान नाजमुल हुसैन शान्तो ने शाकिब अल हसन के साथ पहले घंटे संघर्षपूर्ण पारी खेली और कोई विकेट नहीं गिरने दिया। इस दौरान मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह ने दोनों बल्लेबाजों को कई बार बीट किया लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। इसके बाद कप्तान रोहित शर्मा ने आर अश्विन को गेंद थमाई। अश्विन ने दिन के अपने पहले ही ओवर में शाकिब अल हसन (25) को जयसवाल के हाथों कैच आउटकर पवेलियन भेज दिया। इस विकेट के साथ ही उन्होंने वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज कर्टनी वॉल्श के 519 विकेट को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट में सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में आठवें पायदान पर पहुंच गये। उन्होंने 52वें ओवर में भारत को यह पांचवीं और आज के दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए लिटन कुमार दास (एक) को जडेजा ने पवेलियन भेज दिया। मेहदी (8) और तस्कीन (5) अश्विन का शिकार बने। उन्होंने मैच में अपना छठ विकेट हासिल किया।

इसी के साथ जडेजा ने कप्तान नजमुल शान्तो (82) रूपी दीवार को जडेजा ने ध्वस्त कर दिया। 63वें ओवर की पहली गेंद पर हसन महमूद (7) को बोल्ड कर बांग्लादेश की दूसरी पारी का चौथे दिन सुबह के सत्र में 234 के स्कोर पर अंत कर दिया। भारत की ओर से आर अश्विन ने छह विकेट लिए। रवींद्र जडेजा को तीन विकेट मिले। अश्विन ने 37वीं बार पारी में पांच विकेट लेने के साथ दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर शेन वॉर्न के रिकार्ड की बराबरी की। अब उनसे आगे 67 पर यह कारनामा करने वाले मुथैया मुरलीधरन हैं।

तीसरे दिन भारत ने भोजनावकाश के बाद अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 287 रन बना कर घोषित कर मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का लक्ष्य दिया था। भारत ने अपनी पहली पारी में 376 रन बनाए थे और भारतीय गेंदबाजों ने बांग्लादेश पहली पारी 149 रन पर ढेर कर दिया था। पहली पारी में 227 रन की बढ़त के साथ भारत ने अपनी दूसरी पारी में 287 रन बनाकर 514 रन बढ़त हासिल कर मेहमान टीम को जीत के लिए 515 रन का मजबूत लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में आज चौथे दिन बांग्लादेश की टीम 234 के स्कोर पर सिमट गई। अश्विन ने भारत की पहली पारी में न केवल लड़खडाती पारी को संभाला और अपने टेस्ट करियर का छठा शतक (113) भी जड़ा। अश्विन को हरफनमौला प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।



जीत के बाद एक दूसरे को गले लगाकर बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी

### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 376 रन

बांग्लादेश पहली पारी : 149 रन

भारत दूसरी पारी : 287/4 (पारी घोषित)

बांग्लादेश दूसरी पारी : 234/10 — 62.1 ओवर

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाकिर हसन का जायसवाल बो बुमराह | 33 | 47 | 5/1 |
| शादमान इस्लाम का गिल बो अश्विन | 35 | 62 | 3/0 |
| नजमुल शंटो का बुमराह बो जडेजा | 82 | 127 | 8/3 |
| मोमिनुल हक बो अश्विन | 13 | 24 | 3/0 |
| मुशफिकुर रहीम का राहुल बो अश्विन | 13 | 11 | 1/1 |
| शाकिब का जायसवाल बो अश्विन | 25 | 56 | 3/0 |
| लिटन दास का रोहित बो जडेजा | 1 | 10 | 0/0 |
| मेहदी का जडेजा बो अश्विन | 8 | 10 | 1/0 |
| तस्कीन का सिराज बो अश्विन | 5 | 4 | 1/0 |
| हसन महमूद बो जडेजा | 7 | 14 | 1/0 |
| नाहिद राणा नबाद | 0 | 2 | 0/0 |

अतिरिक्त : 12 रन, गेंदबाजी : बुमराह 10-2-24-1, सिराज 10-5-32-0, आकाश दीप 6-0-20-0, अश्विन 21-0-88-6, जडेजा 15.1-2-58-3

### 37वीं बार पांच विकेट लेकर अश्विन ने की शेन वॉन की बराबरी

**चेन्नई।** भारत बनाम बंगलादेश पहले टेस्ट मुकाबले में स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अपने बल्ले से (113) रनों की शतकीय पारी खेलकर टीम को मजबूती दी। इसके आलवा दूसरी पारी में बंगलादेश के छह विकेट चटकाते हुए 37वीं बार पांच से अधिक विकेट लेने का कारनाम करते हुए ऑस्ट्रेलिया स्पिनर शेन वॉन के रिकार्ड की बराबरी कर ली। इसके अलावा आर अश्विन सबसे अधिक उम्र में पांच विकेट लेने वाले भारतीय खिलाड़ी गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि अश्विन ने भारत में किसी ऐशियाई टीम के खिलाऊ पांच विकेट लिए हैं। शतक और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ियों की बात की जाये तो इयन बॉथम, गैरी सोबर्स, मुश्ताक मोहम्मद, जैक्स कैलिस, शाकिब अल हसन, रवींद्र जाडेजा और आर अश्विन का नाम भी इसमें जुड़ गया है।

### रोहित ने अश्विन और पंत के प्रदर्शन की सराहना की

**चेन्नई।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले रविचंद्रन अश्विन और ऋषभ पंत की सराहना की। मैच के बाद रोहित ने कहा भविष्य को देखते हुए यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण जीत है। पंत काफी मुश्किल समय से गुजरे हैं। उन्होंने जिस तरह से उन चीजों का सामना किया वह अदभुत है। यह प्रारुप उन्हें सबसे अधिक पसंद है। हमें हमेशा से पता था कि वह कितने काबिल हैं। यह बस उन्हें गेम टाइम देने का मामला था। हम किसी भी स्थिति में इसी तरह की टीम बनाना चाहते हैं। हम हमेशा चाहते हैं कि हमारे पास तेज गेंदबाजी और स्पिन में विकल्पों की कमी न हो। यह पिच बेहद आसान थी। यहां पर तेज गेंदबाजो के लिए भी मदद थी और स्पिन गेंदबाजो के लिए भी काफी कुछ था। यह ऐसी पिच थी जहां आपको संयम दिखाना पड़ता। अश्विन हमेशा आपके साथ रहते हैं। वह आपको बताते रहते हैं कि क्या करना है और क्या नहीं।

### कप्तान शंटो को शाकिब के लय में आने का भरोसा

**चेन्नई।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने गेंदबाजी में संघर्ष कर रहे अनुभवी हरफनमौला शाकिब अल हसन का समर्थन करते हुए कहा कि वह लय हासिल करने के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बांग्लादेश को दो मैचों की शृंखला में पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन रविवार को यहां 280 रन से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। इस मैच में शाकिब ने 21 ओवर में 129 रन लुटाए और एक भी विकेट लेने में नाकाम रहे। यह उनके करियर में पांचवीं बार था जब वह किसी टेस्ट मैच में कम से कम 20 ओवर गेंदबाजी करने के बावजूद विकेट लेने से चूक गए। मैच के बाद शंटो से जब टीम में शाकिब की जगह के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा एक कप्तान के तौर पर ईमानदारी से कहूं तो मैं खिलाड़ी की मेहनत का आकलन करता हूं। वह (शाकिब) अपनी फॉर्म वापस पाने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं। मेरे लिए यह देखना अहम है कि क्या वह वापसी के लिए पर्याप्त संघर्ष कर रहे हैं।

### अहम होगी बुमराह और पंत की फिटनेस : इयान चैपल

**नई दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान इयान चैपल ने कहा कि अगर भारत को ऑस्ट्रेलिया में शृंखलाओं की जीत की ऐतिहासिक हैट्रिक हासिल करनी है तो तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को चोटों से मुक्त और शीर्ष फॉर्म में रहना होगा। चैपल को लगता है कि भारतीय टीम के लिए इस विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में पांच टेस्ट मैच ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय शृंखला से पहले आदर्श तैयारी है जिसमें न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट भी शामिल हैं। चैपल ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो में अपने कॉलम में लिखा भारत की प्राथमिकता यही होगी कि उसके ज्यादातर खिलाड़ी फॉर्म में रहें और उन्हें कोई बड़ी चोट नहीं लगे। हालांकि सबसे ज्यादा जरूरी बात जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत का फॉर्म में रहना और चोटों से मुक्त रहना होगा। पंत ने भयानक कार दुर्घटना के बाद जिस तरह से टेस्ट में वापसी की है, वह शानदार है। वह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अहम विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और अगर वह ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए फॉर्म में रहते हैं तो टीम का मनोबल बढ़ा रहेगा। पंत 2020-21 में भारत को ऑस्ट्रेलिया में पिछली शृंखला में मिली जीत के नायक रहे थे।

## खेल डायरी



### हदाद ने कसातकिना को हराकर कोरिया ओपन जीता

**सोल (दक्षिण कोरिया)।** बीट्रीज हदाद माइया ने रविवार को यहां कोरिया ओपन के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त डारिया कसातकिना को हराकर इस सत्र का अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता। यह तीसरी वरीय खिलाड़ी के करियर का चौथा खिताब है। ब्राजील की इस खिलाड़ी ने कसातकिना को 1-6, 6-4, 6-1 से शिकस्त दी। वह शानदार फॉर्म में है जिन्होंने अब तक अपने पिछले 14 मैचों में से 12 में जीत हासिल की है जिसमें क्लीवलैंड में फाइनल और अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचना शामिल है।

### उमेश ने स्वर्ण पदक जीता सुकांत-मंदीप को रजत

**नई दिल्ली।** उमेश विक्रम ने रविवार को यहां इंडोनेशिया पैरा बैडमिंटन अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में एसएल3 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता जबकि सुकांत कदम, सिवाराजन सोलाईमलई और मंदीप कौर ने अपनी स्पर्धाओं में रजत पदक हासिल किए। सुकांत ने पुरुष एकल एसएल4 स्पर्धा में जबकि सिवाराजन ने पुरुष एकल एसएच6 वर्ग में रजत पदक जीता। मंदीप को महिला एकल एसएल3 वर्ग में रजत पदक मिला। भारत ने इंडोनेशिया के सराकार्ता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंतरराष्ट्रीय लेवल 2 के टूर्नामेंट में 34 पदक जीते। पुरुष एकल एसएल3 में उमेश ने हमवतन और शीर्ष वरीय नेहाल गुप्ता पर फाइनल में 12-21 21-8 21-19 से जीत हासिल की। सुकांत पेरिस पैरालंपिक में प्लेऑफ में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान से हारकर कांस्य पदक से चूक गये थे।

### ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 68 रन से हराया

**लीड्स।** ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में इंग्लैंड को 68 रनों से हराकर पांच मैचों की शृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। हेडिंग्ले मैदान पर खेले गए मुकाबले में 271 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 65 के स्कोर तक अपने पांच विकेट गवां दिए थे। फिल सॉल्ट (12), विल जैक्स (शून्य) कप्तान हैरी ब्रूक (4), बेन डकेट (32) और लियम लिविंगस्टन (शून्य) पर आउट हुए। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 40.2 ओवर में 202 रनों पर ही समेटते हुए 68 रनों से मुकाबला जीत लिया। यह एकदिवसीय मुकाबलो में ऑस्ट्रेलिया की लगातार 14वीं जीत है। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने लगातार दूसरी बार यह उपलब्धि हासिल की है।

### कोठारी विश्व 6-रेड स्नूकर के प्री क्वार्टरफाइनल में

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारत के सौरव कोठारी ने रविवार को यहां आईबीएसएफ विश्व 6-रेड स्नूकर चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत अपने सभी ग्रुप मैचों में जीत से की और प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मंगोलियाई के दिग्गज लखगवासुरेन तुमुरचुदुर से पहले मैच में कोठारी को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा और 2-3 से पिछड़ने के बाद उन्होंने 'बेस्ट-ऑफ-सेवन' मैच जीत लिया। कतर के अहमद सैफ के खिलाफ अपने दूसरे ग्रुप मैच में कोठारी ने 46, 48 और 49 के फ्रेम से 4-1 से जीत हासिल की। तीसरे और अंतिम ग्रुप मैच में कोठारी ने जापान के जुंजी मियाजावा को 4-0 से हराया।

## इतिहास रचा, पुरुष और महिला टीम ने जीते स्वर्ण

● **शतरंज ओलंपियाड में ग्रैंडमास्टर डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और प्रज्ञानानंदा ने दिलाया खिताब**

बुडापेस्ट, एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम के बाद रविवार को हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने भी हंगरी में खेली जा रही 45वें फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 स्पर्धा का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। इसी के साथ भारत ने इस स्पर्धा का दोहरा खिताब अपने नाम कर लिया है।

हरिका द्रोणावल्ली, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल, तानिया सचदेव और अभिजीत कुंटे की भारतीय महिला टीम की जीत ओपन वर्ग में अमेरिका के कजाकिस्तान को हारने पर निर्भर थी। अमेरिका और कजाकिस्तान के बीच मुकाबला 1-1 से बराबरी पर रोकने के बाद भारत को विजेता घोषित किया गया। इससे पहले भारतीय महिलाओं ने चीन को 2.5-1.5 से हराकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली। ऐसा पहली बार नहीं हुआ, दिव्या देशमुख शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय महिला टीम की नायिका बनीं। भारत के साथ कजाकिस्तान भी तालिका में शीर्ष पर था। कजाकिस्तान ने जॉर्जिया के साथ 2-2 से ड्रा खेला। भारत और कजाकिस्तान के 17-17 अंक हैं और उसके बाद अमेरिका और पोलैंड थे। अंतिम दौरान में भारत ने अजरबैजान को 3.5-0.5 से हराया। इसके बाद अमेरिका और कजाकिस्तान का मुकाबला ड्रा रहा, जिसके बाद भारत को विजयी घोषित किया गया। इसी के साथ फिडे शतरंज ओलंपियाड 2024 में भारत ने दो स्वर्ण पदक अपने नाम किये है।

पुरुष टीम में डी गुकेश, आर प्रज्ञानंदधा, अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती और पेंटाला हरिकृष्णा ने ओपन वर्ग में जीत हासिल की, जबकि हरिका द्रोणावल्ली, आर वैशाली, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव की महिला टीम ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हरिका द्रोणावल्ली ने गुने मम्मादजादा को हराया। आर वैशाली ने उलविया फतालियेवा को ड्रा कराया। वंतिका अग्रवाल ने खानिम बालाजायेवा को हराया। अमेरिकी खिलाड़ियों के खिलाफ भारत की जीत का श्रेय डी. गुकेश को जाता है, उन्होंने फैबियानो कारूआना को हराया। गुकेश ने लगभग 30 चालों में प्लस 3.33 की बढ़त हासिल कर अगले दस चालों में अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे छोड़ते हुए जीत सुनिश्चित की। डी गुकेश और अर्जुन एरिगैसी की जीत से उन्हें स्लोवेनिया पर 2-0 की बढ़त मिल गई है। इसका मतलब यह था कि भारत हार नहीं सकता था और टीम को स्टैंडिंग में चीन पर अजेय बढ़त हासिल करने के लिए विरोधियों के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी।





अपने-अपने मुकाबले खेलते प्रज्ञानानंदा और वंतिका अग्रवाल। ● एजेंसी

## भारत ए ने जीती दलीप ट्रॉफी

● **भारत ए ने बनाए तीन मैच में 12 अंक, सी को 132 रन से रौंदा**

अनंतपुर, एजेंसी

तनुष कोटियान (47 रन देकर तीन विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (50 रन देकर तीन विकेट) के छह विकेट के सामने रविवार को यहां साई सुदर्शन की 111 रन की पारी भी भारत सी के काम नहीं आ सकी और भारत ए ने 132 रन से जीत दर्ज कर दलीप ट्रॉफी अपने नाम की। दो मैच में छह अंक से अंतिम दौर में प्रवेश करने वाली भारत ए टीम ने चार दिवसीय मुकाबले में दबदबा बनाया।

इस जीत से भारत ए के तीन मैच में 12 अंक हो गए जिससे वह तीन मैच के बाद शीर्ष पर पहुंच गई और विजेता बनी। अंतिम दिन 350 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत सी 81.5 ओवर में 217 रन पर सिमट गई जिसमें कृष्णा ने अपने 13.5 ओवर में 50 रन देकर तीन विकेट झटके जिसमें मैच का अंतिम विकेट भी शामिल था। सुदर्शन और ईशान किशन क्रीज पर थे और उन्हें लगभग 30 ओवर के अंतिम सत्र में 182 रन की जरूरत थी, पर कोटियान ने किशन (17) को आउट किया और लगातार ओवरों में अभिषेक पोरेल (0) का विकेट भी झटक लिया।

इससे पहले आकिब खान ने रुतुराज गायकवाड़ को 44 रन पर आउट किया जबकि विजयकुमार वैशाख 17 रन बनाकर रन आउट हो गए। सुदर्शन ने 206 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 111 रन की शानदार पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला। कृष्णा ने आउट कर दिया जिससे भारत सी की चुनौती आखिरकार खत्म हो गई।

### अर्शदीप के छह विकेट से भारत डी को मिली जीत

**अनंतपुर।** अर्शदीप सिंह के करियर के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (40 रन पर छह विकेट) के दम पर भारत डी ने दलीप ट्रॉफी मैच में रविवार को यहां चौथे और आखिरी दिन भारत बी को 257 रन के बड़े अंतर से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की। भारत डी ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 244 रन से आगे की लेकिन टीम 305 रन पर आउट हो गई। इसके बाद भारत बी को लगभग 70 ओवर में जीत के लिए 373 रन का मुश्किल लक्ष्य मिला।

## बॉलीवुड हलचल



### 27 को फिर से रिलीज होगी ऐश्वर्या की ताल

**मुंबई।** पूर्व विश्व सुंदरी ऐश्वर्या राय और मिस्टर इंडिया अनिल कपूर की सुपरहिट फिल्म ताल सिनेमाघरों में 27 सितंबर को फिर से रिलीज होने जा रही है। फिल्म ताल के निर्माता-निर्देशक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर एक पोस्टर साझा कर इस खबर की जानकारी दी। उन्होंने पोस्टर साझा कर लिखा लोगों की इच्छा को देखते हुये, मुक्ता आर्ट्स लिमिटेड मुक्ता ए2 सिनेमा जी सिनेमा और पीवीआर ने सबसे पसंदीदा फिल्म ताल को दोबारा से सिनेमाघरों में रिलीज करने का फैसला किया। पूरे भारत में 27 सितंबर से कई सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी फिल्म ताल। फिल्म की 25वीं वर्षगांठ मनाने के लिए इसे फिर से बड़े परदे पर लाया जा रहा है। पिछले कुछ सालों में ताल प्रशंसकों की सबसे पसंदीदा फिल्म बनी हुई है, जिसका मुख्य कारण इसका यादगार साउंडट्रैक और इसके कलाकारों का शानदार अभिनय है।

### स्त्री 2 की सफलता से तैयार हुआ एक नया मापक : ऋतिक



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रौशन ने कहा है कि स्त्री 2 ने अपनी सफलता से हम सभी के लिए एक नया मापक तैयार किया है। बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की जोड़ी वाली फिल्म स्त्री 2 ने शाहरुख खान की फिल्म जवान के हिंदी भाषा में लाइफटाइम कलेक्शन को पछाड़ते हुए अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनकर सिनेमाई इतिहास में अपना नाम दर्ज कर लिया है। इस फिल्म ने अपनी अपार सफलता से हर किसी को सरप्राइज कर दिया है। स्त्री 2 की बंपर सक्सेस को लेकर ऋतिक रोशन ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर लेटेस्ट ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा है, ये हमारे सिनेमा के लिए बहुत खुशी का समय है। क्योंकि स्त्री 2 ने अपनी सक्सेस से हम सभी के लिए एक नया मापक तैयार किया है। स्त्री का पहला पार्ट काफी शानदार था और इस फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने के लिए पार्ट 2 का विचार काफी सराहनीय रहा है। इसको पेश करने के लिए फिल्म की पूरी टीम को मेरी तरफ से ढेर सारी बधाई, सच में आप लोग असली सितारे हैं। उम्मीद है कि आने वाले समय में भी फिल्मों के लिहाज से ऐसे ही खुशनुमा पल बिताते रहें।

### भारत में कॉन्सर्ट करेंगे एपी ढिल्लन



**मुंबई।** इंडो-कैनेडियन गायक एपी ढिल्लन जल्द ही भारत में कॉन्सर्ट करेंगे। एपि ढिल्लन ने अपने भारत दौरे की घोषणा की है। एपी ढिल्लन ने बताया कि जल्द ही वह एक कॉन्सर्ट के लिए भारत आ रहे हैं। ब्राउन मुंडे हिटमेकर एपी ढिल्लन ने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर अपने भारत दौरे की घोषणा की है। उन्होंने लिखा जल्द ही भारत दौरा... मैं घर आ रहा हूं। उन्होंने तारीखों की घोषणा नहीं की, लेकिन उनके भारत दौरे की खबर उनके प्रशंसकों को उत्साहित करने के लिए पर्याप्त थी। कुछ ही समय में प्रशंसकों ने टिप्पणी अनुभाग में अपनी खुशी व्यक्त की। एक सोशल मीडिया यूजर ने लिखा आपके कॉन्सर्ट का इंतजार नहीं कर सकता। दिलजीत दोसांझ इस अक्टूबर में अपने दौरे के भारतीय चरण की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस साल 26 अक्टूबर को दिल्ली के प्रतिष्ठित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में इस टूर की शुरुआत होगी। दिल्ली के बाद यह टूर हैदराबाद, अहमदाबाद, लखनऊ, पुणे, कोलकाता, बैंगलोर, इंदौर, चंडीगढ़ और गुवाहाटी जाएगा। दिलजीत ने दिल-लुमिनाती टूर के भारतीय चरण की तारीखों की घोषणा की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

## एक नजर

### अमेरिका में गोलीबारी में चार लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिकी में अलबामा राज्य के बर्मिंघम में शनिवार रात सामूहिक गोलीबारी में चार लोग मारे गए और 12 से अधिक घायल हो गए। अमेरिकी मीडिया रिपोर्टों ने यह जानकारी दी। बर्मिंघम पुलिस ने बताया कि गोलीबारी अलबामा विश्वविद्यालय के पास फाइव पॉइंट्स साउथ क्षेत्र में मैगनोलिया एवेन्यू के 2000 ब्लॉक पर एक व्यस्त इलाके में कल रात में हुई। गोलीबारी में तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी और एक घायल ने बाद में विश्वविद्यालय के अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलो में कई की हालत गंभीर है। अधिकारियों का मानना है कि गोलीबारी में कई बंदूकधारी शामिल थे। रविवार सुबह तक, किसी भी संदिग्ध को पकड़ा नहीं जा सका था।

### नई बैलिस्टिक मिसाइल जिहाद का किया अनावरण

**तेहरान।** इरान के इस्लामिक रेवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने स्वदेश निर्मित बैलिस्टिक मिसाइल जिहाद का अनावरण किया है जिसकी मारक क्षमता 1,000 किलोमीटर है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी 'इरना' ने आज यह जानकारी दी। वर्ष1980-1988 के ईरान-इराक युद्ध की वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को वार्षिक परेड आयोजित की गई जिसमें 'जिहाद' को प्रदर्शित किया गया। इसके अलावा, आईआरजीसी ने 4,000 किलोमीटर की मारक क्षमता वाला एक नये ड्रोन को भी प्रदर्शित किया गया। इस परेड में इजराइल के साथ जारी तनाव के बीच कई बैलिस्टिक मिसाइलें भी प्रदर्शित की गईं। ईरान के राष्ट्रपति यन मसूद पेजेशकियान ने इस अवसर पर एकता पर जोर दिया जबकि आईआरजीसी ने इजराइल और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे वाले बैनर प्रदर्शित किए।

### अल जज़ीरा कार्यालय को 45 दिन के लिए बंद करने का आदेश

**रामल्लाह।** इजराइली सैनिकों ने वेस्ट बैंक के रामल्लाह में अल जजीरा प्रसारक के कर्मचारियों को इमारत छोड़ने और कार्यालय बंद करने का आदेश दिया है। अल जजीरा ने बताया कि इजरायली सैनिक हथियारों के साथ कार्यालय में घुसे और सभी कर्मचारियों को इमारत खाली करने का आदेश दिया। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि कार्यालय 45 दिनों तक बंद रहेगा। चैनल ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि भारी हथियारों से लैस सैनिकों ने इमारत में प्रवेश किया था और कर्मचारियों को अपने उपकरण लेकर तुरंत कार्यालय छोड़ने का आदेश दिया। चैनल ने एक सैनिक के हवाले से बताया कि एक अदालत ने चैनल को 45 दिनों के लिए बंद करने का आदेश दिया है।

### पाकिस्तान में विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में रविवार को एक पुलिस वाहन को निशाना बनाकर किये गये विस्फोट में एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना स्वात जिले में हुई जहां सड़क किनारे लगाए गए उपकरण से वाहन को निशाना बनाया गया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया गया, जहां एक उनमें से एक ने दम तोड़ दिया। अभी तक किसी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस ने आगे की जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी है।

### एलुरु आश्रम मेडिकल कॉलेज के तीन छात्र झरने में बहे

**काकीनाडा।** आन्ध्र प्रदेश में एलुरु मेडिकल कॉलेज के तीन छात्र रविवार सुबह जलथरानगिनी झरने में नहाते समय बह गए। लापता तीन छात्रों को बचाने के लिए तलाश जारी है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पांच छात्र पिकनिक मनाने के लिए मारेडुमिली आए थे। नहाने के दौरान तीन छात्र बह गये। सूत्रों ने बताया कि यह घटना इलाके में भारी बारिश के बाद झरने के जल स्तर में अचानक वृद्धि के कारण हुई। लापता छात्रों में चौधरी हरदीप, के. सौम्या और बी अमृता शामिल हैं। ये तीनों एलुरु आश्रम कॉलेज के मेडिसिन द्वितीय वर्ष के छात्र बताए गए हैं।

# क्वाड में कैंसर मूनशॉट, पोर्ट्स पार्टनरशिप की घोषणा

## शिखर सम्मेलन के दौरान हिंद प्रशांत क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने, रोकथाम और उपचार के लिए उठाया कदम

विलमिंगटन (अमेरिका), एजेंसी

क्वाड नेताओं के छठवीं शिखर बैठक में हिंद प्रशांत क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर का पता लगाने, रोकथाम और उपचार के लिए क्वाड कैंसर मूनशॉट तथा क्वाड देशों के तट रक्षकों के बीच अंतरसंचालनीयता में सुधार के लिए कभी क्वाड-एट-सी शिप ऑब्जर्वर मिशन की स्थापना सहित अनेक अहम घोषणाएं की गई हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में हुई इस शिखर बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज ने भाग लिया।

वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले महीने की गई यूक्रेन की ऐतिहासिक यात्रा और उनके दिए शांति संदेश की सराहना की। बाइडन और मोदी ने द्विपक्षीय बैठक के दौरान व्यापक विषयों पर वार्ता की और इस दौरान युद्धग्रस्त देश यूक्रेन की स्थिति सहित वैश्विक चुनौतियों पर चर्चा की गई। प्रधानमंत्री मोदी तीन दिवसीय यात्रा पर अमेरिका आए हैं। बाइडन ने शनिवार दोपहर डेलवेयर के विलमिंगटन में अपने निजी आवास में मोदी की मेजबानी की। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने यूक्रेन संकट से निपटने संबंधी एक सवाल के जवाब में संवाददाताओं से कहा कि संघर्ष के सभी पक्षों से जुड़े लोगों के साथ बहुत महत्वपूर्ण बातचीत जारी है। बैठक के संबंध में जारी संयुक्त तथ्य-पत्र के अनुसार, वार्ता के दौरान बाइडन ने भारत के प्रधानमंत्री से कहा कि अमेरिका भारत की महत्वपूर्ण आवाज को प्रतिबिंबित करने के लिए वैश्विक संस्थाओं में सुधार की पहल का समर्थन करता है, जिसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव करके भारत को स्थायी सदस्य बनाने की मांग भी शामिल है। मोदी और बाइडन की वार्ता मुख्य रूप से द्विपक्षीय संबंधों पर केंद्रित रही, लेकिन दोनों नेताओं ने रूस-यूक्रेन संघर्ष और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति सहित प्रमुख वैश्विक चुनौतियों पर भी चर्चा की। तथ्य-पत्र में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडन ने वैश्विक मंच पर भारत की अग्रणी भूमिका, विशेष रूप से जी-20 और ग्लोबल साउथ में मोदी के नेतृत्व और स्वतंत्र, मुक्त एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए 'क्वाड' को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता की अत्यधिक सराहना की।





क्वाड शिखर सम्मेलन में बैठक करते भारत, अमेरिका, आस्ट्रेलिया और जापान के नेता। मोदी के साथ सेल्फी लेतीं महिलाएं। एजेंसी

### भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रों को पांच लाख अमेरिकी डॉलर की 50 छात्रवृत्ति देगा

**विलमिंगटन (अमेरिका)।** भारत ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के छात्रों को पांच लाख अमेरिकी डॉलर की 50 'क्वाड' छात्रवृत्ति प्रदान करने की एक नयी पहल की घोषणा की है। चौथी क्वाड शिखर बैठक के बाद जारी विलमिंगटन घोषणा पत्र में कहा गया है कि ये छात्रवृत्तियां छात्रों को भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित तकनीकी संस्थान में चार वर्षीय स्नातक इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में शामिल होने में सक्षम बनाएंगी। राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में क्वाड नेताओं की शिखर बैठक शनिवार को उनके गृह नगर विलमिंगटन, डेलवेयर में हुई। इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भाग लिया।

### परिचय देते समय बाइडन फिर परेशानी में फंसे, सोशल मीडिया पर आलोचना

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए डेलावेयर के विलमिंगटन में आयोजित क्वाड कार्यक्रम में उस समय असहज स्थिति पैदा हो गई जब प्रधानमंत्री मोदी का परिचय देते समय उनका नाम भूल गए। बाइडन की यह असहज स्थिति कैमरे में कैद हो गई और सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के वीडियों पर लोगों ने बड़े पैमाने पर टिप्पणी की है। बाइडन द्वारा (81) कैंसर मूनशॉट कार्यक्रम में शनिवार को भाषण समाप्त किए जाने के बाद लगा कि वह कार्यक्रम के अगले संबोधक का नाम भूल गए और इस संबंध में अपने कर्मचारियों से पूछा। राष्ट्रपति ने भाषण समाप्त करते हुए कहा तो, मैं यहां आने के लिए आप सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं।

### बाइडन दंपति को मोदी ने दिये अमूल्य उपहार, चांदी की ट्रेन, पश्मीना शॉल

**अमेरिका।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से जब उनके निजी निवास में मुलाकात के वक्त उन्हें भारत की ओर से अमूल्य उपहार भेंट किये तो वह एक व्यक्तिगत एवं भावुक क्षण बन गया। संभवत: मोदी की बाइडन से यह इस पद पर आखिरी द्विपक्षीय मुलाकात थी। बाइडन दंपति ने मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को हाथ से चांदी से उत्कीर्ण एक पुराना भाप इंजन से चलने वाली रेलगाड़ी का मॉडल उपहार में दिया। 92.5 प्रतिशत चांदी से बना यह मॉडल भारतीय धातु कलात्मकता के भव्यता को प्रदर्शित करता है। इसी प्रकार से प्रथम महिला जिल बाइडन के लिए पेपर मैशी बॉक्स में पैक एक पश्मीना शॉल भेंट किया गया।

### भारत-अमेरिका के बीच ड्रोन खरीद सौदे को लेकर सकारात्मक बातचीत

विलमिंगटन (अमेरिका)। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत द्वारा प्रमुख अमेरिकी रक्षा कंपनी 'जनरल एटॉमिक्स' से 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की खरीद को अंतिम रूप दिए जाने की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया। बाइडन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चीन की बढ़ती सैन्य ताकत को लेकर साझा चिंताओं के बीच रक्षा उपकरण की द्विपक्षीय पारस्परिक आपूर्ति को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने शनिवार दोपहर डेलावेयर के विलमिंगटन में स्थित अपने निजी आवास पर मोदी की मेजबानी की और दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय रक्षा व सैन्य भागीदारी को प्रगाढ़ बनाने के तरीकों समेत भारत-अमेरिका संबंधों के विभिन्न प्रमुख पहलुओं पर व्यापक चर्चा की। मोदी-बाइडन वार्ता को लेकर एक संयुक्त तथ्य-पत्र में कहा गया कि दोनों नेताओं ने अमेरिका-भारत रक्षा औद्योगिक सहयोग के तहत हुई उल्लेखनीय प्रगति का स्वागत किया, जिसमें जेट इंजन, युद्ध सामग्री और 'ग्राउंड मोबिलिटी सिस्टम' के लिए प्राथमिकता के आधार पर सह-उत्पादन व्यवस्था को आगे बढ़ाने के लिए जारी सहयोग शामिल हैं। इसमें कहा गया, राष्ट्रपति बाइडन ने भारत द्वारा 31 जनरल एटॉमिक्स एमक्यू-9बी ड्रोन और उनसे संबंधित उपकरणों की खरीद की दिशा में हुई प्रगति का स्वागत किया।

# पूर्वी ईरान की कोयला खदान में विस्फोट, 32 लोगों की मौत

- प्राधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल पर भेजा

तेहरान, एजेंसी

पूर्वी ईरान में एक कोयला खदान में मीथेन गैस लीक होने के कारण हुए विस्फोट में कम से कम 32 लोगों की मौत हो गयी और 17 अन्य लोग घायल हो गए। ईरान के सरकारी मीडिया ने अपनी एक खबर में रविवार को यह जानकारी दी। ऐसी आशंका है कि 18 अन्य श्रमिक खदान में फंसे हुए हैं।

एक खबर में कहा गया है कि राजधानी तेहरान से करीब 540 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में तबास में स्थित एक कोयला खदान में शनिवार देर रात यह दुर्घटना हुई। इसमें कहा गया है कि प्राधिकारियों ने आपात कर्मियों को घटनास्थल भेजा है। हादसे के वक्त खदान में करीब 70 लोग काम कर रहे थे। सरकारी टेलीविजन ने बाद में बताया कि जमीन से नीचे 700 मीटर की गहराई पर सुरंगों के भीतर 18 लोगों के फंसे होने की आशंका है। ईरान के नए सुधारवादी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने कहा कि उन्होंने खदान में फंसे लोगों को बचाने तथा उनके परिवारों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि विस्फोट की जांच शुरू कर दी गयी है। तेल उत्पादन करने वाला ईरान विभिन्न प्रकार की खनिज संपदा से भी समृद्ध है। ईरान हर साल करीब 35 लाख टन कोयले की खपत करता है लेकिन अपनी खदानों से प्रति वर्ष केवल 18 लाख टन कोयला ही उत्पादित करता है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर राहत कार्य में जुटे लोग।

### क्वाड बैठक फूट डालो राज करो की रणनीति पर केंद्रित : चीन मीडिया

**बीजिंग।** चीन की सरकारी मीडिया ने क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) पर बीजिंग और उसके पड़ोसियों के बीच मतभेद पैदा करने के लिए फूट डालो और राज करो की रणनीति अपनाने का रविवार को आरोप लगाया। चार सदस्यीय समूह के शिखर सम्मेलन में हिंद-प्रशांत साझेदारी का विस्तार करने का निर्णय लेने के एक दिन बाद यह आरोप लगाया गया। चीन की सरकारी मीडिया ने कहा कि इस सम्मेलन में चीन को नियंत्रित करने की रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया गया था। चीन के विदेश मंत्रालय ने हालांकि शिखर सम्मेलन पर अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन हांगकांग के साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी खबर में कहा कि किसी भी मायने में क्वाड शिखर सम्मेलन अपने 17 साल के इतिहास के दौरान चार देशों के ढांचे के लिए एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत है।

# हिज्बुल्ला ने 100 से अधिक रॉकेट दागे, युद्ध का खतरा बढ़ा

नाहरिया, एजेंसी

हिजबुल्ला ने उत्तरी इजराइल के बड़े क्षेत्र में शनिवार तड़के 100 से अधिक रॉकेट दागे, जिनमें से कुछ हाइफा शहर के पास गिरे। जवाब में इजराइल ने भी लेबनान पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए, जिससे दोनों पक्षों में महीने से जारी तनाव के पूर्ण युद्ध का रूप अख्तियार करने का खतरा बढ़ गया।

हिजबुल्ला के रॉकेट हमलों से उत्तरी इजराइल में हवाई आक्रमण के प्रति आगाह करने वाले सायरन बज उठे, जिसके बाद हजारों लोगों को बम रोधी शिविरों में शरण लेते हुए देखा गया। इजराइली सेना ने कहा कि रॉकेट "रिहायशी इलाकों की तरफ दागे गए", जिससे दोनों पक्षों में टकराव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, क्योंकि पूर्व में अधिकतर हमले सैन्य ठिकानों को निशाना बनाकर किए गए थे। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि सीमा के पास इजराइल के हवाई हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। इजराइल की बचाव सेवा एजेंसी मेगन डेविड एडोम ने बताया कि उसने छर्रे से घायल चार लोगों का इलाज किया, जिनमें 76 वर्षीय एक बुजुर्ग भी शामिल है, जो हाइफा के पास स्थित किर्याट बालिक में घायल हो गया था। किर्याट बालिक में कई इमारतों के क्षतिग्रस्त होने और वाहनों में आग लगने की खबर है। हालांकि, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कि इमारतों व वाहनों को क्षति हिजबुल्ला के रॉकेट के कारण हुआ या इजराइली विमान की वजह से।

### इजराइल ने 400 आतंकवादी ठिकानों को बनाया निशाना

इजराइली सेना ने कहा कि पिछले 24 घंटे में उसने दक्षिणी लेबनान में कई हवाई हमले किए, जिनके तहत रॉकेट प्रक्षेपण स्थल सहित लगभग 400 आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया गया। इजराइली सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नादव शोशानी ने दावा किया कि इन हमलों की मदद से (इजराइली क्षेत्र में) कई और हमलों की योजना को विफल कर दिया। शोशानी ने कहा उत्तरी इजराइल के अधिकांश हिस्से में रह रहे लाखों लोगों को हमले का सामना करना पड़ा। उन्होंने शनिवार की रात और रविवार की सुबह बम रोधी शिविरों में बिताई। इजराइल में इतनी गहराई में पहले कभी इतने बड़े पैमाने पर हमले नहीं हुए थे।

# फ्रांस में कई पुराने चेहरों के साथ नए मंत्रिमंडल की घोषणा

पेरिस, एजेंसी

फ्रांस में नए मंत्रिमंडल के गठन की घोषणा की गयी है जिसमें पिछली सरकार के कई मंत्रियों उनके पदों पर बरकरार रखा गया है। मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मई 2022 से देश के रक्षा मंत्री का कार्यभार संभाल रहे सेबेस्टियन लेकोर्नू अपने पद पर बने रहेंगे। राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन में संघर्ष और फ्रांस द्वारा उसे दी जाने वाली सहायता पर समझौतों के संदर्भ में रक्षा मंत्री को उनके पद पर बनाये रखा।न्याय मंत्री रचिदा दाती का पद भी बरकरार रखा गया है। यूरोपीय मामलों के पूर्व उप विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट को (41) विदेश मंत्री बनाकर पदोन्नत किया गया है। एग्नेस पैनियर-रुनाचर को उनके पद पर बनाये रखा गया है। वह पारिस्थितिक संक्रमण, ऊर्जा, जलवायु और जोखिम निवारण मंत्री हैं। सबसे प्रमुख नियुक्तियों में से रिपब्लिकन ब्रूनो रिटेलो (63) की नियुक्ति है। उन्हें आंतरिक मंत्रालय का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया।

### अनोखी रेस



मंगलुरु में एक प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं ने बच्चों को पीठ पर लादकर दौड़ लगाई।

# नेपाल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए योग का करेगा आयोजन

काठमांडू, एजेंसी

आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास में, होटल एसोसिएशन ऑफ नेपाल (एचएएन) पश्चिमी नेपाल के पोखरा में एक योग समागम का आयोजन करने जा रहा है, जहां दुनिया भर के जाने-माने योग उत्साही प्राचीन ज्ञान के सैद्धांतिक और व्यावहारिक पहलुओं का प्रशिक्षण लेंगे।

आयोजकों के अनुसार, पूर्णा योग केंद्र के सहयोग से इसका आयोजन 16 से 19 अक्टूबर के बीच किया जायेगा। उनके मुताबिक इस कार्यक्रम में पर्यटन केंद्र पोखरा में 100 से अधिक लोग हिस्सा लेंगे, जिनकी रुचि योग में है। आयोजकों ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन के दौरान शाकाहारी और जैविक भोजन परोसा जाएगा और भक्ति गीतों के साथ-साथ सुकून पहुंचाने वाला संगीत भी बजाया जाएगा। एचएएन के अध्यक्ष बिनायक शाह ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से नेपाल वैश्विक यात्रा बाजार में खुद को पसंदीदा योग और आध्यात्मिक स्थलों में से एक के रूप में स्थापित करना चाहता है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए यह कार्यक्रम हर साल आयोजित किया जाएगा।

# यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा रूस : मारिया

- रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता ने दी जानकारी

मास्को, एजेंसी

रूस यूक्रेन पर संभावित दूसरे शांति शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेगा। रूस के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संघर्ष को हल करने से संबंधित नहीं है। जखारोवा ने यह टिप्पणी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की नवंबर में दूसरे शांति शिखर सम्मेलन की योजना के जवाब में की।

जेलेंस्की ने सम्मेलन में रूसी प्रतिनिधियों को आमंत्रित करने का इरादा किया था। उन्होंने मंत्रालय की वेबसाइट पर कहा, रूसी प्रतिनिधियों ने तथाकथित बर्गनस्टॉक प्रक्रिया के तहत किसी भी बैठक में भाग नहीं लिया है और ऐसा करने की योजना नहीं है। इस प्रक्रिया का वास्तविक संघर्ष समाधान से कोई लेना-देना नहीं है। सम्मेलन का उद्देश्य संघर्ष को हल करने के एकमात्र आधार के रूप में अव्यवहारिक जेलेंस्की सूत्र को बढ़ावा देना, अंतर्राष्ट्रीय समर्थन प्राप्त करना और इसे रूस को आत्मसमर्पण के लिए अल्टीमेटम जारी करने के लिए मंच के रूप में उपयोग करना है।



### संरा बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के सुधार उपायों का समर्थन करेगा

**ढाका।** संयुक्त राष्ट्र, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा किए गए पुलिस और चुनाव सुधारों समेत कई सुधार उपायों में उसका समर्थन करेगा। विश्व निकाय के एक शीर्ष अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। समाचार पत्र द डेली स्टार की खबर के अनुसार बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख ग्विन लुईस ने यहां अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की और सुधार, भ्रष्टाचार, बाढ़, रोहिंग्या संकट और जुलाई-अगस्त में हुई हिंसा की संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली जांच समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। खबर के अनुसार लुईस ने अंतरिम सरकार द्वारा किए गए सुधार उपायों के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया और यूनुस को उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए धन्यवाद दिया।

श्रीलंका में चुनाव — दूसरे दौर की मतगणना के बाद निर्वाचन आयोग ने मार्क्सवादी नेता को विजेता घोषित किया

# अनुरा दिसानायके श्रीलंका के नए राष्ट्रपति बने

कोलंबो, एजेंसी

श्रीलंका के राष्ट्रपति चुनाव में रविवार को अभूतपूर्व दूसरे दौर की मतगणना के बाद निर्वाचन आयोग ने मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके को विजेता घोषित किया। मार्क्सवादी जनता विमुक्ति पेरामुना पार्टी के विस्तृत मोर्चे नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) के उम्मीदवार 56 वर्षीय दिसानायके ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी समागी जन बालवेगया (एसजेबी) के साजिथ प्रेमदासा को हराया है। निवर्तमान राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे अधिकतम मत पाने वाले शीर्ष दो में शामिल होने में विफल रहने के बाद पहले दौर में ही बाहर हो गए। एनपीपी ने बताया कि दिसानायके सोमवार को राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। इससे पूर्व निर्वाचन आयोग ने दूसरे दौर की गिनती का आदेश दिया था क्योंकि शनिवार को हुए चुनाव में किसी भी उम्मीदवार को विजेता घोषित करने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत से अधिक मत हासिल नहीं हुए थे। दिसानायके देश के नौवें राष्ट्रपति होंगे। श्रीलंका में कभी भी कोई चुनाव मतगणना के दूसरे दौर तक नहीं पहुंचा है, क्योंकि प्रथम वरीयता मतों के आधार पर हमेशा कोई उम्मीदवार विजेता बनता रहा है। श्रीलंका के इतिहास में यह पहली बार है जब राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए वरीयता वोटों की गिनती की जा रही है। वर्ष 1982 के बाद से पिछले सभी नौ राष्ट्रपति चुनावों के दौरान विजेता का फैसला पहली वरीयता वोट के आधार पर किया गया था।



श्रीलंका में चुनाव जीतने के बाद मार्क्सवादी नेता अनुरा कुमारा दिसानायके।

### सार्वजनिक जुलूसों पर प्रतिबंध लगाया गया

पुलिस ने चुनाव परिणामों के एक सप्ताह बाद तक सभी सार्वजनिक जुलूसों पर प्रतिबंध लगा दिया है, चाहे वे वाहन से हों या पैदल। श्रीलंका के मतदाता तीन उम्मीदवारों को वरीयता क्रम में रखकर विजेता का चुनाव करते हैं।